राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 164 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


## केदारनाथ हेलीकॉप्टर हादसे में तीन लोगों की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई।** उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग जिले के गौरीकुंड और त्रिजुगीनारायण के बीच रविवार को हुए हेलीकॉप्टर हादसे में महाराष्ट्र के एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें एक दो साल की बच्ची भी है। तीनों यवतमाल जिले के वणी के निवासी थे। इस घटना की खबर मिलते ही यवतमाल में शोक पसर गया है। इस हादसे में पायलट समेत कुल सात लोगों की मौत हुई है। जानकारी के अनुसार यवतमाल जिले के वणी में रहने वाले राजकुमार जायसवाल और उनकी पत्नी श्रद्धा अपनी दो साल की बच्ची काशी के साथ केदारनाथ जा रहे थे। आज सुबह करीब 5 :20 बजे श्री केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी जा रहा एक हेलीकॉप्टर गौरीकुंड के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलीकॉप्टर में पायलट समेत 6 यात्री (5 वयस्क और 1 बच्चा) सवार थे। हादसा इतना भयानक था कि शव पूरी तरह जली हुई अवस्था में मिले। इसकी जानकारी मिलते ही वणी क्षेत्र शोकसंतप्त हो गया है।

## आतंकी हमले के डेढ़ महीने बाद भी सूना पड़ा पहलगाम, 90% होटल बुकिंग रद्द, बाजार सुनसान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पहलगाम :** दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले को करीब डेढ़ महीना बीत चुका है, लेकिन घाटी की फिजा में अब भी सन्नाटा पसरा हुआ है। पहलगाम की सड़कों पर चहल-पहल नदारद है, होटल खाली पड़े हैं और दुकानों पर बैठे लोग किसी आने वाले सैलानी की राह तकते नजर आते हैं। हमले के बाद पर्यटकों के आगमन में 90 फीसदी तक गिरावट आई है और इसका सीधा असर स्थानीय पर्यटन व्यवसाय पर पड़ा है। पहलगाम पहुंचने पर रंगबिरंगे अक्षरों में सजे 'पहलगाम' बोर्ड के पास कुछ पर्यटक जरूर तस्वीरें खींचते दिख जाते हैं, लेकिन जैसे ही बाजार की ओर बढ़ते हैं, सुनसान सड़कें दिखती हैं।
स्थानीय दुकानदार सालिक मोहम्मद मायूस स्वर में कहते हैं कि क्या करें, यह हमारी बदकिस्मती है। आतंकियों ने जो दाग लगाया है, उसे मिटाने में न जाने कितना वक्त लगेगा।
हम विरोध में सड़कों पर भी उतरे, लेकिन विश्वास बहाली में वक्त



लगेगा। उन्होंने कहा कि यहां कुछ पर्यटक आ रहे हैं, लेकिन रात में बहुत कम रुक रहे हैं। दिन में करीब 100-200 लोग आते हैं, जिनमें कुछ स्थानीय भी होते हैं। स्थानीय लोग अपील कर रहे हैं कि पर्यटक कश्मीर आएं और इस मुश्किल घड़ी में साथ दें।
**पर्यटन पर टिका 20 हजार लोगों का भविष्य संकट में:** गुजरात से आए एक पर्यटक दल की सदस्य गीतिका कहती हैं कि मैं तीन साल पहले भी यहां आई थी, तब भीड़ उमड़ी रहती थी।
आज ऐसा लग रहा है मानो यह वो पहलगाम ही नहीं है। होटल भी लगभग खाली हैं, रेस्टोरेंट बंद पड़े हैं, लेकिन सुरक्षा को लेकर कोई डर नहीं लगा। लोगों को यहां आना चाहिए और कश्मीर के लोगों का साथ देना चाहिए।स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, पर्यटन पर निर्भर करीब 20 हजार लोगों की आजीविका पर गहरा असर पड़ा है। पहले जहां प्रतिदिन 15,000 तक पर्यटक आते थे, अब यह संख्या गिरकर 10 प्रतिशत पर सिमट गई है। होटल मालिक, टैक्सी चालक, घोड़ेवाले, एटीवी ऑपरेटर, दुकानदार सभी इस मंदी की मार झेल रहे हैं।

# पुणे में इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढहा, 32 लोग बचाए गए, दो की मौत

- हमें पक्का पता नहीं है, लेकिन संभवतः 20-25 लोग ढहे पुल के मलबे में फंसे हुए हैं।'
- कुछ लोग बह गए हैं, इसलिए उनकी तलाश युद्ध स्तर पर की जा रही है।

**टीम एक्शन इंडिया**
**पुणेः** महाराष्ट्र के पुणे जिले में बड़ा हादसा हो गया है। जानकारी के मुताबिक, पिंपरी-चिंचवड़ पुलिस स्टेशन के अंतर्गत कुंदामाला गांव के पास इंद्रायणी नदी पर बना एक पुल ढह गया है। इस हादसे में कई लोगों के फंसे होने की आशंका है, जबकि हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं छह लोगों को बचा लिया गया है।
**सीएम देवेंद्र फडणवीस की प्रतिक्रियाः** इंद्रायणी नदी पर पुल ढहने पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, 'मावल में पुल ढहने की घटना हुई है। मैंने डिविजनल कमिश्नर, तहसीलदार और पुलिस कमिश्नर से बात की है। कुछ लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। कुछ लोग फंसे भी हैं। NDRF की टीम वहां पहुंच रही है...पूरी जानकारी मिलने के बाद ही मैं इस बारे में जानकारी दूंगा। अभी प्रशासन लोगों को राहत पहुंचाने की पूरी कोशिश कर रहा है'।
**सीएम फडणवीस ने जताया दुखः** इस घटना को लेकर सीएम फडणवीस ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- पुणे जिले के इंदौरी में तलेगांव के पास इंद्रायणी नदी पर बने पुल के ढहने से हुए हादसे की खबर सुनकर मुझे गहरा दुख हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई है। मैं उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हम उनके परिवारों के दुख में शामिल हैं। इस घटना के संबंध में मैं संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और संबंधित तहसीलदार के लगातार संपर्क में हूं। चूंकि कुछ लोग बह गए हैं, इसलिए उनकी तलाश युद्ध स्तर पर की जा रही है। एनडीआरएफ को घटनास्थल पर तैनात किया गया है। राहत कार्यों में तत्काल तेजी लाई गई है। अब तक छह लोगों को सफलतापूर्वक बचाया गया है। सभी एजेंसियों को अलर्ट मोड पर रहने का आदेश दिया गया है। 32 लोग घायल हैं, जिनमें से छह की हालत गंभीर है। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संभागीय आयुक्त खुद घटना स्थल के लिए रवाना हो गए हैं।
**कुछ लोगों को बचाया गया-रेक्स्यू टीमः** वहीं बचाव अभियान चला रहे एक सदस्य ने बताया, 'बचाव अभियान जारी है। कुछ लोगों को बचा लिया गया है। हमें पक्का पता नहीं है, लेकिन संभवतः 20-25 लोग ढहे पुल के मलबे में फंसे हुए हैं।'



### दो दोस्तों को बचाकर नर्मदा नदी में डूबा कृष्णा, खोज जारी, एक की मौत

**ओमकारेश्वर :** खंडवा जिले की तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में रविवार का दिन एक बार फिर नर्मदा नदी में हुए हादसों के नाम रहा। अलग-अलग घाटों पर हुई दो घटनाओं में चार युवक नदी में डूब गए। स्थानीय नाविकों ने दो को बचा लिया, लेकिन एक युवक की मौत हो गई



और एक अब भी लापता है। जिसकी तलाश की जा रही है।
दोस्तों की जान बचाकर डूबा कृष्णा जानकारी के अनुसार, पहली घटना नर्मदा-कावेरी संगम घाट पर घटी, जहां महाराष्ट्र के मालेगांव (जिला नासिक) से आए कृष्णा पवार (32) अपने दो दोस्तों के साथ परिवार के सदस्य की अस्थियां विसर्जित करने पहुंचे थे।

### ईरान पर इजरायली हमलों की कांग्रेस ने की कड़ी निंदा


**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने भारत की आधिकारिक स्थिति से इतर इजरायल की ओर से ईरान की भूमि पर किए गए हालिया हमलों और लक्षित हत्याओं की तीव्र निंदा की है।
पार्टी के संचार महासचिव जय राम रमेश ने कहा कि यह हमला क्षेत्रीय अस्थिरता को बढ़ाएगा और वैश्विक शांति के लिए गंभीर खतरा है।
उन्होंने एक्स पर जारी बयान में कहा कि यह ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन है और ऐसी सैन्य कार्रवाइयां आगे के संघर्ष की जमीन तैयार करती हैं।



भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के अपमान के विरोध में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव का पुतला फूंका।

## भारत 2026 तक नक्सलवाद से पूरी तरह होगा मुक्तः अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि 11 राज्यों में फैला नक्सलवाद अब केवल तीन जिलों तक सीमित रह गया है और 31 मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा। आतंकवाद के खिलाफ भी मोदी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। पाकिस्तान के तीन आतंकी हमलों का प्रयास किया गया, लेकिन भारत ने हर बार मुंहतोड़ जवाब दिया और आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया। शाह ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना ने आतंकियों के मुख्यालयों को ध्वस्त कर दिया। केन्द्रीय गृह मंत्री रविवार को लखनऊ में वृंदावन योजना, सेक्टर 18 स्थित डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड पर आयोजित एक कार्यक्रम को



संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में 60,244 नवचयनित पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरित किये गये। अपने संबोधन में अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पारदर्शी और समावेशी भर्ती प्रक्रिया के लिए जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ सबसे सफल मुख्यमंत्री हैं। योगी के नेतृत्व में

**एक्शन**
- आतंकवाद के खिलाफ भी मोदी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। भारत ने हर बार मुंहतोड़ जवाब दिया

उत्तर प्रदेश पुलिस ने न केवल भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और योग्यता आधारित बनाया, बल्कि हर जाति, जिले और तहसील के युवाओं को अवसर प्रदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। शाह ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि इन नियुक्तियों में न खर्च, न पर्ची, न सिफारिश और न ही जाति के आधार पर कोई भेदभाव हुआ, बल्कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और योग्यता के आधार पर संपन्न हुई।

### यूपी के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में पांच की मौत, एक घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के शुकुल बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह एक एंबुलेंस आगे जा रही एक गाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में एंबुलेंस सवार पांच लोगों की मौत हो गई और एक घायल हुआ है।पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। शुकुल बाजार के थानाध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 59.7 किलोमीटर पर आज सुबह करीब 5:30 बजे पिकअप वाहन में पीछे से आई तेज रफ्तार एंबुलेंस घुस गई। इस हादसे में एंबुलेंस सवार छह लोगों में से चालक सहित पांच लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। मृतकों की पहचान सरफराज निवासी नालहर हरियाणा, आबिद पुत्र हामिद फिरोजपुर, हरियाणा, राजकुमार शर्मा उर्फ सतीश पुत्र अशोक शर्मा

## केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के केशकाल बाईपास को दी मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर।** केशकाल घाट खंड पर 307.96 करोड़ रुपये की लागत से 11.380 किमी. के 4-लेन बाईपास निर्माण अपग्रेड की स्वीकृति दी गई है। यह बाईपास पेव्ड शोल्डर मानक के अनुरूप होगा। इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को कहा कि यह बाईपास केशकाल घाट खंड में यातायात बाधाओं को दूर कर सुगम, सुरक्षित व निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करेगा। साथ ही कहा कि इस कदम से प्रदेशवासियों विशेषकर बस्तर अंचल की जनता ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार में तेजी से बस्तर अंचल का विकास हो रहा है। यह स्वीकृति केंद्र और राज्य सरकार की समन्वित विकास नीति का परिणाम है, जो बस्तर जैसे जनजातीय अंचल को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक और ठोस

## ब्रिटिश नौसेना के लड़ाकू विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** ब्रिटिश नौसेना के लड़ाकू विमान एफ-35 ने शनिवार रात ईंधन कम होने के कारण तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग की है। भारतीय वायु सेना ने उड़ान सुरक्षा कारणों से तत्काल सहायता पहुंचाई और आगे भी सभी मदद दी जा रही है।
विमान रविवार को भी तिरुवनंतपुरम में ही है, इसलिए वायु सेना सभी एजेंसियों के साथ समन्वय कर रही है।
विमान में ईंधन भरने की प्रक्रिया



शुरू करने के लिए केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने का इंतजार है।
भारतीय वायु सेना के अधिकारी ने बताया कि यूके नौसेना के एफ-35 लड़ाकू विमान ने इस क्षेत्र में संचालित एक ब्रिटिश विमानवाहक पोत से उड़ान भरी और रात करीब 9.30 बजे तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतरा।
जेट की सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करने के लिए हवाई अड्डे के अधिकारियों ने आपातकाल का ऐलान किया था। पायलट ने ईंधन कम होने की सूचना दी और उतरने की अनुमति मांगी। ईंधन कम होने के कारण तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग की। इसके बाद सब कुछ जल्दी और पेशेवर तरीके से संभाला गया।

- विमान में ईंधन भरने की प्रक्रिया शुरू करने के लिएकेंद्र सरकार से मंजूरी मिलने का इंतजार

## कुरूक्षेत्र की पावन धरा पर योग मैराथन बनी संकल्प यात्राःसैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश को योग युक्त, नशा मुक्त बनाने के लिए गीता स्थली कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर योग मैराथन एक संकल्प यात्रा बनी है। इस संकल्प यात्रा में हजारों युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने जोश और खरोस के साथ दौड़ लगाकर एक नए आयाम को स्थापित किया है।
इस सरकार ने भी संकल्प लेकर राष्ट्र की संपत्ति युवा वर्ग को नशे से बचाने के लिए योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा बनाने रूपी कर्म को ठाना है। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र में 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम से पहले चलाए गए अभियान में अब तक प्रदेश के 19.27 लाख से अधिक लोग जुड़ चुके हैं, जो हमारे लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को ब्रह्मसरोवर के दक्षिण गेट पर हरियाणा खेल विभाग, आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग व जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय योग मैराथन को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा और महानिदेशक श्री संजीव वर्मा ने राज्य स्तरीय योग मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वयं योग मैराथन के धावकों पर पुष्प वर्षा भी की।
उन्होंने इस मैराथन में महिलाओं और पुरुष वर्ग के विजेता 20 धावकों को पुरस्कार के रूप में 3 लाख 46 हजार रुपये के नकद पुरस्कार भी वितरित किये। इस योग मैराथन में प्रथम आने वाले गौरव और सोनीपत की मोनिका को 51 हजार रुपये देकर सम्मानित किया।

**तकनीक**

*भारत के पास भी बैलिस्टिक मिसाइलों की शानदार तकनीक है। अग्नि 3 की मारक क्षमता 3200 किलोमीटर*

## बैलिस्टिक मिसाइलें बनाने की होड़, रूस का नहीं है कोई मुकाबला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** ईरान और इजरायल के बीच शुरू हुआ ताजा संघर्ष के बाद से दुनिया एक बार फिर युद्ध के दोराहे पर आकर खड़ी हो गई है। ईरान ने इजरायल पर 40 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं, जिन्हें इजरयल के एंटी डोम सिस्टम ने तबाह कर दिया।
वैसे तो दुनिया के 31 देश अपने पास बैलिस्टिक मिसाइल होने का दावा करते हैं, लेकिन भारत, चीन, अमेरिका और रूस जैसे कुछ ही देशों के पास ऐसी अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलें यानी आईसीबीएम हैं।
**रूस के पास सबसे खतरनाक**



**मिसाइलः** आईसीबीएम मतलब वो मिसाइलें, जिनकी मारक क्षमता 5500 किलोमीटर से ज्यादा है। इस रेंज में एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप में स्थित किसी देश को निशाना बनाया जा सकता है। हालिया संघर्ष ने एक बार फिर बैलिस्टिक मिसाइलों को लेकर नए सिरे से बहस छेड़ दी है। इस वक्त रूस के पास दुनिया की सबसे खतरनाक और लंबी रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल है। इसे आरएस-20वी कहते हैं। इसी का दूसरा नाम एसएस-18 है। इसकी रेंज 10,200 से 16000 किलोमीटर है।

**विकसित भारत**
- रूसी मिसाइल की रेंज 16000 किमी
- भारत के पास अग्नि 5 बैलिस्टिक मिसाइल

**चीन और अमेरिका में टक्करः** रूस के बाद चीन और अमेरिका के पास दुनिया की दूसरी सबसे लंबी रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल मौजूद है। चीन के डीएफ-5ए है, जो पहली पीढ़ी के सिलो-बेस्ड, लिक्विड फ्यूल्ड आईसीबीएम डीएफ-5 का ही अपग्रेडेड वर्जन है। इसकी रेंज करीब 13000 किलोमीटर है। अमेरिका भी पीछे नहीं है। अमेरिका के पास मिनटमैन-3 बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसकी रेंज 9650 से 13000 किलोमीटर है। इजरायल के पास जेरिको-3 है, जो अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल है। इसकी रेंज 4800 से 6500 किलोमीटर है।
**भारत के पास भी बेहतरीन मिसाइलेंः** भारत के पास भी बैलिस्टिक मिसाइलों की शानदार तकनीक है। भारत की अग्नि सीरीज की मिसाइलें इसका उदाहरण हैं। अग्नि 3 की मारक क्षमता 3200 किलोमीटर।

## जन सुराज पार्टी बिहार की सभी 243 सीटों पर लड़ेगी चुनाव : प्रशांत

**पटना।** बिहार बदलाव यात्रा पर निकले जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने आज मुजफ्फरपुर में कहा कि उनकी पार्टी बिहार की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसमें से 90 प्रतिशत ऐसे उम्मीदवार होंगे जिन्होंने कभी चुनाव नहीं लड़ा है। उन्होंने राहुल गांधी को चुनौती देते हुए कहा कि अगर कांग्रेस में दम है, तो वह बिहार में अकेले चुनाव लड़कर दिखाएं। पत्रकार वार्ता में प्रशांत किशोर ने कहा कि उनकी पार्टी केवल उन्हीं लोगों को उम्मीदवार बनाएगी जो किसी राजनीतिक दल से पहले नहीं जुड़े रहे हों।

# नीट यूजी परीक्षा के मनन ने हासिल की ऑल इंडिया रैंक 636

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल), देश की अग्रणी परीक्षा-पूर्व तैयारी संस्था, ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी) 2025 में अपने छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धियों की घोषणा की है। संस्थान में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एकेडमिक हैड मेडिकल पूजा वर्मा ने बताया कि कुरुक्षेत्र केंद्र से 30 छात्रों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए शीर्ष रैंक प्राप्त की है। यह उपलब्धि छात्रों की कठोर परिश्रम, अनुशासित अध्ययन पद्धति और एईएसएल द्वारा प्रदत्त उच्चस्तरीय



शिक्षण एवं मार्गदर्शन का प्रतिफल है। एकेडमिक हैड इंजीनियरिंग हिमांशु पारिक व ब्रांच मैनेजर राजीव ने बताया कि इस वर्ष, कुरुक्षेत्र के मनन ने ऑल इंडिया रैंक 636 प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। अन्य प्रमुख रैंक धारकों में अलीश सैनी ऑल इंडिया रैंक 1194, काम्या गांधी ऑल इंडिया रैंक 2684, मोहित चौहान ऑल इंडिया रैंक 2693, पारस बेनीवाल ऑल इंडिया रैंक 2830, ऋतिक ऑल इंडिया रैंक 2866 और भूपेश ऑल इंडिया रैंक 3587 शामिल हैं। सीनियर फकैल्टी मनोज भट्ट ने बताया कि ये सभी छात्र एईएसएल के क्लासरूम कार्यक्रम से संबद्ध थे, जिसे विशेष रूप से नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की चुनौतीपूर्ण परीक्षा के अनुरूप तैयार किया गया है। वहीं छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय संस्था द्वारा दी गई सुदृढ़ शैक्षणिक नींव, अवधारणात्मक स्पष्टता और नियमित अध्ययन अनुशासन को दिया है। संस्थान के रीजनल डायरेक्टर डॉ. सुरेन्द्र चौहान ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हमारे छात्रों ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि समर्पित परिश्रम, सटीक मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास से असंभव को भी संभव किया जा सकता है। हम सभी छात्रों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। गौरतलब है कि नीट यूजी परीक्षा प्रति वर्ष नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित की जाती है। यह परीक्षा भारत में मेडिकल (एमबीबीएस), डेंटल (बीडीएस) तथा आयुष (बीएएमएस, बीयूएमएस, बीएचएमएस आदि) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अनिवार्य है, साथ ही यह विदेशों में प्राथमिक चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों के लिए भी मान्य है।

## न्यूज फ्लैश

### नूंह की मौसी भतीजी ने एक साथ पाई सफलता



**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** हरियाणा के नूंह जिले में पहली बार सैयद समाज की दो बेटियों ने ठएएळ वऋ2025 की परीक्षा पास की है। खास बात यह है दोनों आपस में मौसीझ्रभतीजी हैं। सिक्योरिटी ब्रांच में कार्यरत असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन की बेटी जैनब (21) हुसैन ने 720 अंक में से 551 नंबर लिए उनकी आल इंडिया रैंक 11 हजार के आसपास है और ओबीसी रेंक करीब 5 हजार के आसपास है और उसकी मौसी सादिया ने 720 अंक में से 537 नंबर प्राप्त किए हैं। उसकी आल इंडिया रैंक 19530 है तो ओबीसी रैंक 5724 है। दोनों का किसी अच्छे सरकारी संस्थान में दाखिला अच्छी रैंक की वजह से आसानी से होता हुआ दिखाई पड़ रहा है। मौसी और भतीजी ने मॉड्यूल्स अलवर संस्थान से पढ़ाई करते हुए चौथे प्रयास में यह कामयाबी हासिल की। मौसी 22 साल की है तो भतीजी 21 साल की है। दोनों मौसी - भतीजी की एक साथ पढ़ाई ने अल्वी समाज में इतिहास रच दिया है। वह पहली डॉक्टर अल्वी समाज की नूंह जिले में होंगी। अल्वी समाज में भारी खुशी है। मिठाई खिलाकर तथा फूलों के हार पहनाकर भावी डॉक्टरों का हौंसला बढ़ाया जा रहा है। जैनब समाजसेवा की वजह से डॉक्टर बनी है और इस विभाग में वह गरीबों की सेवा करनी चाहती है। उन्होंने अपनी कामयाबी के पीछे माता - पिता और स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा है तो साबरा बेगम माता ने कहा कि जैनब के दादा - दादी मरहूम की दुआओं और सादिया के माता - पिता की दुआओं और सहयोग से ही यह संभव हो पाया।

### पुराना बस अड्डा ग्राउंड में फन फेयर मेले की हुई शुरूआत



**जींद : ( संजय कुमार)** पुराना बस अड्डा ग्राउंड में सिंगापुर कार्निवल मेले की शुरूआत नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने सपरिवार शिरकत की और सभी ने रिबन काट कर मेले की शुरूआत की। उनके साथ पत्नी सीमा भोला, ऊषा नारंग, अर्षिति, रितेन, कार्तिक मौजूद रहे। यहां शहर के लोगों के लिए मेले में कई तरह के स्टॉल, झूले लगाए गए हैं। इस बार इस मेले की खासियत यह है कि मेले की थीम सिंगापुर शहर पर है। इसके साथ ही लोगों को जागरूकता करने के लिए भी मेले में कई तरह के आइटम पेश किए जा रहे हैं।

# कला छात्रों को मिलेगी 1.5 लाख की छात्रवृत्ति



**गुहार**

**कला के माध्यम से समाज को जोड़ रही है सोसाइटी: डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद : ( संजय कुमार)** ह्यसोल एंड स्पिरिट आर्ट सोसाइटीह्व निरंतर कला और सामाजिक क्षेत्र में जागरूकता और सृजनात्मकता के लिए कार्यरत है। इसी क्रम में वर्ष 2025-26 के लिए सोसाइटी ने कला महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों के लिए कौशल श्री सम्मान की घोषणा की है। इस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर श्री कृष्ण मिड्ढा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ह्लजींद नगर के लिए यह गौरव का विषय है कि यह संस्था न केवल कला के माध्यम से समाज को जागृत कर रही है, बल्कि अन्य सामाजिक गतिविधियों में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है। यह कार्य अखिल भारतीय स्तर पर सराहनीय है। इस वर्ष ब्रह्मलीन डॉ. हरिचंद मिड्ढा की पुण्य स्मृति में प्रतिष्ठित चित्रकारों – राजा रवि वर्मा, अमृता शेरगिल, एस.एम. पंडित – आदि के नाम पर कुल 1.5 लाख की छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाएंगी। समिति के अध्यक्ष श्री दीपक कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि ह्लहमारी संस्था हर वर्ष कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को छात्रवृत्तियाँ प्रदान करती है। इससे पूर्व भी विभिन्न राज्यों में हम यह सुविधा दे चुके हैं। साथ ही, चित्रकला प्रतियोगिताएँ, कला विषयक विचार गोष्ठियाँ और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं।

इस अवसर पर मोहित बब्बर, सुमित कुमार, मूर्तिकार प्रदीप, नरेंद्र कुमार, नवीन मरीचि, राजू शर्मा, विकास रोहिल्ला, इंद्रजीत वशिष्ठ सहित अनेक कला प्रेमी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पोल से टकराया रेत से भरा डंपर, हादसे में बाल-बाल बचा चालक

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री/(मैनपाल कश्यप )** बीती सुबह गढ़ी बीरबल में एक रेत से भरा डंपर बिजली के पोल से टकरा गया। इस टक्कर से बिजली का खंभा पूरी तरह से टूट गया। जिसके चलते यहां आसपास के गांव की बिजली गुल हो गई। इस हादसे में डंपर चालक बाल बाल बच गया। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि हादसे के समय वे लोग अपनी दुकान में बैठे हुए थे तभी उन्होंने देखा कि एक डंपर अचानक से यहां बिजली के पोल से टकरा गया जिसके कारण लोगों में अफरा तफरी मच गई। हालांकि अच्छी बात यह रही की इस हादसे के कारण कोई जान माल



का नुकसान नहीं हुआ। पूरी सड़क पर खंभा टूटने के कारण बिजली की तारे गिर गई थी लेकिन सौभाग्य से उनकी चपेट में कोई नहीं आया। डंपर चालक का कहना था कि वह यमुनानगर से करनाल की तरफ जा रहा था तभी अचानक से गढी बीरबल आते ही डंपर से उसका नियंत्रण खो गया जिसके चलते डंपर खंभे

**दुर्घटना**

**स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि हादसे के समय वे लोग अपनी दुकान में बैठे हुए थे**

से टकरा गया। वहीं बिजली विभाग के कर्मचारियों ने दो-तीन घटे की मशक्कत के बाद नया खंभा लगाकर बिजली सप्लाई चालू कर थी। गढ़ी बीरबल पावर हाउस के एसडीओ वेद प्रकाश गुप्ता का कहना था कि डंपर चालक पर खंभा टूटने से जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई के लिए जुर्माना लगा दिया है।

## लाठी व डंडों से हमला कर युवक की हत्या

**हिसार।** सदर क्षेत्र के गांव हिंदवान में बीती रात तेजधार हथियारों व डंडों से वार करके एक युवक की हत्या कर दी। लगभग 33 वर्षीय मृतक नवीन का रविवार को नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस मामले की जांच में लगी है लेकिन अभी तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। मिली जानकारी के अनुसार हिंदवान गांव में शनिवार देर सायं कुछ लोगों ने तेज धारदार हथियारों व डंडों से हमला करके नवीन नामक युवक की हत्या कर दी। हमलावरों ने बीच बचाव करने आई उसकी मां सावित्री और ताऊ राजबीर को भी घायल कर दिया। परिजनों ने बताया कि नवीन बी.टेक था।

# अवैध खान का कार्य करने वालों पर लगाया 2 लाख 15 हजार का जुर्माना

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**जिले** में अवैध रूप से खनन का करने वाले माफिया को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने बताया कि अवैध खनन का कार्य करने वालों के खिलाफ पूरी सख्ती बरती जा रही है। जहां पर भी अवैध खनन की संभावनाएं नजर आती है तुरंत कार्रवाई के लिए पुलिस विभाग और खनन विभाग की टीम पहुंच जाती है व आवश्यक कार्रवाई करती है।

उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने बताया कि रात्रि के वक्त पुलिस विभाग की टीम को सूचना मिली की राणा माजरा गांव के पास अवैध रूप से मिट्टी का ट्रैक्टर ट्राली भरकर लाया जा रहा है।

**कार्रवाई**

**कार्रवाई के लिए पुलिस विभाग और खनन विभाग की टीम पहुंच जाती है व आवश्यक कार्रवाई करती है**

पुलिस ने मौके पर ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लिया व विभाग की टीम द्वारा इसे कार्यवाही करते हुए चीज कर दिया गया।

उपायुक्त ने कहा की अवैध रूप से खनन का कार्य करने वाले स्वयं को व समाज को नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसी अवैध माफिया के खिलाफ प्रशासन अभियान चलाए हुए हैं। विभाग की टीमों को और सख्ती वरतनी चाहिए। जांच के और प्रयास करनी चाहिए तभी जाकर जिले में अवैध खनन का कार्य करने वालों पर शिकंजा कसेगा।

जिला खनन अधिकारी निरंजन ने बताया कि राणा माजरा गांव के पास अवैध रूप से खनन करने वाले के खिलाफ 2 लाख 15 हजार का जुमार्ना किया गया है व ट्रैक्टर को सीज कर दिया गया है। जिला खनन अधिकारी ने बताया कि जिले में अवैध खनन का कार्य करने वालों की खिलाफ जहां भी संभावना होती है टीम वहां पहुंचकर एक्शन लेती है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग की व खनन विभाग की टीम संयुक्त रूप से अवैध खनन का कार्य करने वालों पर शिकंजा कर रही है।

इस कार्य को अंजाम देने में सब इंस्पेक्टर संदीप के अलावा नरेश, अनिल और सिकंदर की अहम भूमिका रही।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **प्रिंस उर्फ रोहित पुत्रः मोती लाल कनोजा, पताः** मकान नं 10, गली नं. चाणक्या प्लेस, उत्तम नगर, दिल्ली, **e-FIR No. 38606/2023, U/s 411 IPC,** थानाः मंगोल पुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रिंस उर्फ रोहित** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रिंस उर्फ रोहित** फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **e-FIR No. 38606/2023, U/s 411 IPC,** थानाः मंगोल पुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **प्रिंस उर्फ रोहित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री रीतिका जैन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05**
**कमरा नं. 105, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/7584/OD/2025
(Court Matter)

# नशा मुक्त अभियान को लेकर फील्ड में उतरे एसपी नूंह

**अभियान**

**ए सी कमरे को छोड़कर अब उन्होंने गांव - गांव जाकर लोगों को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली) :** नशा मुक्ति अभियान को लेकर पुलिस कप्तान राजेश कुमार अब फील्ड में उतर चुके हैं। भीषण गर्मी के बावजूद ए सी कमरे को छोड़कर अब उन्होंने गांव - गांव जाकर लोगों को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है। इसकी शुरूआत आज नूंह विधानसभा के गांव खेड़ली दौसा से की गई है। इस दौरान लोगों को नशा त्यागने को लेकर शपथ भी दिलाई गई। खास बात यह रही कि खेड़ली



दौसा तथा हिरमथला गांव को नशा मुक्त करने का प्रशंसा पत्र भी पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के द्वारा दिया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने खेड़ली दौसा गांव के सरपंच अंतराम खटाना एवं अन्य ग्रामीणों का नशा मुक्त अभियान के तहत कार्यक्रम करने पर आभार जताया और भविष्य में भी सहयोग मांगा। दरअसल पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने नशे को गंभीरता से लिया है। उन्होंने न केवल जिला नशा मुक्ति टीम का गठन किया है बल्कि पुलिस विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों - कर्मचारियों की भी टीम गठित की है।

ताकि नशे के खिलाफ मजबूती से मुहिम छेड़ी जा सके। इसके लिए टीम गांव - गांव जाकर पूरी सूची तैयार कर रही है तथा लोगों को नशे के प्रति जागरूक करने का काम कर रही है।


## एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**
**संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश**
**9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## सूचना

खण्ड राई जिला सोनीपत की ग्राम पंचायत मल्ला माजरा में एक सफाई कर्मचारी नियुक्त किया जाना है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति उक्त पद पर नियुक्ति के लिए ग्राम पंचायत मल्ला माजरा के पास अपना आवेदन दिनांक 18 जून से 24 जून तक ग्राम सचिवालय में आवेदन जमा करवा सकते है। आवेदन करता शारीरिक व मानसिक रूप से सक्षम और दसवीं पास होना चाहिए।

**सरपंच**
**सुमन**
**ग्राम**
**पंचायत मल्ला माजरा**
**खण्ड-राई। मोबाइल -9813220880**

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री ने पंजाब की आआपा सरकार और केजरीवाल पर हमला किया

स्पीकर ने दिल्ली विधानसभा की नियमावली में बदलाव की घोषणा की

**हमला किया**

अरविंद केजरीवाल पर भ्रष्टाचार, नशाखोरी और महिला सम्मान निधि योजना को लेकर हमला किया



**मुख्यमंत्री ने फादर्स डे पर पिता को किया नमन, बोलीं उन्होंने ने मुझे सेवा-पथ पर किया अग्रसर**

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने फादर्स डे पर अपने पिता को याद करते हुए नमन किया। मुख्यमंत्री ने रविवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि पिता ने न केवल मुझे जीवन दिया, बल्कि आत्मनिर्भर बनने की राह दिखाई, हर निर्णय में मेरा संबल बने और अपने आशीर्वाद से मुझे सेवा-पथ पर अग्रसर किया। उनके मूल्य, संस्कार और नि:स्वार्थ प्रेम मेरे जीवन की नींव हैं। आज जो कुछ भी हूं और जो कुछ भी कर पा रही हूं- वह सब उनके आशीर्वाद, समर्थन और जीवनदृष्टि का प्रतिफल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अवसर पर मैं उन सभी पिताओं को भी नमन करती हूं, जो अपने परिवारों की मजबूती, सुरक्षा और स्नेह के अदृश्य स्तंभ होते हैं। उनकी निस्वार्थ सेवा, परिश्रम, अनुशासन और स्नेह ही परिवार की असली संपत्ति होते हैं। उन्होंने कहा कि पिता सिर्फ एक रिश्ता नहीं, वह जीवन के मूल्यों का आधार हैं- जो हमें जीने की ताकत, सोचने की दिशा और आगे बढ़ने का संकल्प देते हैं।

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को पंजाब के लुधियाना में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी (आआपा) की सरकार और पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर भ्रष्टाचार, नशाखोरी और महिला सम्मान निधि योजना को लेकर हमला किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पंजाब की महिलाओं को महिला सम्मान निधि योजना के तहत 1,000 रुपये देने का वादा किया गया था, लेकिन अब साढ़े तीन साल हो गए हैं। पंजाब की आआपा सरकार ने एक भी रुपया क्या दिया है? इसका जवाब केजरीवाल देंगे। उन्होंने केजरीवाल पर तंज करते हुए कहा कि दिल्ली की जनता उनकी नीतियों से थोड़ी से नाराज क्या हुई। केजरीवाल यहां आकर बैठे है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि लोग नशाखोरी और नकली शराब से मर रहे हैं लेकिन आआपा सरकार और केजरीवाल क्या कर रहे हैं? उन्होंने आआपा पर बिल्डर माफियाओं के साथ मिलकर गरीब किसानों की जमीन हथियाने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल पंजाब की सरकार को खोखला कर रहे हैं, जो सरकार पंजाब के लोगों के हित में काम करती। वह सरकार आज केजरीवाल की गलत नीतियों की वजह से चार लाख करोड़ के कर्ज तले दबा गई है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ युद्ध का तीन सालों पर क्या हुआ? केजरीवाल को इसका जवाब देना होगा। वीआईपी कल्चर को खत्म करने का वादा करने वाले केजरीवाल यहां पंजाब की जनता के पैसे से बड़े-बड़े गाड़ियों के काफिले से घूम रहे हैं। आखिर केजरीवाल सरकार के कैबिनेट के मंत्री आज पंजाब में क्यों बैठे हैं। मुख्यमंत्री ने केजरीवाल से पंजाब के किसानों को एमआरपी के वादे पर तीखे सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि आआपा का पंजाब के किसानों को एमआरपी के वादे का तीन सालों में क्या हुआ।

# बारिश में ढाबे पर गिरा पेड़, करंट लगने से दो युवकों की मौत

**हादसा**

बिजली का तार टूटने के कारण ढाबे में करंट आने से ढाबे के दो कर्मचारियों की करंट लगने से मौत हो गई



टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। तड़के आए आंधी-तूफान में आरके पुरम सेक्टर-1 स्थित विवेकानंद मार्ग पर भारी बारिश के कारण एक पेड़ ढाबे पर गिर गया है। इस दौरान बिजली का तार टूटने के कारण ढाबे में करंट आने से ढाबे के दो कर्मचारियों की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विवेकानंद मार्ग पर एमसीडी के खोखे में सुनील ढाबा चलाते हैं, ने बताया कि उनके दो कर्मचारी रविंद्र (30) और भारत (25), दोनों मधुबनी बिहार के निवासी थे। वे रोज की तरह खोखे के बाहर सो रहे थे। रात में तेज बारिश और आंधी के कारण पेड़ गिरा जिससे पास से गुजरती बिजली की तार टूट गई और करंट फैल गया। दोनों कर्मचारी उसकी चपेट में आ गए। दमकल विभाग और बीएसईएस की टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों को रेस्क्यू किया। घायलों को एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फॉरेंसिक टीम और बीएसईएस निरीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उधर, रविवार तड़के आंधी और तूफान के दौरान सफदरजंग एंक्लेव B2 ब्लॉक के पास लगा एक मोबाइल टावर गिर गया। इस दौरान बिजली के दो खंबे भी टावर की चपेट में आकर टूट गए। स्थानीय निवासियों के अनुसार टावर करीब 1 महीने पहले लगा था और उसका यहां पर काफी विरोध भी हुआ था। अगर टावर कॉलोनी की तरफ गिरता है।

## सफदरजंग एन्क्लेव में आंधी में सौ फीट का मोबाइल टावर गिरा, आआपा ने साधा निशाना



नई दिल्ली। दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव में रविवार तड़के चार बजे तेज आंधी से 100 फीट ऊंचा मोबाइल टावर सड़क पर गिर गया। हादसे के समय सड़क पर कोई मौजूद नहीं रहा, जिससे बड़ा हादसा टल गया। आम आदमी पार्टी (आआपा) के पूर्व विधायक सोमनाथ भारती ने एक्स पर पोस्ट करते हुए घटना को लेकर सरकार और प्रशासन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मोबाइल टावर को स्थानीय लोगों के विरोध के बावजूद यहां लगाया गया था। सोमनाथ भारती ने कहा कि स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस, सांसद, विधायक और दिल्ली नगर निगम से बार-बार गुहार लगाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। लोगों को यह बोलकर गुमराह किया गया कि हाई-मास्ट स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही है, लेकिन इसके बजाय मोबाइल टावर लगाया गया।

## दुकान से चुरा ले गया फोन

नई दिल्ली। उत्तरी जिले की सदर बाजार पुलिस टीम की टीम ने एक ऐसे आरोपित को गिरफ्तार किया है, जिसने पत्नी को ईद के मौके पर आईफोन गिफ्ट करने के लिए एक दुकान से मोबाइल चोरी किया था। गिरफ्तार आरोपित की पहचान मोहम्मद जावेद आलम के रूप में हुई है। पुलिस ने इसके पास से आइफोन बरामद कर लिया है। उत्तरी जिला उपायुक्त राजा बांठिया के मुताबिक, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सहदेव सिंह तोमर की देखरेख में गठित टीम ने सिंघारा चौक पर वाहनों की जांच के दौरान, एक व्यक्ति को देखा, जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहा था, पुलिस ने इसे काबू कर लिया।

# पुलिस हिरासत से फरार आरोपित गिरफ्तार

**लूटपाट**

डीसीपी हेमंत तिवारी ने बताया कि अमर कॉलोनी थाना पुलिस ने 11 जून को लूट का मामला दर्ज किया



टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। दक्षिण पूर्वी जिले की स्पेशल स्टाफ टीम ने पुलिस हिरासत से फरार आरोपित मेहरबान को एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। दक्षिण पूर्वी जिला डीसीपी हेमंत तिवारी ने बताया कि अमर कॉलोनी थाना पुलिस ने 11 जून को लूट का मामला दर्ज किया था। जिसमें तीन अज्ञात बदमाशों ने नवीन गिरी नामक युवक से 1000 लूट लिए थे। एक नाबालिग को मौके पर ही पकड़ लिया गया था, जिसने अपने दो साथियों मेहरबान और शिवम (दोनों निवासी ओखला मंडी) के नाम उजागर किए थे। डीसीपी के अनुसार 12 जून को मेहरबान को एक बटनदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया था और उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। 13 जून को लूट के मामले में एक दिन की पुलिस रिमांड पर लाया गया। लेकिन उसी दिन थाना अमर कॉलोनी की लॉकअप से वह बिजली गुल होने के दौरान पांच अन्य आरोपितों के साथ निकलते समय चकमा देकर फरार हो गया। इस संबंध पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू की। डीसीपी के अनुसार मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तुरंत विशेष अभियान चलाया जिसमें सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय लोगों से पूछताछ और मुखबिरों की मदद से सुराग इकट्ठा किए गए।

## घर से भागीं दो नाबालिग लड़कियों को पुलिस ने खोजा

**खोज निकाला**

घर से लापता हो गई थीं। दोनों लड़कियों की उम्र 13 वर्ष है और वे खानपुर व नेब सराय की रहने वाली हैं

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच की टीम ने दो नाबालिग लड़कियों को खोजकर परिवार से मिलवाया है। दोनों बीते दिनों अपने घर से लापता हो गई थीं। दोनों लड़कियों की उम्र 13 वर्ष है और वे खानपुर व नेब सराय की रहने वाली हैं। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने रविवार को बताया कि इस संबंध में 10 जून थाना नेब सराय में बच्चियों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए बच्चियों की तलाश शुरू की। 12 जून को महिला कांस्टेबल रेनू को एक अहम सुराग मिला। जिसके आधार पर टीम ने दिल्ली के मदनगीर इलाके में अभियान चलाया। टीम की मुस्तैदी के चलते दोनों बच्चियों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। पूछताछ में लड़कियों ने बताया कि वे फिल्मी दुनिया की चकाचौंध से प्रेरित होकर मुंबई जाने की योजना बना रही थीं। ताकि वे अभिनय के क्षेत्र में अपना करियर बना सकें। क्राइम ब्रांच ने दोनों बच्चियों को स्थानीय पुलिस को सौंप दिया है।

# दिल्ली पुलिस ने किया ई-रिक्शा चोर गिरोह का भंडाफोड़

**कुख्यात काबू**

दिल्ली पुलिस ने ई-रिक्शा चोर गिरोह का पर्दाफाश किया

16 चोरी की ई-रिक्शा और एक मोटरसाइकिल बरामद



टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। उत्तरी जिले के बुराड़ी थाने की टीम ने ई-रिक्शा चोरी करने वाले दो कुख्यात वाहन चोरों और एक रिसीवर को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान किराड़ी सुलेमान नगर के वीरपाल और पीरागढ़ी के भिखारी लवकुश और नांगलोई के रिसीवर ओमप्रकाश उर्फ ओम्मी के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से चोरी की 16 ई-रिक्शा और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी रिसीवर ओमप्रकाश पश्चिम विहार थाने का हिस्ट्रीशीटर है, जो पहले भी झपटमारी, चोट पहुंचाने, चोरी और आर्म्स एक्ट के मामलों में शामिल रहा है। डिप्टी कमिश्नर राजा बांठिया के मुताबिक, बुराड़ी थाने में 7, 10 और 16 मई को ई-रिक्शा चोरी की तीन वारदातें दर्ज हुई थीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच के लिए तीन टीमें गठित कीं। सीसीटीवी कैमरों की जांच में पता चला कि आरोपी वारदात करने के लिए बाइक पर आते थे। सीसीटीवी कैमरों की मदद से उनके रूट का पता लगाया गया, जिसमें पता चला कि वे चोरी की ई-रिक्शा निहाल विहार में रिसीवर को सौंप देते थे। इसके बाद 12 जून की मध्य रात्रि में मुखबिर ने सूचना दी कि चोरों ने स्वरूप नगर के कादीपुर में चोरी का ई-रिक्शा छिपा रखा है और वे उसे रिसीवर को सौंपने जा रहे हैं। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची, जहां पुश्ता रोड पर दो संदिग्ध ई-रिक्शा खींचते नजर आए। मुखबिर की सूचना पर वीरपाल और लवकुश को पकड़कर ई-रिक्शा जब्त कर लिया गया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे चोरी का ई-रिक्शा ओमप्रकाश को बेचते थे।

## नए कनेक्शन के नाम पर ठग लिए साढ़े चार लाख रुपये




**साइबर लूट**

दिल्ली में जल बोर्ड के नाम पर ठगी

साढ़े चार लाख रुपये की साइबर लूट

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। साइबर ठगों ने एक व्यक्ति को जल बोर्ड से पुराने पानी के बिल माफ करवाने और नया जल कनेक्शन दिलवाने के नाम पर साढ़े चार लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित मनोज शर्मा की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित मनोज परिवार के साथ पालम में रहते हैं और नोएडा स्थित जेनपैक्ट कंपनी में कार्यरत हैं। पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने बताया कि शनिवार को उन्हें एक अनजान नंबर से काल आई, जिसमें अज्ञात ने खुद को जल बोर्ड का अधिकारी बताया और उनसे पुराने बिल जमा करने को कहा।

**पुराने बिल माफकर नया कनेक्शन देने की बात कही:** जालसाज ने पीड़ित से बिल जमा न करने पर कनेक्शन कटने की धमकी भी दी। इसके थोड़ी देर बाद ही उन्हें एक अलग नंबर से काल आई, जिसमें उसने भी खुद को जल बोर्ड का अधिकारी बताया और उनसे पुराने बिल माफकर नया कनेक्शन देने की बात कही। जालसाज ने पीड़ित से ऐप डाउनलोड कराया, जिसमें क्रेडिट कार्ड की जानकारी साझा करने को कहा गया।

**क्रेडिट कार्ड की जानकारी ऐप में साझा कर दी:** झांसे में आकर पीड़ित ने ऐप में अपने दोनों क्रेडिट कार्ड की जानकारी ऐप में साझा कर दी, जिसके बाद जालसाजों ने उनके फोन का एक्सेस ले लिया और बारी-बारी से उनके अकाउंट से कुल साढ़े चार रुपये ट्रांसफर कर लिए, जिसके बाद पीड़ित को ठगी का पता चला और उन्होंने तुरंत 1930 पर काल की और नजदीकी साइबर थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस पीड़ित की शिकायत पर मामले की जांच में जुटी है।

# हाईकोर्ट ने गाजीपुर पार्किंग विवाद में की एफआईआर रद्द



**फैसला**

गाजीपुर पार्किंग विवाद में हाई कोर्ट का फैसला

समझौते के बाद एफआईआर रद्द, जुर्माना

दिल्ली हाई कोर्ट एडवोकेट वेलफेयर फंड में जमा

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने गाजीपुर में पार्किंग विवाद को लेकर मारपीट के मामले में पांच हजार का जुर्माना लगाते हुए एफआईआर रद्द कर दी। न्यायमूर्ति रवींद्र डुडेजा की पीठ ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच समझौता हो चुका है और वे मामले को आगे नहीं बढ़ाना चाहते। ऐसे में 28 जनवरी 2023 को गाजीपुर थाने में दर्ज एफआईआर को बरकरार रखने से कोई लाभ नहीं होगा। कोर्ट ने कहा कि उक्त एफआईआर रद्द की जाती है और इसके लिए याचिकाकर्ता दिल्ली हाई कोर्ट एडवोकेट वेलफेयर फंड में पांच हजार रुपये जमा कराएं। आरोपी शराफत अली अंसारी व अन्य ने याचिका दायर कर कहा कि जनवरी 2023 में 27 अक्टूबर 2023 को दो पक्षों के बीच पार्किंग को लेकर विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने दूसरे पक्ष पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शिकायतकर्ता की शिकायत पर गाजीपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई। बहरहाल, 11 मार्च 2025 को दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया और आरोपी ने प्रतिवादी को 50 हजार का भुगतान कर दिया है। इसके बाद आरोपी ने मामले में एफआईआर रद्द करने की मांग को लेकर याचिका दायर की। समझौते के आधार पर अभियोजन पक्ष ने एफआईआर रद्द करने पर कोई आपत्ति नहीं जताई। उपरोक्त तथ्यों के मद्देनजर एफआईआर रद्द करने का आदेश देकर मामले का निपटारा कर दिया गया।

## दिल्ली एयरपोर्ट का एक रनवे बंद, 3 उड़ानें कैंसिल

**आवाजाही बंद**

यदि विलंबित उड़ानों के समय का औसत निकालें तो यह प्रति उड़ान करीब 20 मिनट का है।

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। अपग्रेडेशन से जुड़े काम के लिए इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआई एयरपोर्ट) का एक रनवे रविवार से यातायात के लिए पूरी तरह बंद कर दिया गया है। इस रनवे के बंद होने का विमानों की आवाजाही पर असर पहले दिन से ही दिखने लगा है। मध्य रात्रि के बाद से प्रस्थान से जुड़ी अधिकांश उड़ानें विलंबित हैं।

प्रस्थान की दो तिहाई उड़ानें विलंबित हैं। यदि विलंबित उड़ानों के समय का औसत निकालें तो यह प्रति उड़ान करीब 20 मिनट का है। जो काफी अधिक है। आगमन पर भी असर है, लेकिन यहां प्रस्थान के मुकाबले कम असर नजर आ रहा है। आगमन से जुड़ी 20 प्रतिशत उड़ानें विलंबित हैं। आगमन में औसत विलंब करीब पांच मिनट का है।

**यूरोप की उड़ानें में देरी जारी :** एअर इंडिया की यूरोप जाने वाली उड़ानों की स्थिति देखें तो इसमें विलंब का सिलसिला जारी है।

# पोस्टमार्टम के लिए कब्र खोदकर निकाला बच्चे का शव



टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। अलीपुर के जस्ट चिल वाटर पार्क में शुक्रवार को साल के बच्चे असद की डूबने से मौत हो गई थी। परिवार व वाटर पार्क प्रबंधन ने पुलिस को सूचना नहीं दी। परिवार ने बच्चे को मुस्तफाबाद के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया। शनिवार आधी रात को पुलिस ने कब्र खोदकर बच्चे का शव निकाला और रविवार को उसका पोस्टमार्टम करवाया। इसके बाद शव को स्वजन को सौंपा और परिवार ने फिर से बच्चे को दफनाया।

**जन्म के साथ ही खराब थी बच्चे की किडनी**

बच्चे के परिवार में पिता सलमान, मां रुखसार, एक छोटा भाई व बहन है। असद एक निजी स्कूल में एलकेजी कक्षा में पढ़ता था। पिता पेशे से चालक हैं। सलमान ने बताया कि असद के जन्म से ही किडनी खराब थी। सात बार उसका आपरेशन हो चुका था। उनकी पत्नी दो बच्चों को लेकर लोनी अपने मायके गई हुई थी। सलमान ने बड़े भाई यामीन अपने परिवार व बहन के परिवार को लेकर जस्ट चल वाटर पार्क गए थे। उनके साथ असद भी गया था। सलमान का आरोप है कि पूल में कोई तैराक नहीं था। किसी तरह का कोई प्रबंध नहीं था। परिवार ने बच्चे को बाहर निकाला। पार्क प्रबंधन पुलिस से बचने के लिए बच्चे को सोनीपत के एक निजी अस्पताल लेकर गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा पुलिस को इसलिए नहीं बताया कि पता चल गया तो बच्चे का पोस्टमार्टम होगा।

# 'दोषी ठहराए जाने से पहले लंबे कारावास को सजा नहीं बनने दिया जाना चाहिए'




**टिप्पणी**

हाई कोर्ट ने ट्यूशन छात्रा हत्याकांड में दी जमानत

लंबी कैद बिना सुनवाई सजा नहीं कोर्ट

सीडीआर और फोरेंसिक सबूतों पर अभियोजन का जोर

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। ट्यूशन पढ़ने आने वाली युवती की हत्या करने के मामले में पांच साल से अधिक समय से जेल में बंद आरोपित को राहत देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। आरोपित को जमानत देते हुए न्यायमूर्ति रवींद्र डुडेजा की पीठ ने कहा कि अपराध के लिए दोषी ठहराए जाने से पहले लंबे समय तक कारावास को बिना सुनवाई के सजा नहीं बनने दिया जाना चाहिए। लंबी कैद का ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता आरोपित को जमानत देने से इन्कार करना आरोपित को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार से वंचित करना होगा। अदालत ने नोट किया कि मामले में गवाह बनाए गए कुल 32 लोगों में से अब तक सिर्फ 12 लोगों का परीक्षण हुआ है, ऐसे में मामले में जल्द निष्कर्ष आने की संभावना नहीं है।

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जमानत देने के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का भी अदालत ने हवाला दिया। इसमें शीर्ष अदालत ने इस बात पर जोर दिया था कि त्वरित सुनवाई का अधिकार और स्वतंत्रता का अधिकार महत्वपूर्ण अधिकार हैं और इसलिए जमानत देते समय अदालतों को इन कारकों को उचित महत्व देना चाहिए। अदालत ने कहा कि आरोपित सात अक्टूबर 2019 से न्यायिक हिरासत में और इस दौरान उसे दी गई अंतरिम जमानत का उसने दुरुपयोग भी नहीं है। अदालत ने कहा कि आरोपित के न तो भागने की संभावना है और न ही सबूतों के छेड़छाड़ की कोई संभावना है। याचिकाकर्ता ने यह तर्क देते हुए जमानज की मांग की कि वह पहले ही पांच साल न्यायिक हिरासत में बिता चुका है और उसके पास से कोई भी आपत्तिजनक सामग्री या हत्या का हथियार बरामद नहीं हुआ है। आरोपित ने तर्क दिया कि मामले से जुड़ा कोई सीसीटीवी फुटेज नहीं है और न ही काल रिकार्ड विश्वसनीय है।

**जमानत पाने का हमदार नहीं आरोपित: पुलिस**

अभियोजन पक्ष ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए तर्क दिया कि सीडीआर से पता चलता है कि याचिकाकर्ता मृतका की मौत से पहले लगातार उसके संपर्क में था और अपराध के दौरान सह-आरोपित से भी बातचीत कर रहा था। जानकारी पर मृतका के सामान और अपराध में इस्तेमाल हथियार जाफराबाद मेट्रो स्टेशन के पास से बरामद किया गया था। अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया कि फोरेंसिक के नतीजों के अनुसार याचिकाकर्ता के घर की तीसरी मंजिल से उठाए गए मिट्टी के नमूनों में गंदे नाले, करावल नगर से बरामद जूट की बोरी के समान रेशे पाए गए हैं।

# रेवाड़ी को मिला विकास का बड़ा तोहफा, सीएम ने खोला घोषणाओं का पिटारा

## गांव डूंगरवास में पीने के पानी के लिए बूस्टिंग स्टेशन, नई पाइन लाइन के लिए 7 करोड़ 20 लाख रुपये और गांव गोकुलपुर में वॉटर वर्क्स के निर्माण के लिए 5 करोड़ 6 लाख रुपये की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने रेवाड़ीवासियों को विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए घोषणाओं का पिटारा खोला। उन्होंने रेवाड़ी की पानी की आपूर्ति के लिए भगवानपुर में 9 एकड़ 7 कनाल भूमि में अतिरिक्त वाटर स्टोरेज टैंक के निर्माण के लिए 50 करोड़ 58 लाख रुपये की घोषणा की। इसके अलावा, गांव डूंगरवास में पीने के पानी के लिए बूस्टिंग स्टेशन और नई पाइन लाइन बिछाने के लिए 7 करोड़ 20 लाख रुपये की घोषणा की। साथ ही, गांव गोकुलपुर में वॉटर वर्क्स के निर्माण और नई पाइप लाइन बिछाने के लिए 5 करोड़ 6 लाख रुपये की घोषणा की। मुख्यमंत्री आज रेवाड़ी में आयोजित धन्यवाद रैली को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने रेवाड़ी में 288 करोड़ 31 लाख रुपये लागत की 15 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 193 करोड़ 94 लाख रुपये की लागत की 8 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 94 करोड़ 37 लाख रुपये लागत की 7 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि रेवाड़ी में भूमि उपलब्ध होने पर एक बड़ी लाइब्रेरी बनाई जाएगी। साथ ही, रेवाड़ी में मार्केट कमेटी के भवन के लिए भी 4 करोड़ 39 लाख रुपये की घोषणा की। इसके अलावा, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की पांच सड़कों के नवीनीकरण के लिए मुख्यमंत्री ने 4 करोड़ 20 लाख रुपये की घोषणा की। इसी विभाग की 37.32 किलोमीटर की 18 सड़कों को संबंधित एजेंसी के माध्यम से ठीक करवाया जाएगा। इसके अलावा, रेवाड़ी में 18.48 किलोमीटर की 12 अन्य सड़कों की स्पेशल रिपेयर के लिए 3 करोड़ 36 लाख रुपये, 37.59 किलोमीटर की 25 सड़कों के नवीनीकरण के लिए 26 करोड़ 84 लाख रुपये की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेवाड़ी विधानसभा में पीडबल्यूडी की 90.99 किलोमीटर की 51 सड़कों की संबंधित एजेंसी के माध्यम से मरम्मत करवाई जाएगी। रेवाड़ी में 10.95 किलोमीटर की पांच सड़कों का निर्माण कार्य जल्द आरंभ हो जाएगा। इसके अलावा, रेवाड़ी शहर में सीवरेज की नई लाइन बिछाई जाएगी। उन्होंने कहा कि







कर्नल राम सिंह चौक के पास फ्लाई ओवर की फिजिबिलिटी चेक करवाकर इसका निर्माण करवाया जाएगा। इसके अलावा, भूमि उपलब्ध होने पर जिला नागरिक अस्पताल से ट्रामा सेंटर को नई जगह शिफ्ट किया जाएगा। धारूहेड़ा के अर्बन हेल्थ सेंटर को अपग्रेड कर पीएचसी बनाया जाएगा। नगर परिषद रेवाड़ी के नए भवन कार्यालय का निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजकीय मॉडल संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक काकोडिया के भवन का निर्माण भूमि की उपलब्धता होने पर किया जाएगा। रेवाड़ी में जमीन उपलब्ध होने पर उपमंडल कृषि अधिकारी के कार्यालय भवन का निर्माण किया जाएगा। राजकीय महाविद्यालय बॉयज के भवन का भी निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैसानी बैराज में जो फैक्ट्रियों का दूषित पानी आता है, उसके समाधान के लिए सरकार ने एक व्यापक योजना बनाई है। इसके तहत, इस क्षेत्र में एसटीपी लगाए जाएंगे और पानी को शुद्ध करके बैराज में छोड़ा जाएगा और उस पानी को कृषि के लिए उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने रेवाड़ी विधानसभा के गांवों के विकास कार्यों को लेकर अलग से 5 करोड़ रुपये की घोषणा की।

**हरियाणा की जनता ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार की राजनीति को नकार कर विकास और राष्ट्रवाद की नीति पर लगाई मुहर**

रेवाड़ी को वीरों और सैनिकों की धरती बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहाँ के जवान सरहदों पर देश की रक्षा कर रहे हैं, ताकि हम सब अपने घरों में सुरक्षित रह सकें। उन्होंने जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि लोगों ने कुछ महीने पहले ही डबल इंजन की सरकार तो बनाई ही, साथ ही उसमें ट्रिपल इंजन जोड़ने का काम किया। अब प्रदेश में तीन गुना ज्यादा गति से काम हो रहे हैं। हरियाणा की जनता ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार की राजनीति को नकार कर विकास और राष्ट्रवाद की नीति पर मुहर लगाने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाण सरकार किसी एक जाति, एक वर्ग या एक परिवार की नहीं, बल्कि हरियाणा के 2.80 करोड़ लोगों की सरकार है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र पर चलते हुए हर हरयाणवी के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक सरकार ने रेवाडी विधानसभा क्षेत्र में 1,916 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्य करवाए हैं। पिछले 10 वर्षों में रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र के लिए हमने कुल 69 घोषणाएं की हैं। इनमें से 61 घोषणाएं पूरी हो चुकी हैं तथा 4 पर काम जारी है। उन्होंने विश्वास दिलाते हुए कहा कि रेवाड़ी का विकास अब दोगुणी नहीं, बल्कि तिगुणी रफ्तार से होगा। पिछले 10 वर्षों में रेवाड़ी जिले के लिए कुल 305 घोषणाएं की गई हैं। इनमें से 167 घोषणाएं पूरी हो चुकी हैं तथा 18 पर काम जारी है।

### विकास पर बल

- रेवाड़ी में पानी की आपूर्ति के लिए भगवानपुर में अतिरिक्त वाटर स्टोरेज टैंक के निर्माण के लिए 50 करोड़ 58 लाख रुपये की घोषणा
- रेवाड़ी में बनेगी बड़ी लाइब्रेरी, सड़कों की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए लगभग 35 करोड़ रुपये की घोषणा
- हरियाणा के संतुलित विकास के संकल्प को लेकर हरियाणा सरकार प्रतिबद्धता के साथ कर रही काम – नायब सिंह सैनी

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रेवाड़ी से विशेष लगाव**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का इस इलाके से विशेष लगाव है। उन्होंने प्रधानमंत्री बनने से पहले 15 सितम्बर, 2013 को इसी वीर भूमि पर भूतपूर्व सैनिकों की रैली को सम्बोधित किया था। इसी के साथ उन्होंने चुनाव अभियान की शुरूआत की थी। उस रैली में उन्होंने 'वन रैंक वन पैंशन' का वायदा किया था, जिसे उन्होंने पूरा किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में हमने एक ऐसे भारत का उदय देखा है, जो अपनी प्राचीन विरासत पर गर्व करता है, वर्तमान की चुनौतियों का डटकर सामना करता है और भविष्य के लिए महत्वाकांक्षी सपने संजोता है। वर्ष 2014 से पहले देश में आतंकवाद को लेकर भय का वातावरण था, परंतु प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व पर आतंकवाद पर गहरी चोट की गई और जब जब भी पाकिस्तान ने हमारी भूमि के ऊपर आ कर किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने का काम किया।

## गुरुग्राम के बाद रेवाड़ी को बनाना है अगला विकास केंद्र

**धन्यवाद** रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि आने वाले वर्षों में रेवाड़ी जिला रोजगार सृजन के क्षेत्र में गुरुग्राम की तर्ज पर एक सशक्त और अग्रणी केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि गुड़गांव, जो एक समय छोटी नगरपालिका थी, आज हरियाणा का आर्थिक केंद्र बन गया है। रेवाड़ी को भी गुरुग्राम की तर्ज पर औद्योगिक और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में विकसित किया जाए ताकि युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार और प्रगति के अवसर मिल सकें। रेवाड़ी अगला प्रमुख विकास केंद्र बन सकता है, बशर्ते यहाँ सही और समयबद्ध निवेश तथा योजनाएं लागू की जाएं। उन्होंने कहा कि रेवाड़ी क्षेत्र ने हरियाणा में भाजपा नेतृत्व वाली सरकार को तीसरी बार सत्ता में लाने में अहम भूमिका निभाई है। जनता को मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व पर पूरा विश्वास है और उम्मीद है कि पिछले दस वर्षों में जो विकास कार्य हुए हैं, वे भविष्य में और तेज गति से आगे बढ़ेंगे। जलभराव और गंदे पानी की समस्या का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मैसानी बैराज में राजस्थान सीमा से आ रहे औद्योगिक अपशिष्ट जल के कारण स्थानीय पर्यावरण और भूजल स्रोत प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने आग्रह किया कि इस गंदे पानी की निकासी और शुद्धिकरण के लिए प्रभावी योजना तैयार की जाए।

## 'संकल्प से सिद्धि' के 11 साल: हर वर्ग का उत्थान: शर्मा

**सहकारिता** एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास की नई ऊँचाइयाँ छू रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी प्रदेश की 36 बिरादरी के सच्चे प्रतिनिधि हैं, जो बिना भेदभाव के समाज के हर वर्ग के उत्थान और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र की देशभक्ति, बलिदान और स्वतंत्रता संग्राम में भागीदारी को याद करते हुए कहा कि यह क्षेत्र हमेशा देश की सेवा में अग्रणी रहा है। उन्होंने आज 288 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। डॉ. अरविंद शर्मा ने "संकल्प से सिद्धि" के 11 वर्षों में सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि "संकल्प से सिद्धि" के पथ पर चलते हुए केंद्र और हरियाणा सरकार ने विकास के ऐसे ऐतिहासिक कार्य किए हैं, जिससे किसान, खेतिहर मजदूर, गरीब, दलित, पिछड़ा वर्ग, ओबीसी, कर्मचारी, व्यापारी, हर वर्ग का उत्थान हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएँ बनीं और उन पर प्रभावी अमल हुआ है। महिलाओं, बुजुर्गों, स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों के परिवारों और खिलाड़ियों के लिए भी विशेष योजनाएं बनाई गईं।यह समावेशी विकास ही सरकार की सबसे बड़ी विशेषता है, जो सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के सिद्धांत को साकार करती है।

## मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व में सरकार जन-सेवी, ईमानदार और पारदर्शी शासन की मिसाल बन चुकी - विधायक

**रेवाड़ी** से विधायक श्री लक्ष्मण सिंह यादव ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री न केवल अहीरवाल, बल्कि समस्त हरियाणा प्रदेश के लिए 24 घंटे जन सेवा में समर्पित रहते हैं। रेवाड़ी की वीर भूमि का चप्पा-चप्पा आज "अतिथि देवो भव" की भावना से मुख्यमंत्री का अभिनंदन कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने चुनाव से पहले जो वादे किए थे, उनमें से प्रमुख था 26,000 युवाओं को सरकारी नौकरियाँ देन, जो उन्होंने पूरा किया। आज हरियाणा देश का एकमात्र राज्य है जहां सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित की गई है। ये सब निर्णय किसानों, युवाओं और गरीबों के जीवन को सशक्त बनाने की दिशा में क्रांतिकारी कदम हैं।

# संत कबीर की वाणी में भगवान के प्रति श्रद्धा: मेयर

### संदेश

- आपसी भाईचारे, प्यार, प्रेम का सन्देश देते हुए मानव को जीवन जीने की राह और गुरु के बिना भगवान ना मिलने का वर्णन अपने दोहों के माध्यम से किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत।** संत कबीर की वाणी में भगवान के प्रति श्रद्धा, आपसी भाईचारे, प्यार, प्रेम का सन्देश देते हुए मानव को जीवन जीने की राह और गुरु के बिना भगवान ना मिलने का वर्णन अपने दोहों के माध्यम से किया।

उक्त विचार नगर निगम मेयर राजीव जैन ने बस अड्डे के निकट संत कबीर के प्रकटोत्स्व पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद जनसमूह को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होने संत कबीर भवन में लगभग 70 लाख रुपए की लागत से पहली मंजिल पर हॉल का निर्माण एवं लाइब्रेरी बनाने की घोषणा की। कार्यकर्मों में राजीव जैन का पगड़ी शॉल एवं माला से भव्य स्वागत किया गया और समाज की प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। राजीव जैन ने कबीरपुर में आयोजित कार्यक्रम में भी पहुंचकर कहा कि संत कबीर के दोहे आज के युग में भी प्रासंगिक है और पूरी दुनिया उनके संदेशों को आत्मसात करके अमल कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने संत कबीर समेत सभी महापुरुषों की जयंती सरकारी स्तर पर मनाकर नई सामाजिक पहल की है। कार्यकर्मों में भाजपा के वरिष्ठ नेता रविंद्र दिलावर, पार्षद सुरेंद्र नैय्यर, पवन सोलंकी, नकिन मेहरा, रमेश रंगीला, नवाब सिंह, अशोक बागड़ी, चांदनी, बलराज बामनिया, मुकेश बामनिया, पवन बागड़ी, कृष्ण प्रधान, सत्यवान मेहरा, सतबीर निर्माण सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# हरियाणा में मत्स्य पालन की तरफ तेजी से बढ़ रहा रुझान: श्याम

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण तथा मत्स्य मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि हरियाणा में लोगों का मत्स्य पालन की तरफ रुझान तेजी से बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में खारे पानी वाली राज्य की करीब 5900 एकड़ भूमि को झींगा और मत्स्य पालन के लिए उपयोग में लाया जा रहा है जबकि वर्ष 2014-15 में मात्र 70 एकड़ में मछली पालन होता था। श्री राणा मध्यप्रदेश के इंदौर में हुए "अंतदेर्शीय मात्स्यिकी और जल कृषि सम्मलेन 2025" में सम्बोधित कर रहे थे। इस सम्मलेन में कमिश्नर श्रीमती अमनीत पी. कुमार, मत्स्य विभाग के निदेशक श्रीपाल राठी, जिला मत्स्य अधिकारी सिरसा श्री जगदीश चन्द्र एवं जिला सिरसा के दो झींगा उत्पादक मत्स्य किसान गुरप्रीत सिंह एवं माया देवी ने भाग लिया। मत्स्य पालन मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा कृषि के साथ-साथ मत्स्य पालन के क्षेत्र में भी तेजी से उभरता हुआ राज्य बन गया है। मत्स्य पालन प्रदेश में न केवल रोजगार का साधन बन रहा है, बल्कि किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी बड़ी भूमिका निभा रहा है। हरियाणा देश के इनलैंड (भूमि से घिरे) राज्यों में मछली उत्पादन के मामले में प्रति हेक्टेयर दूसरे स्थान पर है।

# इंग्लैंड के साथ मिलकर मनाया जाएगा गीता जयंती



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस बार इंग्लैंड के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव को मनाया जाएगा। हर वर्ष अलग-अलग देश में अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस बार गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज इंग्लैंड में इसी विषय पर चर्चा के लिए गए हैं। हर बार अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में अलग देश को शामिल किया जाता है। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पर राष्ट्रीय गीता जयंती कार्यक्रम में लाखों की संख्या में पहुंचते हैं। इस पवित्र ग्रंथ गीता को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाने के लिए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के प्रयासों को भुलाया नहीं जा सकता है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को ब्रह्मसरोवर पर हरियाणा खेल विभाग, आयुष विभाग व जिला प्रशासन के तत्वाधान में ब्रह्मसरोवर पर आयोजित राज्य स्तरीय योग मैराथन के ऐतिहासिक और सफल आयोजन के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब की जनता पहले कांग्रेस से तंग थी और अब आम आदमी पार्टी से महातंग हो चुकी है। इन दोनों सरकारों से तंग होने के बाद जनता ने अब पंजाब में भी कमल खिलाने का मन बना लिया है, क्योंकि दोनों की पार्टियों ने पंजाब की जनता को सिर्फ सजगबाग दिखाए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों ने केवल खुद के विकास के लिए काम किया है। उन्होंने जनता के बारे में कुछ करना तो दूर उनके बारे में अच्छा सोचा तक नहीं है। मुख्यमंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के राज की कानून व्यवस्था को भलीभांति जानती हैं।

अब प्रदेश में कानून व्यवस्था सुधीर है। जहां भी कानून व्यवस्था का उल्लंघन होता है, वहां पर पुलिस जांच करके आरोपी के खिलाफ सख्त एक्शन लेती है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर शोक प्रकट करते हुए प्रार्थना की कि भगवान दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में जगह दे। उन्होंने कहा कि घटना कब घट जाए, यह इंसान के बस की बात नहीं है।

# पंचायतों को मिलेगा अब स्टाम्प ड्यूटी का सीधा लाभ: कृष्ण लाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाते हुए स्टाम्प ड्यूटी से प्राप्त कुल राजस्व का एक प्रतिशत पंचायती राज संस्थाओं को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय राज्य की पंचायत व्यवस्था के मद्देनजर ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद को वित्तीय रूप से मजबूत बनाकर, उन्हें अपने स्तर पर विकास कार्यों के संचालन में और अधिक स्वायत्तता देगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण भारत के सपनों को साकार करने के लिए ठोस रणनीति पर कार्य कर रही है, और यह निर्णय उसी दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि इस स्टाम्प ड्यूटी में से ग्राम पंचायत को 0.5 प्रतिशत, पंचायत समिति को 0.25 प्रतिशत और जिला परिषद को 0.25 प्रतिशत हस्तांनातरित किया जाएगा।

# हरियाणा ने मातृ मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी हासिल की है : आरती सिंह राव

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कुमारी आरती सिंह राव के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग ने मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। भारत में मातृ मृत्यु दर पर नवीनतम नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) विशेष बुलेटिन (2020-22) के अनुसार, राज्य में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) 106 (2019-21) से घटकर 89 पर आ गई है, जो 17 अंकों का उल्लेखनीय सुधार है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। मातृ मृत्यु दर में कमी का अर्थ है कि राज्य भर में समर्पित चिकित्सा और स्वास्थ्य कर्मचारियों के ठोस प्रयासों के कारण इस अवधि के दौरान लगभग 300 और माताओं की जान बचाई गई। स्वास्थ्य विभाग मातृ मृत्यु दर को और कम करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका अंतिम लक्ष्य सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) को प्राप्त करना है, जो प्रति 100,000 जीवित जन्मों पर 70 से कम मातृ मृत्यु दर है। उन्होंने कहा कि मातृ स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता और पहुंच बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण उपाय शुरू किए गए हैं। सभी सरकारी प्रसव केंद्रों का आधुनिकीकरण किया गया है और अब वे सुरक्षित और सम्मानजनक प्रसव अनुभव सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दवाओं, उपकरणों और रसद से पूरी तरह सुसज्जित हैं। सी-सेक्शन करने में सक्षम नामित प्रथम रेफरल इकाइयों (एफआरयू) की संख्या बढ़कर 87 हो गई है, जिससे समय पर आपातकालीन प्रसूति देखभाल सुनिश्चित हो रही है। इसके अलावा, एचआरपी मार्गदर्शन नोट के माध्यम से उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की व्यवस्थित पहचान और प्रबंधन किया जा रहा है।

सुरक्षित जननी माह (एसजेएम), उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की जांच और सहायता के लिए एक मासिक अभियान चलाया जा रहा है।

# मंडियों में पिट रही किसान की मक्का, आंखें बंद कर बैठी बीजेपी: हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि एकबार फिर मंडियों में किसान की मक्का पिट रही है और सत्ताधारी बीजेपी आंखें बंद करे बैठी है। कुरुक्षेत्र, अंबाला, करनाल, कैथल और आसपास के क्षेत्रों की मंडियों में मक्की की आवक जोरो पर है। लेकिन किसानों को 2400 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी की बजाए सिर्फ 1000 से 1400 रुपये का ही रेट मिल रहा है। पूरी तरह सूख चुकी फसल का रेट भी ज्यादा से ज्यादा 1800 रुपये ही मिल रहा है। हुड्डा ने कहा है कि बीजेपी सरकार सत्ता में आने के बाद से न सिर्फ मक्की, बल्कि धान, गेहूं समेत तमाम फसलों की एमएसपी के लिए किसान तरस रहे हैं। इस सरकार ने तो बाकायदा कानून लाकर एमएसपी को खत्म करने की भी प्लानिंग कर ली थी। लेकिन किसान आंदोलन के चलते उसे कानून वापिस लेने पड़े। लेकिन अब सरकार अप्रत्यक्ष तरीके से अपने मंसूबों को अंजाम दे रही है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि सरकार द्वारा लगातार किसानों पर दबाव बनाया जाता है कि धान छोड़कर मक्का की खेती करो। इसके लिए हर साल प्रोत्साहन राशि का भी ऐलान किया जाता है। लेकिन हर बार किसानों को धोखा ही हाथ लगता है। ना उन्हें प्रोत्साहन राशि मिल पाती है और ना ही एमएसपी। बीजेपी ने चुनावों से पहले वादा किया था कि सत्ता में आते ही धान को 3100 रुपये प्रति क्विंटल के रेट पर खरीदेंगे। बहकावे में आकर काफी किसानों ने बीजेपी वोट की। लेकिन सत्ता हथियाते ही उसने अपना रूप दिखाना शुरू कर दिया। 3100 रुपये तो क्या, किसानों को एमएसपी तक नहीं दी गई। हुड्डा ने बताया कि बीजेपी सरकार की नीतियों के कारण किसानों को लागत से भी कम दाम पर अपनी फसल बेचनी पड़ती है।

# सरल पोर्टल बना युवाओं के अधिकारों में बाधा, सरकार तुरंत समाधान करे: सैलजा

## उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में दिवंगत यात्रियों और पायलट को दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार का बहुचर्चित सरल पोर्टल अब युवाओं के लिए सुविधा नहीं, बल्कि संकट का कारण बनता जा रहा है। सरकार द्वारा 31 मार्च 2025 के बाद बने प्रमाण पत्रों को ही वैध मानने की शर्त पहले से बने वैध दस्तावेजों को अस्वीकार करने जैसा अन्याय है। इससे हजारों पात्र युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया है। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि हजारों युवाओं ने ओबीसी, अनुसूचित जाति (एससी) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के प्रमाण पत्रों के लिए आवेदन किया है, लेकिन या तो पोर्टल बार-बार क्रैश हो रहा है, ओटीपी नहीं आ रहा या फिर प्रमाण पत्रों में जाति की गलत प्रविष्टि हो रही है। यह केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि योजनाबद्ध तरीके से सामाजिक न्याय से वंचित करने की साजिश प्रतीत होती है। सरकार द्वारा 31 मार्च 2025 के बाद बने प्रमाण पत्रों को ही वैध मानने की शर्त पहले से बने वैध दस्तावेजों को अस्वीकार करने जैसा अन्याय है। इससे हजारों पात्र युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया है।



इतना ही नहीं जाति प्रमाण की जगह मृत्यु प्रमाण मांगा जाता है तो कभी कभी डाटा अपलोड ही नहीं होता। सांसद ने सरकार से मांग की है कि सरल पोर्टल को तुरंत तकनीकी रूप से स्थिर और उपयोगी बनाया जाए, 31 मार्च 2025 के बाद की अनिवार्यता को हटाया जाए और पूर्व में बने वैध प्रमाण पत्रों को मान्यता दी जाए, जो जाति प्रमाण पत्र गलत छप रहे हैं, उन्हें तत्परता से संशोधित कर फिर से जारी किया जाए, अंतिम तिथि को आगे बढ़ाना केवल दिखावा न हो, बल्कि उसके पहले पोर्टल की सभी खामियाँ दूर की जाए, सामाजिक न्याय के साथ कोई समझौता स्वीकार नहीं होगा। सांसद ने चेतावनी देते हुए कहा कि वे युवाओं और अभिभावकों के साथ इस संघर्ष में मजबूती से खड़ी हैं और इस मुद्दे को संसद से लेकर सड़क तक उठाऊँगी।

**उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर दुर्घटना गंभीर प्रशासनिक विफलता का संकेत:** सिरसा से कांग्रेस की सांसद एवं उत्तराखड़ की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा है कि उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति अब केवल चिंता का विषय नहीं, बल्कि एक गंभीर प्रशासनिक विफलता का संकेत है।

# सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने गाँव गोरड़ में पहुँचकर संत कबीर को किया नमन

**महोत्सव**

▶▶ दीपेन्द्र हुड्डा ने आयोजन की बधाई देते हुए संत कबीर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी/टीम एक्शन इंडिया**
सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने शनिवार को खरखौदा हलके के गाँव गोरड़ में निःस्वार्थ कबीर सेवा समिति द्वारा आयोजित संत कबीर जयंती महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।
दीपेन्द्र हुड्डा ने भव्य महोत्सव के आयोजन की बधाई देते हुए संत कबीर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि 15वीं शताब्दी में उनकी वाणी के हर शब्द आज तक सुनाई देते हैं। उनके आदर्श, उनकी वाणी का प्रकाश हमारे समाज को हमेशा रास्ता दिखाने का काम करेगा। कबीरदासजी के प्रसिद्ध दोहे 'जाति न पूछो साधु की,पूछ लिजिए ज्ञान, मोल करो तरवार का, पड़ा रहन दो म्यान' का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि संत कबीर के दोहों में समुद्र जैसी गहराई है, उनके विचारों उनके दोहों को आदर्श मानकर जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है। भगवान ने कहा है कि हर जाति में अच्छे-बुरे हर तरह के इंसान मिलेंगे लेकिन संत कबीर ने उपदेश दिया कि हर मनुष्य के कर्म देखो, उसके ज्ञान को देखो।
सांसद दीपेन्द्र नेह्लकबीरा खड़ा बाजार में मांगे सबकी खैर ना काहू से दोस्ती ना काहू से बैरह्लका उल्लेख करते हुए कहा कि यह सर्वविदित सत्य है कि हर व्यक्ति बराबर है। मनुष्य ने ही जाति-पाति, धर्म का भेदभाव किया लेकिन भगवान ने कोई फर्क नहीं किया। समानता के पक्षधर कबीरदास जी ने सिखाया कि मनुष्य-मनुष्य में भेद नहीं किया जा सकता। आज जब हम किसी अस्पताल में जाते हैं और खून की जरुरत पड़ती है तो किस जाति का खून है ये नहीं देखा जाता। जब भगवान इंसान में फर्क नहीं किया तो फर्क करने वाले हम कौन होते हैं। वास्तव में संत कबीर एक इंसान थे जो हर इंसान की कदर करते थे, उनके दोहे आज भी हम सब के लिए प्रासंगिक हैं। संत कबीर के विचार सदा हम सबके मार्गदर्शक बने रहेंगे।
इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक इंदुराज नरवाल, पूर्व विधायक जयवीर बाल्मिकी, पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, सुरेंद्र शर्मा, जोगेंद्र दहिया, मनोज रिढाऊ, मनोज बागड़ी, जयदीप धनखड़, जोगेंद्र आंतिल, जितेंद्र जांगड़ा, शमशेर सिलाना, संजय बड़वासनी, रमेश चेयरमैन, सुषमा पार्षद, अंजू बाला खटक, दयानंद बाल्मिकी, भोला पहलवान, अंकित दहिया, बिजेंद्र गोखी, जंगशेर नूरानखेड़ा, अनूप मालिक, रवि इंदौरा, अनूप मालिक, परमेंद्र जोली, राजमल चहल, अनुज जैन, मास्टर जयभगवान, नरेंद्र हुडा, भानु प्रधान, विजय देशवाल, कृष्ण प्रधान, प्रदीप नागर, राकेश सौदा, वेद प्रधान, अंजू पवन प्रधान, धर्मेंद्र मलिक, मीना धनखड़, सतपाल दहिया, बलबीर चौकीदार, रवींद्र रविदास, अजय प्रधान, अनुज छाबड़ा, दीपक बाल्मिकी, ऋतुराज प्रधान, सुनील, सिल्क राम पंडित, अर्जुन तोमर, समुद्र हुडा सहित कबीर दास समाज के सभी पदाधिकारीगण व बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय रायजादा बी ड़ी बाली मेमोरियल टूर्नामेंट फरीदाबाद ने जीता

**सम्मानित**

▶▶ यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा और विनोद दत्त ने विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर, 15 जून (धर्मबीर)**-
तीन दिवसीय रायजादा बी ड़ी बाली मेमोरियल टूर्नामेंट फरीदाबाद की टीम ने जीत लिया । यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा और जीएमएस के प्रधान विनोद दत्त ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सभा के महासचिव ले कर्नल एल आर वैद, वित सचिव अशोक छिब्बर, पब्लिक रिलेशन ऑफिसर ऋत्मोहन मौजूद रहे।इस टूर्नामेंट में देश भर की मोहयाल बिरादरी की क्रिकेट टीमें ने भाग लिया विजेता ओर उपविजेता टीमों फरीदाबाद और लुधियाना को 21,21 हजार रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई।
मोहयाल सभा यमुनानगर के प्रधान विपिन मोहन ने बताया कि मोहयाल बिरादरी की लंबे समय तक जीएमएस के प्रधान के रूप में सेवा करने वाले रायजादा बी ड़ी बाली के नाम हुए इस क्रिकेट टूर्नामेंट में फरीदाबाद, यमुनानगर, देहरादून, जालंधर, लुधियाना, दिल्ली, जगाधरी वर्कशॉप, की टीमें ने भाग लिया। अपने संबोधन में यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिले और उनकी प्रतिभा सामने आए इस सोच को लेकर सभा द्वारा यह सार्थक पहल की गई है। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य है उन्हें हर फील्ड में आगे आना होगा तभी देश विकसित होगा। बिरादरी के अध्यक्ष विनोद दत्त ने कहा कि वह युवाओं को आगे लाना चाहते हैं, और बिरादरी में बढ़ चढ़कर भाग ले, यह सोच रखते हैं। इसी को लेकर वह इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करवा रहे हैं।उन्होंने कहा कि सभा के पूर्व अध्यक्ष बी डी वाली का यह सपना था जो आज पूरा हुआ है।टूर्नामेंट की समाप्ति पर मोहयाल भवन में आयोजित कार्यक्रम में जहां विजेता खिलाड़ियों और टीमों को सम्मानित किया गया। वहीं समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।
फोटो यमुनानगर के मोहयाल भवन में आयोजित कार्यक्रम में जीएमएस के अध्यक्ष विनोद दत्त फरीदाबाद टीम को ट्रॉफी प्रदान करते हुए।

# उपचुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने फील्ड में उतरे डीसी-एसपी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):**
हरियाणा के नूंह में 10 ग्राम पंचायत के चुनाव के अलावा जिला परिषद वार्ड नंबर 17 सहित तीन पंच पद के लिए हो रहे उपचुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए डीसी विश्राम कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार पूरी तरह से फील्ड में सक्रिय दिखाई दिए। दोनों आला अधिकारियों ने फिरोजपुर झिरका उपमंडल के गांव में दलबल के साथ दौरा किया। उपचुनाव के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम बूथों पर देखने को मिले। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने साकरस, हिरवाड़ी, बावनठेड़ी इत्यादि गांवों के बूथों का दौरा किया और वहां मौजूद अधिकारियों को जरूरी दिशा - निर्देश दिए। उपचुनाव में मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। भीषण गर्मी के बावजूद मतदाता लंबी - लंबी कतारों में अपनी बारी आने का इंतजार करते हुए दिखाई दिए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक मतदान प्रतिशत अच्छा खासा दर्ज किया गया है, इससे लगता है कि मतदाताओं में वोटिंग को लेकर अच्छा खासा उत्साह है। उन्होंने कहा कि जहां तक नतीजे की बात है। देर शाम तक नतीजे का ऐलान कर दिया जाएगा। सरपंच के वोटो की गिनती गांव में ही बूथ पर होगी और वहीं पर ऐलान कर दिया जाएगा। लेकिन जिला परिषद वार्ड नंबर 17 की गिनती बूथों पर होगी, लेकिन जीत का ऐलान उपायुक्त कार्यालय नूंह से किया जाएगा।
पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने कहा कि सुरक्षा के सभी बूथों पर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके अलावा रिजर्व को भी अलर्ट पर रखा गया है।

## भगवती मानव कल्याण संगठन की मासिक महाआरती का भव्य आयोजन

**रादौर (कुलदीप सैनी)**
: भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को पंजाबी धर्मशाला, रादौर में दिव्य मासिक महाआरती बड़े ही श्रद्धा एवं भव्यता के साथ संपन्न हुई। हर माह की भांति इस बार भी तीसरे रविवार को आयोजित इस आध्यात्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भक्तों ने तीन-तीन बार शंखनाद कर महाआरती का शुभारंभ किया। समापन अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र मेहता ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक आत्मा के स्वभाव को हम जान और समझ नहीं लेते, तब तक हम सत्य को नहीं पकड़ सकते। उन्होंने कहा कि आत्मा का मूल स्वभाव प्रेम और लगाव का होता है, ठीक वैसे ही जैसे एक नवजात शिशु का अपनी मां के प्रति प्रेम लगाव होता है।

# सोनू उर्फ विजय देशवाल छतरी को सौंपा नियुक्ति पत्र



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
अखिल भारतीय जाट महासभा हरियाणा द्वारा गांव कुराड़ निवासी सोनू छतरी उर्फ विजय देशवाल को सनौली-बापौली ब्लॉक का प्रधान नियुक्त किए जाने पर आज उनका गांव कुराड स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल में ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। वहीं स्वागत समारोह में महासभा के जिला अध्यक्ष बृजपाल उर्फ बिंटू मलिक द्वारा सोनू उर्फ विजय देशवाल छतरी को नियुक्ति पत्र भी सौंपा गया। जाट महासभा के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष सोनू देशवाल छतरी बाबा को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए जिला अध्यक्ष बिंटू मलिक ने बताया कि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अमरिंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र सूरा व राष्ट्रीय महासचिव चौ. युद्धवीर सिंह की सहमति से सोनू देशवाल को सनौली व बापौली ब्लॉक का प्रधान नियुक्त किया गया है तथा महासभा के सभी पदाधिकारी आशा करते हैं कि सोनू समाज के उत्थान एवं जागरूकता के लिए पूरी मेहनत एवं ईमानदारी से कार्य करेंगे तथा अपने पद की गरिमा बनाए रखेंगे।
वहीं अपनी नियुक्ति पर सोनू देशवाल ने महासभा के सभी पदाधिकारियों को विश्वास दिलाया कि जिस उम्मीद के साथ महासभा ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है वह उस जिम्मेदारी पर खरा उतारते हुए दिन-रात मेहनत कर महासभा के संगठन को मजबूत बनाने के साथ-साथ समाज से कुरीतियों को मिटाने के लिए जागरूकता तथा समाज के युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास बड़ों के आशीर्वाद एवं महासभा के सहयोग से करने का काम करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### मानसिक कल्याण के लिए अपनी दिनचर्या में योग को करें शामिल-डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
अम्बाला: डीसी अजय सिंह तोमर ने कहा कि आगामी 21 जून को 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयुष विभाग द्वारा विशेष पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की गई है।



नागरिक 9501131800 पर कॉल करके भी रजिस्ट्रेशन के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
डीसी अजय सिंह तोमर ने कहा कि योग, एक प्राचीन अभ्यास है जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को जोड़ता है, और दैनिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए योग विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त उपकरण के रूप में विकसित हुआ है। दैनिक जीवन में योग शरीर, मन और आत्मा के बीच संबंध का प्रतीक है। योग पारंपरिक कसरत के विपरीत, योग संतुलन, लचीलापन और मन की शांति को बढ़ावा देता है, जिससे आपके दैनिक जीवन में सामंजस्य पैदा होता है। तनाव कम करने से लेकर हृदय स्वास्थ्य में सुधार तक, योग ठोस परिणाम प्रदान करता है जिसे आप महसूस कर सकते हैं और देख सकते हैं। इसके अलावा, अपनी दिनचर्या में बुनियादी योग आसनों को शामिल करने से मानसिक ध्यान और शारीरिक सहनशक्ति बढ़ती है।
डीसी ने सभी विभागाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में योग दिवस के आयोजन की व्यापक तैयारी करने और अधिक से अधिक लोगों को ऑनलाइन पंजीकरण के बारे पहले से ही जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। खास तौर पर शिक्षण संस्थानों को रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के बारे में विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने के लिए कहा गया है। इसके साथ-साथ योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण के तहत विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी तय की गई हैं, जिसमें योग प्रशिक्षकों द्वारा योग की विभिन्न क्रियाएं करवाकर लोगों को योग की महत्वता बारे जागरूक किया जा रहा हैं।

### नीट यूजी 2025: रोहतक की सोनाली ने हासिल की ऑल इंडिया रैंक 255

**रोहतक।** देश की अग्रणी टेस्ट प्रिपरेटरी संस्था आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसके रोहतक केंद्र के 22 विद्यार्थियों ने नीट यूजी 2025 परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किए हैं। यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, और एईएसएल द्वारा प्रदान किए गए उत्कृष्ट मार्गदर्शन का प्रतिफल है। परीक्षा परिणाम कल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित किए गए।
प्रमुख प्रदर्शन करने वाले छात्रों में सोनाली (एआईआर 255), शुभम (एआईआर 1762), नमन (एआईआर 1790), सलोनी लाठर (एआईआर 2721) और हेमांग नारा (एआईआर 2895) शामिल हैं।
ये सभी छात्र एईएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम से जुड़े हुए थे, जो नीट जैसी अत्यंत प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय एईएसएल द्वारा प्रदान की गई मजबूत अकादमिक नींव, वैचारिक स्पष्टता और नियमित तथा अनुशासित अध्ययन पद्धति को दिया। छात्रों ने साझा किया, हम आकाश के अत्यंत आभारी हैं, जिनकी मार्गदर्शक भूमिका ने हमें इस यात्रा में लगातार प्रेरित किया। उनकी संरचित अध्ययन सामग्री, विशेषज्ञ शिक्षण और व्यक्तिगत मेंटरिंग ने हमें जटिल विषयों को शीघ्रता से समझने में मदद की। बिना एईएसएल के यह सफलता संभव नहीं थी। डॉ. सुरेन्द्र चौहान, रीजनल डायरेक्टर, एईएसएल, ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा, हमें अपने छात्रों की नीट यूजी2025 में उत्कृष्ट उपलब्धियों पर गर्व है।

# भारतीय सेना वीरता और साहस का पर्याय है: केपी सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** मेजर जनरल के पी सिंह, विशिष्ट सेवा मेडल, अपर महानिदेशक (भर्ती) मुख्यालय भर्ती क्षेत्र अम्बाला ने सामुदायिक केन्द्र, पंचकुला (हरियाणा) का दौरा किया।
इस अवसर पर क्षेत्र के पास के चार अलग-अलग स्कूलों के कुल 240 छात्र उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने युवा छात्रों को अग्निपथ स्कीम और नियमित कैडर के तहत भारतीय सेना में शामिल होने के लिए मार्गदर्शन करने के साथ-साथ प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना वीरता और साहस का पर्याय है और इसने ऑपरेशन सिंदूर में फिर से अपनी योग्यता साबित की हैं।
अपर महानिदेशक (भर्ती) ने बताया कि भारतीय सेना की बेजोड़ गुणवत्ता राष्ट्र की सेवा करने के साथ - साथ व्यक्तिगत विकास का भी अवसर देती है उन्होंने बताया की युवा अधिकारी के रूप में भी भारतीय सेना में शामिल होकर देश की सेवा कर सकते है ह्व लड़कियां भी भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में सी.एम.पी. और अधिकारी के रूप में शामिल होकर देश सेवा कर सकती हैं।

# भाजपा सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष में जताया जनता का आभार

**आभार**

▶▶ हरियाणा सरकार की योजनाएं गरीबों और किसानों के लिए वरदान हैं- कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा



**गांवों** के ग्रामीणों ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के सामने गांवों में ट्यूबवैलों की मोटरों की चोरी व गांवों में चोरियां होने की समस्या रखी। जिस पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने खेतों में पानी के ट्यूबवैलों के मोटरों की चोरी व गांवों में चोरी की समस्या को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि चोरी को रोकने के लिए आधुनिक तकनीक का प्रयोग करें और जो दोषी पाया जाए उस पर सख्त से सख्त कार्यवाही करें।

**एसएचओ** जठलाना राजेन्द्र सिंह ने ग्रामवासियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हर गांव में स्टेडियम, जिम्म का सामान होगा तो गांवों के युवाओं की रूचि खेलों में होगी और वे नशे से दूर रहेगें। उन्होंने बताया कि आने वाली पीढि़ेंं को नशे से बचाना है। नशा बेचने वालों को पकड़वाने में पुलिस का सहयोग करें, नशा बेचने वालों की सूचना देने वालों का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर धर्मबीर)**- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने रादौर के गांवों संधाली, मॉडल टाऊन करहेड़ा, बहादुरपुर, पांसरा व कलानौर का सेवा सुशासन और विकास के 11 साल होने पर जनता का आभार व्यक्त किया। गांवों में पहुंचने पर गांवों के लोगों ने उनका फूल-मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया।
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण सरकारी नौकरियों में मिल रहा है। महिलाओं को पहली बार राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रवेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि तीन तलाक कानून ने मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को 6 हजार रुपये की राशि किसानों के खातों में हर महीने दी जाती है। एमएसटी का हर साल रेट बढ़ाया जाता है। उन्होंने बताया कि आज हर क्षेत्र में भारत की महिलाओं का सम्मान किया जा रहा है चाहे वह सरस्वती वंदना हो या लक्ष्मी पूजा हो, में भी महिला का सम्मान होता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भी महिलाओं के योगदान से सफल हुआ। खेलों इंडिया में हरियाणा सरकार का उद्देश्य हर गांव में स्टेडियम बनवाना और खेल-कूद का सामान पहुंचाना है और खेलों को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि हर जिला में मेडिकल कॉलेज बनाए गए है। सरकारी नौकरियों में बिना खर्ची-बिना पर्ची के लोगों को नौकरियां मिली है और नौकरियों में पारदर्शिता बढ़ी है।

# मेडिकल कॉलेज में असुविधाओं को लेकर संघर्ष समिति ने किया विरोध प्रदर्शन



**नूंह मेवात (लियाकत अली ):**
नल्हड़ गांव की तकरीबन 94 एकड़ भूमि में तकरीबन 500 करोड रुपए की लागत से बना मेडिकल कॉलेज इलाज के नाम पर सफेद हाथी साबित हो रहा है। मरीज से लेकर तीमारदार इस मेडिकल कॉलेज में मिल रही सुविधाओं से खुश नहीं हैं।ऑपरेशन एवं गंभीर बीमारियों का इलाज तो दूर की बात यहां पर मरीजों को दवाइयां व पट्टियों के अलावा अन्य छोटा - मोटा सामान भी बाहर महंगे दामों पर मेडिकल स्टोर से खरीदना पड़ रहा है। इलाके के लोग समय - समय पर राजकीय शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ को लेकर धरना - प्रदर्शन करते रहते हैं। साथ ही शासन - प्रशासन के संज्ञान में लगातार लाने की कोशिश करते रहे हैं। लेकिन उसके बावजूद भी मेडिकल कॉलेज में सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। इस बार इस करोड़ों रुपए की लागत से बने नल्हड़ मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं को लेकर इलाके के लोगों ने आर पार की ठान ली है। इसके लिए संघर्ष समिति का गठन कर लिया गया है। संघर्ष समिति के बैनर तले रविवार को एक दिवसीय धरना - प्रदर्शन किया गया। रविवार को फिरोजपुर झिरका विधानसभा में संगठन सृजन अभियान के तहत जिलाध्यक्ष के चयन को लेकर कांग्रेस के आब्जर्वर के कार्यक्रम के साथ - साथ इलाके में 10 ग्राम पंचायत में उपचुनाव तथा वार्ड नंबर 17 जिला परिषद में उपचुनाव इत्यादि कार्यक्रमों की वजह से उम्मीद के मुताबिक भीड़ नहीं जुड़ पाई। लेकिन फिर भी अपनी आवाज को बुलंद करने के लिए सैकड़ों लोग वहां पहुंच गए। कुछ मरीज इस धरना स्थल पर अपना दुखड़ा सुनाने के लिए पहुंच गए, जो अल आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा से लेकर नल्हड़ मेडिकल कॉलेज में मिल रहे इलाज से खासे परेशान दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि न केवल इलाज में मायूसी हाथ लग रही है बल्कि अधिकतर मशीन भी यहां खराब हैं और रही सही कमी को डॉक्टर का व्यवहार पूरा कर रहा है। दरअसल मेडिकल कॉलेज नल्हड़ की दुर्दशा कोई नई बात नहीं है। पिछले एक दशक से इलाके के लोग इस मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं की मांग को लेकर लंबे समय से प्रयासरत हैं। इलाके के चार कांग्रेस विधायकों ने भी धरना दिया है। इसके अलावा आम आदमी भी समय - समय पर अपने - अपने तरीके से आवाज बुलंद करता रहता है। लेकिन मेडिकल कॉलेज प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं रेंगती। जब मेडिकल कॉलेज प्रशासन से बात की जाती है तो यही भरोसा मिलता है कि जल्दी ही सभी कमियों को दूर कर लिया जाएगा। प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग की कमान दक्षिणी हरियाणा के दिग्गज नेता केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की पुत्री आरती राव के हाथों में है हालांकि आरती राव स्वास्थ्य विभाग में सुधार के लिए लगातार कोशिश कर रही हैं, लेकिन मेडिकल कॉलेज नल्हड़ की तरफ अभी तक उनका भी कोई विशेष ध्यान नहीं है।

# पारस हेल्थ पंचकूला ने 'नेशनल सर्जन्स डे' पर समर्पित सर्जिकल टीम को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला:** पारस हेल्थ पंचकूला ने 'नेशनल सर्जन्स डे' के अवसर पर अपनी समर्पित सर्जिकल टीम को सम्मानित किया। यह कार्यक्रम पारस हेल्थ की देशव्यापी पहल का हिस्सा था, जो गुरुग्राम, कानपुर, पटना, दरभंगा, उदयपुर, जयपुर, उज्जैन, रांची और श्रीनगर सहित अन्य केंद्रों पर भी आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. पंकज मित्तल के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें वरिष्ठ डॉक्टर, अस्पताल स्टाफ और मरीजों ने भाग लिया। इस अवसर पर अस्पताल के 22 सर्जनों को उनके उत्कृष्ट इलाज, नेतृत्व और ऑपरेशन थियेटर के अंदर और बाहर दिए गए योगदान के लिए सर्टिफिकेट और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कई छोटे वैज्ञानिक सत्र भी आयोजित किए गए, जिनमें सर्जनों ने जटिल सर्जरी और चिकित्सा क्षेत्र में हाल की प्रगति पर अपने विचार साझा किए। इन सत्रों से टीम की विशेषज्ञता और नवाचार की झलक सामने आई। मरीजों की भावनात्मक कहानियों ने कार्यक्रम को और भी विशेष बना दिया। कुछ मरीजों ने मंच से, तो कुछ ने वीडियो संदेशों के माध्यम से बताया कि समय पर की गई सर्जरी ने उनकी ज़िंदगी कैसे बदली। इन संदेशों ने डॉक्टरों के प्रति उनके गहरे विश्वास और आभार को उजागर किया। इस अवसर पर डॉ. पंकज मित्तल ने कहा, ह्लसर्जन होना सिर्फ सर्जरी करना नहीं है, बल्कि यह लोगों के सबसे कठिन समय में उनके साथ खड़े रहने का नाम है। पारस हेल्थ में हम एक टीम के रूप में कार्य करते हैं, और हर सफलता साझेदारी, विश्वास और निरंतर सीखने का परिणाम होती है।
पारस हेल्थ पंचकूला निरंतर अपने डॉक्टरों और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। अस्पताल की "पेशेंट फर्स्ट" नीति इस बात को सुनिश्चित करती है कि हर मरीज को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा और मानवता से भरा उपचार मिले।

## संपादकीय

# वैश्विक संकट खड़ा कर रहे युद्ध

**वैश्विक** स्तर पर लगभग प्रतिवर्ष किसी न किसी राष्ट्र के बीच युद्ध और गृह युद्ध ने तबाही का मंजर ही दिखाया है। इन युद्धों के बाद इंसान की मौतों और उनके विस्थापन की संख्या अब चौकाने लगी है। एक लम्बे अरसे तक चले रूस ब्रिटेन युद्ध ने भारी तबाही का दौर देखा है। हजारों लाखों में मौते और अरबों खरबों की सम्पत्ति नष्ट होने के साथ उस युद्ध असर वैश्विक स्तर पर पड़ा है। आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों की संख्या पिछले वर्ष के अंत में नौ फीसद से बढ़ कर 7.35 करोड़ हो गई है। गृहयुद्ध से जूझ रहा से सूडान तो दुनिया के सबसे बड़े विस्थापन संकट का केंद्र बन गया है, जहां संघर्ष के कारण 1.4 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। अब इजरायल और ईरान के बीच जो जंग छिड़ गई है। उसका तात्कालिक असर भी दिखने लगा है। रूस और ब्रिटेन के बीच संघर्ष के इन पहले आठ वर्षों में नौसैनिक घटनाएं और साइबर युद्ध भी शामिल थे। फरवरी 2022 में, रूस ने यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण किया और देश के अधिक हिस्से पर कब्जा करना शुरू कर दिया था, जिससे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप में सबसे बड़ा संघर्ष कहा गया। अब इजरायल ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर अचानक हमला करके सबको चौंका दिया है, जिससे क्षेत्र में अनिश्चितता बढ़ गई है। अमेरिका ने इस कार्रवाई में अपनी भागीदारी से इनकार किया है। इसके जबाब में ईरान ने इजरायल पर ड्रोन और मिसाइल से हमला किया है। यही नही ईरानी अधिकारियों की तरफ से अमरीका, ब्रिटेन और फ्रांस के सैन्य ठिकानों पर हमले की धमकी दी गई है। इजरायली कार्रवाई के वैश्विक दुष्प्रभावों का संकेत इसी एक तथ्य से मिल जाता है कि पहले हमले के कुछ घंटों के अंदर अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 13ः बढ़ गईं। इसमें दो राय नहीं कि इजरायल लंबे समय से कहता रहा है कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से हर हाल में रोका जाए और जरूरी हो तो उसके लिए बल प्रयोग से भी हिचका न जाए। उसका कहना है कि ईरान इस स्थिति में आ गया था कि कुछ दिनों के अंदर 15 परमाणु बम बना सकता था। इजरायल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों पर अचानक हमला करके न सिर्फ सबको चौंका दिया है बल्कि इस पूरे क्षेत्र को अनिश्चितता के भंवर में डाल दिया है। अमेरिका ने तत्काल यह साफ किया कि इस कार्रवाई में वह शामिल नहीं है। वहीं, यह लगभग तय माना जा रहा है कि ईरान जवाबी कार्रवाई करेगा। इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि नया सिलसिला हो सकता है। हमलों का व्यापक रूप भी इसकी गंभीरता को स्पष्ट कर देता है। कम से कम छह राउंड में किए गए हवाई हमलों के तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों को निशाना बनाया गया।ईरान ने माना है कि इन हमलों में उसके कम से कम छह परमाणु वैज्ञानिक मारे गए। यही नहीं, ईरान के सबसे बड़े सैन्य अधिकारी इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गाड्र्स कॉर्प्स के चीफ हुसैन सलामी के भी मारे जाने की खबर है। इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि नया सिलसिला हो सकता है।

# युद्ध के साये में तिलमिला रही दुनिया

सुनील कुमार महला

"आज हर तरफ युद्ध है, संघर्ष ही संघर्ष है, ऐसे में जरुरत इस बात की है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय युद्ध की जगह संवाद को अपनाए। वास्तव में संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंचों को अधिक प्रभावी और निष्पक्ष भूमिका निभानी चाहिए। आज के समय में वैश्विक शांति बहुत ही जरूरी है। शांति और संयम से ही दुनिया में सबकुछ संभव हो सकता है। अंत में यही कहूंगा कि युद्ध या हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। कहना गलत नहीं होगा कि विश्व का वर्तमान परिदृश्य भगवान बुद्ध की शिक्षाओं में फिर से विचार करने का उपयुक्त समय है जो शांति, सद्भाव और स्थिरता की दिशा में एक मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में कार्य कर सकता है।"

**आज** पूरी दुनिया बारूद के ढ़ेर पर खड़ी हुई है और ऐसा नजर आता है कि आज विश्व में हर तरफ आग, बारूद और युद्ध का साया मंडरा रहा है। वास्तव में यह मानवता पर एक बड़ा खतरा है। कहना गलत नहीं होगा कि दोनों कट्टरपंथी देशों ईरान और इजरायल में आपसी तनातनी के साथ ही अब विश्व में तीसरे विश्व युद्ध की आहट शुरू हो गई है। पाठकों को बताता चलूं कि हाल ही में 13 जून 2025 को इजरायल ने ईरान पर एक बड़े सैन्य ऑपरेशन 'राइजिंग लॉयन' के तहत हवाई हमला किया। गौरतलब है कि ऑपरेशन राइजिंग लॉयन में दर्जनों इजरायली लड़ाकू विमानों ने ईरान के परमाणु ठिकानों, मिसाइल कारखानों और टॉप सैन्य कर्मियों को निशाना बनाया। उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस हमले में ईरान के छह शीर्ष परमाणु वैज्ञानिकों सहित कई सैन्य कमांडर मारे गए। दूसरी तरफ, ईरान ने भी एक नई सैन्य रणनीति अपनाते हुए सीरिया और इराक में मौजूद इजराइली ठिकानों को टारगेट किया है। ईरानी मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार, ईरानी ड्रोन और मिसाइलों ने गुप्त सैन्य अड्डों को निशाना बनाया, जिनमें से कुछ पर भारी क्षति की पुष्टि हुई है। कहना गलत नहीं होगा कि ईरान-इजरायल के एक दूसरे पर हमलों से पश्चिम एशिया में संघर्ष का एक और मोर्चा खुल गया है। कहना गलत नहीं होगा कि मध्य पूर्व में हालात बहुत गंभीर होते जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेषकर संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय यूनियन, ने दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है। इजराइल के भीतर भी सुरक्षा विशेषज्ञों ने चेताया है कि अगर यह युद्ध जारी रहा तो यह फुल-स्केल रीजनल वॉर में बदल सकता है। कहा जा रहा है कि ईरान ने परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के प्रविधानों का उल्लंघन किया है। जानकारी के अनुसार ईरान यूरेनियम का शोधन कम करने के लिए तैयार नहीं है। यह माना जा रहा है कि इजरायल इन हमलों के जरिए ईरान के परमाणु कार्यक्रम को बाधित करना चाहता है, जिससे उसे परमाणु हथियार बनाने से रोका जा सके। नतांज स्थित परमाणु संयंत्र को विशेष रूप से निशाना बनाया गया, क्योंकि यह ईरान के परमाणु कार्यक्रम का केंद्र है।हालांकि, ईरान ने परमाणु हथियार बनाने की बात से इनकार किया है और इजरायल पर आक्रमण और



तोड़फोड़ का आरोप लगाया है। ईरान ने हिजबुल्लाह और हमास जैसे आतंकी गुटों के जरिए गहरा रीजनल नेटवर्क तैयार किया और इन गुटों को इजरायल अपनी सुरक्षा के लिए सीधा खतरा मानता है। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि यह बात कही जा रही है कि ईरान का परमाणु हथियार हासिल करने का कार्यक्रम अब अपने निर्णायक और अंतिम दौर में पहुंच चुका है। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु संवर्धन पर निगरानी रखने वाली एजेंसी ने अपनी हालिया एक रिपोर्ट में यह बात कही है कि ईरान के पास 408 किलो यूरेनियम का ऐसा भंडार है, जो कि 60 फीसदी तक संवर्धित है। वहीं, 133 किलो यूरेनियम 50 फीसदी तक संवर्धित है। यहां यह गौरतलब है कि परमाणु हथियार बनाने के लिए यूरेनियम के 90 फीसदी संवर्धन की जरूरत होती है। वहीं नेतन्याहू का यह दावा है कि इस वक्त ईरान के पास जितना संवर्धित यूरेनियम है, वो नौ परमाणु बन बनाने के लिए पर्याप्त है। वास्तव में यह कहा जा रहा है कि इसमें से एक तिहाई का उत्पादन पिछले तीन महीने में ही किया गया। यहां पाठकों को बताता चलूं कि नेतन्याहू ने ईरान पर आरोप लगाया कि वह वैश्विक चेतावनियों को नजरअंदाज करके अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा है। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का यह साफ कहना है कि इस अभियान को शुरू करने का मकसद ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों से पैदा हो रहे खतरे को खत्म करना है। दोनों देशों के बीच युद्ध को थामने के लिए अबअंतरराष्ट्रीय अपीलें शुरू हो चुकी हैं और ब्रिटेन के साथ ही भारत ने भी शांति की मांग की है। दरअसल, भारत दोनों ही देशों ईरान और इजरायल का मित्र राष्ट्र है। भारत दोनों देशों के बीच हुए इस टकराव को लेकर 'बेहद चिंतित' है और उसने दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है और भारत इन दोनों के बीच तनाव कम करने के लिए हरसंभव प्रयास भी कर रहा है। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि दोनों देशों के बीच तनाव के कारण कहीं न कहीं भारत पर भी इसका प्रभाव पड़ा है। दरअसल, ईरानी एयरस्पेस के बंद हो जाने के कारण भारत की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर इसका प्रभाव पड़ा है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार दिल्ली से यूरोप और अमेरिका की उड़ानों को अब वैकल्पिक रूटों से होकर जाना पड़ रहा है। एयर इंडिया और इंडिगो जैसी कंपनियों को अपनी 16 फ्लाइटों के मार्ग बदलने पड़े हैं। इससे यात्रा का समय बढ़ने के साथ-साथ संचालन खर्च में भी वृद्धि हुई है। यह बहुत ही दुखद है कि दोनों देशों के बीच 'जहन्नुम बना देंगे वर्सेज जला देंगे तेहरान' जैसी डायलॉगबाजी हो रही है और इधर अमेरिका 'डील-डील' का खेल,खेल रहा है। पाठकों को बताता चलूं कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी दोनों देशों के बीच घटनाक्रम पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने टुथ सोशल पर यह पोस्ट कर ईरान को चेतावनी दी है कि यदि उसने अब भी परमाणु समझौते की ओर कदम नहीं उठाया तो 'कुछ भी नहीं बचेगा'। उन्होंने आगे कहा कि 'अमेरिका और इजरायल मिलकर आगे और भी क्रूर हमले कर सकते हैं।' वास्तव में उनका यह बयान अंतरराष्ट्रीय तनाव को और बढ़ाने वाला साबित हो सकता है।व्हाइट हाउस ने इशारा दिया है कि अगर हमला परमाणु सुविधाओं तक सीमित नहीं रहता, तो अमेरिका 'डायरेक्ट इन्वॉल्वमेंट' की योजना बना सकता है। बहरहाल, यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि इस संघर्ष का सबसे ज्यादा असर आम नागरिकों और क्षेत्रीय व्यापार पर पड़ा है। तेल की कीमतों में भारी उछाल देखा गया है, जिससे वैश्विक बाजारों में चिंता है। दोनों देशों के बीच शांति को लेकर ईरान की राजधानी तेहरान और इजराइल के तेल अवीव में हजारों लोगों ने प्रदर्शन भी किए हैं। बहरहाल, इन घटनाओं ने एक बार फिर यह सवाल खड़े कर दिये हैं कि क्या हम 21वीं सदी में विकास की ओर बढ़ रहे हैं या विनाश की ओर ? आज संपूर्ण विश्व विनाश के मुहाने पर खड़ा हुआ है। जिधर देखो उधर संघर्ष और युद्ध की आग फैली हुई है।कोई हथियारों की अंधी दौड़ में लगा है तो कोई अपनी विस्तारवादी नीतियों को अंजाम देने में लगा हुआ है। युद्ध किसी भी देश को बहुत साल पीछे धकेल देते हैं और विनाश को जन्म देते हैं। आज विश्व में पहले से ही बहुत सी समस्याएं मौजूद हैं,जिनका विश्व लगातार सामना कर रहा है। मसलन, आज संपूर्ण विश्व ग्लोबल वार्मिंग, भुखमरी(खाद्य असुरक्षा) , गरीबी, आर्थिक अस्थिरता, महंगाई और बेरोजगारी जैसी अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। युद्ध विभिषिका को जन्म देते हैं और पूरी मानवता के लिए एक बड़ा और गंभीर खतरा हैं। वास्तव में इस समय दुनिया को हथियारों और युद्ध की नहीं, अपितु शांति,संयम और आपसी सहयोग की जरूरत है। वास्तव में आज का युग विज्ञान और तकनीक का युग है और विज्ञान और तकनीक का उपयोग जीवन बचाने और जीवन सुधारने में होना चाहिए, न कि उसे नष्ट करने में। आज हर तरफ युद्ध है, संघर्ष ही संघर्ष है, ऐसे में जरुरत इस बात की है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय युद्ध की जगह संवाद को अपनाए। वास्तव में संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंचों को अधिक प्रभावी और निष्पक्ष भूमिका निभानी चाहिए। आज के समय में वैश्विक शांति बहुत ही जरूरी

## कविता

### सांस की कीमत पूछी गई

साँस-साँस को मोहताज किया,
जीवन को नीलाम किया।
मासूम थी, बस एक साल की,
फिर भी व्यवस्था ने इनकार किया।

"वेंटिलेटर चाहिए?" – पूछा गया,
"सिफारिश है?" – तौल कर कहा।
दोपहर से लेकर रात तलक,
बच्ची की साँसों ने दस्तक दी हर पल।

कभी सिस्टम की फाइल में अटकी,
कभी डॉक्टरों के मुँह के फेर में भटकी।
कंधे पर बैठी थी ममता की पुकार,
पर अस्पताल ने लगाया इंतजार।

गलियों में चीख गूंजती रही,
परदीवारें खामोश रहीं, मशीनें बंद पड़ी रहीं।
नही थी वो वोट, न पहचान की सिफारिश,
बस थी एक जान झ मासूम, बेगुनाह,
बेपरवाह।

सिस्टम का क्या दोष कहें?
यहाँ तो जिंदा रहने के लिए भी पहचान
चाहिए।
गरीब की बेटी हो या किसान का बेटा,
बिना जुड़ाव, बिना सत्ता – नहीं मिलता हक
जीने का।

– डॉ. सत्यवान सौरभ

# गुरु अर्जुन देव: वो शौर्य जो जलाया गया, मगर बुझा नहीं

**इतिहास** के कुछ क्षण ऐसे होते हैं, जो समय की धारा को मोड़ देते हैं—वे न केवल एक व्यक्ति या समुदाय की कहानी कहते हैं, बल्कि मानवता की चेतना को नया आयाम देते हैं। 16 जून 1606 का दिन ऐसा ही एक अनश्वर क्षण है, जब सिक्ख धर्म के पंचम गुरु, गुरु अर्जुन देव जी ने अपने प्राणों की आहुति देकर धर्म, सत्य और मानवता की रक्षा का ऐसा दीप प्रज्वलित किया, जो आज भी अन्याय के अंधेरों को चीरता है। उनका बलिदान केवल सिक्ख इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि समूची सभ्यता के लिए एक प्रकाशस्तंभ है, जो आज भी हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने, सहिष्णुता अपनाने और सत्य के लिए जीने की प्रेरणा देता है। गुरु अर्जुन देव जी का बलिदान एक ऐसी ज्योति है, जो हर उस हृदय में जलती है, जो अन्याय के सामने झुकने से इनकार करता है। गुरु अर्जुन देव जी का जन्म 15 अप्रैल 1563 को गोइंदवाल, पंजाब में हुआ। चौथे गुरु, गुरु रामदास जी और माता भानी के पुत्र, वे बचपन से ही असाधारण बुद्धिमत्ता और आध्यात्मिकता के धनी थे। 18 वर्ष की आयु में, 1581 में, उन्होंने गुरु गद्दी संभाली और अगले 25 वर्षों तक सिक्ख धर्म को न केवल एक आध्यात्मिक शक्ति बनाया, बल्कि इसे सामाजिक समानता और मानव कल्याण का प्रतीक भी बनाया। उनके नेतृत्व में सिक्ख समुदाय ने संगठित रूप लिया, और उनके कार्यों ने न केवल सिक्ख धर्म, बल्कि समूचे भारतीय समाज को एक नई दिशा दी। गुरु अर्जुन देव जी के योगदान इतने व्यापक हैं कि उन्हें केवल एक धार्मिक गुरु कहना उनके व्यक्तित्व को सीमित करना होगा। उनके योगदानों में सबसे उल्लेखनीय है श्री हरिमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) की स्थापना। 1588 में शुरू और 1604 में पूर्ण हुआ यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि विश्व में धार्मिक समन्वय और समानता का प्रतीक बन गया। इसके चारों ओर बने चार द्वार इस संदेश को गूंजाते हैं कि ईश्वर का घर हर धर्म, हर जाति और हर वर्ग के लिए खुला है। यह उस समय के लिए एक क्रांतिकारी विचार था, जब धार्मिक और सामाजिक भेदभाव चरम पर थे। गुरु जी की दूरदर्शिता ने स्वर्ण मंदिर को न केवल सिक्खों का पवित्र तीर्थ बनाया, बल्कि इसे मानवता की एकता का जीवंत प्रतीक भी बनाया। उनका दूसरा महान योगदान है 'आदि ग्रंथ' का संकलन, जिसे बाद में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के रूप में पूजा गया। 1604 में पूर्ण हुए इस ग्रंथ में गुरु अर्जुन देव जी ने न केवल सिक्ख गुरुओं की वाणी को संकलित किया, बल्कि हिंदू संतों जैसे कबीर, रविदास, नामदेव और मुस्लिम संतों जैसे बाबा फरीद की रचनाओं को भी शामिल किया।

## विचार

# हत्या के एक दोष पर दो उम्रकैद: न्याय की सीमा या उसका उल्लंघन?

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**भारतीय** न्याय व्यवस्था के दरवाजे पर एक संवेदनशील और जटिल प्रश्न खड़ा है—क्या किसी व्यक्ति को एक ही अपराध के लिए दो बार उम्रकैद की सजा दी जा सकती है? यह प्रश्न अब सुप्रीम कोर्ट के विचाराधीन है और देशभर में न्याय, संविधान और दंड व्यवस्था को लेकर नई बहस का विषय बन गया है। हरियाणा के ठा सुकेश नामक व्यक्ति को अपनी पत्नी की हत्या के मामले में दो अलग-अलग धाराओं में उम्रकैद की सजा दी गई थी। दोनों सजाएँ लगातार चलने के आदेश के साथ दी गईं, यानी पहले एक उम्रकैद पूरी होगी, फिर दूसरी शुरू होगी। यह वही स्थिति है जैसे किसी व्यक्ति को दो जीवनकाल की सजा दे दी गई हो। भारत का संविधान यह स्पष्ट कहता है कि किसी भी व्यक्ति को एक ही अपराध के लिए दो बार मुकदमा चलाकर सजा नहीं दी जा सकती। अनुच्छेद 20(2) में उल्लेखित 'डबल जियोपर्डी' का सिद्धांत इसी विचार पर आधारित है कि न्यायिक प्रक्रिया केवल दंड देने के लिए नहीं, बल्कि न्याय को संतुलन और विवेक के साथ लागू करने के लिए है। लेकिन यदि किसी एक घटना से जुड़े दो अलग-अलग अपराधों के तहत मुकदमा चले और दोनों में दोष सिद्ध हो, तो क्या दो बार सजा दी जा सकती है? यही इस पूरे मामले का केंद्रीय प्रश्न है। ठा सुकेश पर आरोप है कि उसने अपनी पत्नी की हत्या की। इस घटना से उत्पन्न दो मुकदमे—एक भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और दूसरा संभवतः धारा 498अ (घरेलू हिंसा) या 304इ (दहेज मृत्यु)—दायर किए गए। दोनों मामलों में सजा उम्रकैद की हुई और उन्हें लगातार चलाने का निर्देश दिया गया। यहाँ कानूनी पेचीदगी यह है कि अगर हत्या और घरेलू हिंसा की घटनाएँ एक ही समय और परिस्थिति की उपज हैं, तो क्या उन्हें दो अलग-अलग अपराध माना जा सकता है? सुप्रीम कोर्ट के सामने यह प्रश्न केवल तकनीकी नहीं, बल्कि नैतिक और संवैधानिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। न्याय का उद्देश्य किसी को दोहरा दंड देना नहीं है, बल्कि उस अपराध की प्रकृति और उसकी सामाजिक क्षति के अनुरूप न्यायसंगत सजा देना है। लगातार दो उम्रकैद देना ऐसा प्रतीत होता है जैसे किसी व्यक्ति को उसकी आयु से अधिक सजा दी जा रही हो—एक प्रकार का अतिन्याय, जो अन्याय में बदल सकता है।

पूर्व में भी सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे मामलों पर विचार किया है। मुथुरामलिंगम बनाम तमिलनाडु राज्य (2016) के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा था कि एक से अधिक उम्रकैद की सजाएँ साथ-साथ चलनी चाहिए, जब तक कि किसी विशेष परिस्थिति में अलग-अलग चलाना अनिवार्य न हो। वहीं, स्वामी श्रद्धानंद मामले में न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया था कि यदि फाँसी नहीं दी जाती, तो सजा की अवधि को बढ़ाया जा सकता है, लेकिन यह फैसला भी न्यायिक विवेक और अपवाद के आधार पर लिया गया था, न कि नियम के तहत। यदि ठा सुकेश को एक ही अपराध में दो बार उम्रकैद दी जाती है, तो यह एक खतरनाक परंपरा की नींव हो सकती है। यह न्यायिक प्रणाली के उस मूल विचार से भटकाव होगा, जहाँ दंड प्रणाली सुधारात्मक होनी चाहिए, न कि दमनकारी। साथ ही, यह भी देखना होगा कि क्या ऐसे फैसले संविधान के मूल ढांचे और व्यक्तिगत अधिकारों के अनुरूप हैं या नहीं। भारत जैसे लोकतांत्रिक राष्ट्र में जहाँ जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार को सर्वोच्च स्थान दिया गया है, वहाँ इस प्रकार की सजाएँ मानवीय दृष्टिकोण से भी असहज प्रतीत होती हैं। कोई भी सजा, चाहे वह कितनी भी सख्त क्यों न हो, तब तक न्यायसंगत नहीं कही जा सकती जब तक उसमें विवेक, मानवीयता और संविधान की भावना न हो। इस निर्णय का असर केवल एक व्यक्ति पर नहीं पड़ेगा, बल्कि यह भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और संविधान की व्याख्या को भी नए सिरे से परिभाषित करेगा। यदि सुप्रीम कोर्ट इस फैसले को वैध ठहराता है, तो भविष्य में अनेक मामलों में दोहरी उम्रकैद देने की संभावनाएँ खुल सकती हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया ऑफिस, के-6बी, केवल पार्क एक्सटेंशन, दिल्ली - 33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज (9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# आधी आबादी, अधूरी भागीदारी: ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स में भारत की गिरती साख

**प्रियंका सौरभ**

**21वीं** सदी की सबसे बड़ी क्रांतियों में एक है—महिलाओं की भागीदारी का बढ़ना। फिर भी, जब वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम ने ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स 2025 जारी किया, तो भारत का 131वां स्थान यह संकेत देता है कि विकास के तमाम दावों के बावजूद महिला सशक्तिकरण केवल नारों में सिमट कर रह गया है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में मामूली सुधार हुआ है, पर राजनीतिक प्रतिनिधित्व और आर्थिक भागीदारी में भारत की स्थिति चिंताजनक है। ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स हर वर्ष वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम द्वारा जारी की जाती है और इसमें चार प्रमुख क्षेत्रों में लैंगिक समानता का मूल्यांकन किया जाता है: आर्थिक भागीदारी और अवसर, शैक्षिक उपलब्धियां, स्वास्थ्य और जीवन प्रत्याशा, और राजनीतिक सशक्तिकरण। 2025 की रिपोर्ट में भारत 146 देशों में 131वें स्थान पर है, जबकि 2024 में यह 129वें स्थान पर था। यानी हम दो पायदान और नीचे गिर गए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भारत ने कुछ उपलब्धियाँ जरूर हासिल की हैं। प्राथमिक स्तर पर बालिकाओं का नामांकन दर लगभग समान हो चुका है, किंतु उच्च शिक्षा में भागीदारी अभी भी असमान है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल ड्रॉप-आउट रेट लड़कियों में अधिक है, खासकर किशोरावस्था के बाद। शिक्षा सिर्फ स्कूल जाने तक सीमित नहीं है, वह अवसर, आत्मनिर्भरता और निर्णय लेने की क्षमता भी देती है—जो अभी भी बहुसंख्यक लड़कियों के हिस्से नहीं आई है। आर्थिक भागीदारी के मामले में तस्वीर और भी चिंताजनक है। भारत में महिला श्रम बल भागीदारी दर मात्र 25% के आसपास है, जबकि वैश्विक औसत 47% है। भारत की बड़ी आबादी होने के बावजूद महिलाओं का सीमित आर्थिक योगदान देश की उत्पादकता और समावेशी विकास को रोकता है।

# लोकतंत्र गिर पड़ा जमीन पर

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**संसद** भवन में घण्टे की घण्टी नहीं, अब तो सीटी बजती है – जैसे कोई ट्रेन छूटने वाली हो। फर्क बस इतना है कि ट्रेन एक दिशा में जाती है और संसद की ट्रेन सारे मुद्दे छोड़कर बेपटरी हो जाती है। उस दिन भी वही हुआ – अब हम हमारे कार्यक्रम को आरंभ करने जा रहे हैं जैसे ही अध्यक्ष महोदय ने उदघोष किया, वैसे ही पाँच सांसद जय जनता की वोट हमारा हक है बोलते हुए सदन कूप में कूद पड़े। कूदना इतना भावुक था जैसे कोई हीरो माँ की चिट्ठी लेकर बॉर्डर पर शहीद होने चला हो। और दर्शक दीर्घा में बैठे पत्रकारों ने कैमरा घुमा दिया – कैमरा मैन, प्लीज पान से हटो, सांसद उड़ रहा है। अब संसद के अंदर नारे नहीं, स्क्रिप्टेड संवाद होते हैं। एक पार्टी का सांसद बोला – मुझे बोलने से रोका गया ये लोकतंत्र नहीं, ये तो लोक-तमाशा है। जवाब आया – आपको बोलने से नहीं, समझाने से रोका गया है। फिर एक ने कुर्सी उठाई और बोला, आज ये कुर्सी नहीं, व्यवस्था उठेगी। कुर्सी गिरी, व्यवस्था वहीं की वहीं रही। संसद में लोकतंत्र को गिरते हमने नहीं देखा, लेकिन गिरे हुए लोकतंत्र पर लोग उछलते जरूर देखे। उन दिनों संसद भवन में बहस कम, थप्पड़ अधिक होते थे। थप्पड़ से डर नहीं लगता साहब, लोकतंत्र के मरने से लगता है। औरतों को चूड़ियाँ भेजी जाती थीं, पुरुषों को सीटी। विरोध का स्तर ऐसा था कि लगता संसद नहीं, मुहल्ले की चौपाल हो। गाली पहले दी जाती थी, फिर माइक बंद किया जाता था। एक सांसद ने कहा – माइक बंद करने से मेरी आवाज नहीं रुकेगी। अध्यक्ष मुस्कराए – क्योंकि आवाज में अकल नहीं है। एक बार तो दृश्य ऐसा हुआ कि एक सांसद फर्श पर लेटकर रोने लगे – मुझे मत रोको, मैं राष्ट्र के लिए रो रहा हूँ। और साथ में उनका मोबाइल गिर पड़ा जिसमें रील चल रही थी – बैकग्राउंड में दर्द भरा गाना बज रहा था। पत्रकार ने पूछा – क्या आपको सदन से निष्कासित किया गया है? उन्होंने कहा – नहीं, मैं खुद चला जाऊँगा मेरी आत्मा को कष्ट है। आत्मा भी उस दिन टेबल के नीचे छिपकर बिलख रही थी। राज्यसभा में तो हालात और गंभीर थे।

## न्यूज फ्लैश

### हिंदू हाई स्कूल ने प्राथमिक गणित पर सी.बी.पी. प्रशिक्षण किया आयोजित



**लाडवा (विजय कौशिक):** हिंदू हाई स्कूल लाडवा में 14 व 15 जून दो दिवसीय स्तर के शिक्षकों के लिए गणित पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सी.बी.पी.) प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती योगिता आहलूवालिया जी ने रिसोर्स पर्सन और सभी विद्यालय से आए हुए शिक्षकगणों का स्वागत किया प्रशिक्षण का नेतृत्व सम्मानित संसाधन व्यक्तियों रुबीना नाज मैम और गौरव गर्ग सर ने किया। एक गंभीर क्षण में, स्कूल समुदाय ने 12 जून को दुखद एयर इंडिया विमान दुर्घटना में अपनी जान गंवाने वाले दिवंगत आत्माओं को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। स्कूल ने एक मिनट का मौन रखा, नुकसान पर विचार किया और प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। सी.बी.पी. प्रशिक्षण और श्रद्धांजलि समारोह ने शैक्षणिक उत्कृष्टता और सामाजिक जिम्मेदारी दोनों के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

### पंजाब में कुछ ग्रहण जैसी शक्तियां बैठी हैं : रेखा गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता रविवार को पंजाब में उपचुनाव प्रचार के लिए जाते समय करनाल में कुछ देर के लिए रुकीं। एक निजी होटल में ब्रेकफास्ट के दौरान उन्होंने पंजाब सरकार पर समन्वय की कमी को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पंजाब में कुछ ऐसी शक्तियां बैठी हैं, जो न तो राज्य को विकसित होने दे रही हैं और न ही पड़ोसी राज्यों से तालमेल बना पा रही हैं।

इसी मौके पर उन्होंने करनाल की सफाई व्यवस्था की सराहना करते हुए यहां के नेताओं के टीमवर्क को विकास का असली आधार बताया। साथ ही दिल्ली-हरियाणा के संबंधों को मजबूत और विकासशील करार दिया।

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता से जब पंजाब द्वारा कभी पानी रोकने, कभी ज्यादा पानी छोड? और पराली के मसले पर अन्य राज्यों से तालमेल की कमी पर सवाल किया गया तो उन्होंने तीखा कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि पंजाब में कुछ ग्रहण जैसी शक्तियां बैठी हुई हैं। इसी कारण न तो पंजाब खुद विकास कर पा रहा है और न ही अन्य राज्यों से तालमेल बना पा रहा है। मुझे लगता है कि उन्हें इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि तीनों राज्यों को मिलकर तालमेल और विकास के रास्ते पर चलना चाहिए, लेकिन जब तक राजनीतिक स्वार्थी शक्तियां प्रभावी रहेंगी, तब तक ऐसा संभव नहीं हो पाएगा।सीएम ने कहा कि दिल्ली और हरियाणा के बीच गहरे संबंध हैं। दोनों राज्यों के बीच ऐसा समन्वय है। जिससे दोनों को विकास का फायदा होता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा का सहयोग दिल्ली को हमेशा मिलता रहा है और आगे भी मिलता रहेगा। दिल्ली के विकास में हरियाणा की भूमिका हमेशा अहम रही है। रेखा गुप्ता ने स्पष्ट किया कि दोनों राज्यों की साझा ताकत ही क्षेत्रीय प्रगति का आधार बन रही है। मीडिया से बातचीत के दौरान सीएम रेखा गुप्ता ने करनाल की सफाई व्यवस्था की भी खुलकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि करनाल शहर सफाई के मामले में काफी आगे है और यहां के नगर निगम और प्रशासन की मेहनत साफ नजर आती है। उन्होंने कहा कि शहर को बहुत ही अच्छे तरीके से मेंटेन किया गया है, जो अन्य शहरों के लिए मिसाल है।सीएम रेखा गुप्ता ने करनाल के राजनीतिक नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि करनाल से वर्तमान में विधायक जगमोहन आनंद हैं, जबकि इससे पहले मनोहरलाल खट्टर यहां से विधायक रह चुके हैं और हरियाणा के मुख्यमंत्री भी रहे।

# प्रधानमंत्री के संकल्प से सिद्धि अभियान ने बदली देश की तस्वीर: डॉ अरविंद शर्मा

**गोहाना, बलराम**

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प से सिद्धि अभियान के माध्यम से देश की तस्वीर बदली। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय भाव व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अखंड भारत व राष्ट्र एकजुटता की भावना पर ऐतिहासिक निर्णय लिए, जिसकी बदौलत आज देश और प्रदेश में निरन्तर तीसरी बार भाजपा सरकार बनी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भावना पर मजबूती से आगे बढ़ रहे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अब तक 28 संकल्प पूरे कर लिए हैं, जबकि इसी साल में 90 संकल्प पूरे कर लिए जाएंगे। रविवार को गोहाना जिला भाजपा द्वारा आयोजित प्रोफेशनल मीट में मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचे



सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 साल में गरीबों की सेवा और वंचितों के सम्मान के विचार को आगे बढाते हुए अंत्योदय भावना के तहत समाज के अंतिम छोर पर अंतिम व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाते हुए हर वर्ग, हर समुदाय में जन-जन उत्थान को सुनिश्चित किया है। उन्होंने खुशी जताई कि हरियाणा ने बीते 11 साल के दौरान केंद्र सरकार की हर योजना को गम्भीरता से लागू किया है, जिसकी बदौलत अन्य राज्यों के सामने आज हरियाणा मिसाल बन रहा है। वर्ष 2024 में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बनी तीसरी सरकार ने 217 संकल्प जनता के लिए किए थे। वर्तमान में इनमें से 28 संकल्प पूरे कर लिए गए हैं, जबकि इसी साल के अंत तक 90 संकल्पों को पूरा किया जाएगा। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि वर्ष 2020 में कोरोना महामारी के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महसूस किया था कि जब रोजगार संकट बढ़ रहा है तो गरीब को खाने की किल्लत न पड़े। ऐसे में पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत पात्रों को प्रति लाभार्थी 5 किलो अनाज देना शुरू किया। केंद्र सरकार आज हरियाणा में 48 लाख लाभार्थी कार्ड धारकों को निशुल्क अनाज दे रही है, यही नहीं इस योजना को वर्ष 2028 तक बढाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत घर-घर स्वच्छ जल पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2024 तक लक्ष्य रखा था, जिसे हरियाणा में वर्ष 2022 तक पूरा किया गया। कोई गरीब बिना छत के न रहे, इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में 74 हजार मकान मंजूर करते हुए 43 हजार 925 मकान बनाए जा चुके हैं, जबकि 30 हजार मकान बनाए जा रहे हैं।

### जय ज्वाला जी सेवा मंडल द्वारा लगाई गई मीठे पानी की छबील



**लाडवा (विजय कौशिक) :** स्थानीय जय ज्वालाजी सेवा मंडल के महासचिव रोहित सिंगला ने बताया की जय ज्वाला जी सेवा मंडल वर्ष भर में अनेकों सामाजिक व धार्मिक कार्य करती है इसी कड़ी में जय ज्वाला जी सेवा मंडल द्वारा आज मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया। महासचिव रोहित सिंगला ने बताया कि संस्था द्वारा आगामी 2 अगस्त 2025 दिन शनिवार को नई अनाज मंडी लाडवा में भव्य जागरण का भी आयोजन किया जाएगा। इस जागरण में पंजाब म्यूजिकल इंडस्ट्री के सुप्रसिद्ध भजन गायक रोशन प्रिंस जी मां के भजनों का गुणगान करेंगे इस अवसर पर प्रधान अंकित गर्ग महासचिव रोहित सिंगला कोषाध्यक्ष नवीन गर्ग सह कोषाध्यक्ष पारस अरोड़ा सचिव राकेश कश्यप अरुण मित्तल तरसेम नरेश शर्मा वंश नमन पारस विकास प्रिंस मानी गर्वित इत्यादि मौजूद रहे।

### नहर में डूबे युवक का शव बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के मूनक हेड के पास दिल्ली पैरलल में डूबे युवक बंसी का शव शनिवार देर शाम को घटनास्थल से करीब 3 किलोमीटर दूर मिला। एसडीआरएफ और गोताखोरों की टीमें शनिवार सुबह से ही सर्च ऑप्रेशन चलाए हुए थी। लेकिन पानी का लेवल काफी ज्यादा था, हालांकि सिंचाई विभाग से परिजनों ने पानी का लेवल कम करने की रिक्वेस्ट की। लेकिन जब बात नहीं बनी तो परिजनों ने मूनक रोड पर जाम लगा दिया।

पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर 2 घंटे में जाम खुलवाया। पानी का लेवल कम होने पर सर्च ऑपरेशन शुरू हुआ तो शव मिला।

# बारात आने से पहले रुकवाई नाबालिग की शादी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के बांसा गांव में एक नाबालिग लडकी की शादी को बालिग होने से महज 18 दिन पहले चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की टीम ने रुकवा दिया। शादी की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं और बारात आने ही वाली थी, लेकिन टीम ने समय रहते पहुंचकर लडकी को रेस्क्यू कर लिया।

नाबालिग के परिवार वालों ने भी कमेटी को भरोसा दिलाया है कि वे अब शादी नहीं करेंगे। वहीं सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन उमेश चानना ने इस मामले को लेकर गांवों में सख्ती बरतने के संकेत दिए हैं और कहा है कि अब



सरपंचों को विशेष निर्देश दिए जाएंगे कि वे हर शादी से पहले लडकी की उम्र की जांच सुनिश्चित करें।

बांसा गांव में रविवार को दो बहनों की शादी थी। दोनों की एक ही दिन बारात आनी थी। इसी दौरान चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के चेयरमैन उमेश चानना को सूचना मिली कि जिन दो लड़कियों की शादी हो रही हैए उनमें से एक नाबालिग है। सूचना मिलते ही सीडब्ल्यूसी की टीम अलर्ट हो गई और तुरंत पुलिस के साथ गांव पहुंची। उस समय तक बारात नहीं पहुंची थी। टीम ने सबसे पहले लडकी के जन्म प्रमाण पत्र व 10वीं कक्षा की मार्कशीट की जांच की।

जांच के दौरान यह सामने आया कि छोटी लडकी की उम्र अभी 18 साल नहीं हुई है। लडकी की जन्मतिथि के अनुसार उसके बालिग होने 18 दिन बाकी है। ऐसे में मामला बाल विवाह की श्रेणी में आ गया। टीम ने तुरंत परिवार को समझाया कि यह कानूनी अपराध है और इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। परिवार ने तत्काल शादी रोकने का निर्णय लिया और लडकी की शादी नहीं करने का लिखित आश्वासन दिया।

चेयरमैन उमेश चानना ने बताया कि बड़ी लडकी की शादी होने दी जाएगी, लेकिन छोटी लडकी को वहां नहीं छोड़ा जाएगा। उसे रेस्क्यू किया जा रहा है, ताकि दोबारा ऐसा प्रयास न हो।

साथ ही जहां से बारात आने वाली थी, उन्हें भी स्थिति से अवगत करा दिया गया है, ताकि किसी भी तरह की असमंजस की स्थिति न बने।

सीडब्ल्यूसी चेयरमैन उमेश चानना ने बताया कि गांवों में बाल विवाह पर अंकुश लगाने के लिए सरपंचों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

### जज के घर पर चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर की पॉश ऑफिसर्स कॉलोनी में जज अनमोल कक्कड़ के बंद घर में दो अज्ञात चोरों ने घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अनमोल कक्कड़ उस समय पंजाब के राजपुरा स्थित अपने घर में थे, लेकिन करनाल स्थित कोठी में लगे सीसीटीवी कैमरों से उन्होंने चोरी की घटना लाइव देख ली और तुरंत अपने रीडर को कॉल कर मौके पर भेजा। रीडर के पहुंचने पर दोनों चोर पीछे से दीवार फांदकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को बुलाया गया। चोरी हुए सामान में नकदी और आर्टिफिशियल ज्वैलरी शामिल है।

जज के रीडर शिकायतकर्ता सुरेश आर्य ने बताया कि वह कोर्ट में जज अनमोल कक्कड़ के रीडर के पद पर कार्यरत है। 14 जून को करीब 4.40 बजे उन्हें जज का फोन आया कि उनकी कोठी नंबर 57 ऑफिसर्स कॉलोनी करनाल में दो चोर घुस आए हैं। यह जानकारी उन्हें पंजाब के राजपुरा स्थित घर से सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से मिली। सुरेश आर्य जब जज के घर पहुंचे तो देखा कि मेन गेट पर ताला लगा हुआ था, लेकिन अंदर चारदीवारी में दो युवक मौजूद थे। जैसे ही उन्होंने सुरेश को देखा, वे पिछली दीवार कूदकर खाली प्लॉट की ओर भाग गए।

# बिजली विभाग के कर्मचारी के साथ मारपीट करने के आरोपी को किया शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा (विजय कौशिक ):** लाडवा थाना प्रभारी सुनील वत्स ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि जिला पुलिस ने बिजली का मीटर लगाने आए बिजली विभाग के कर्मचारी के साथ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को शामिल तफ्तीश करके गिरफ्तार किया है। थाना लाडवा पुलिस की टीम ने बिजली विभाग के कर्मचारी के साथ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोपी प्रेम चन्द



वासी निवारसी जिला कुरुक्षेत्र को मामले में शामिल तफ्तीश करके गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है ।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 22 अप्रैल 25 को थाना लाडवा मे दी अपनी शिकायत मे अशोक कुमार ने बताया कि वह यूएचबीवीएन सब डिवीजन लाडवा में जेई के पद पर कार्यरत है। दिनांक 11 अप्रैल 25 को उनके कार्यालय में नया कनेक्शन लगवाने के लिए आवेदन प्राप्त हुआ था। आवेदन पर मीटर लगाने हेतू वह अपनी टीम के साथ मीटर लगाने पहुंचे तो प्रेम चंद व अनुराग ने उनको मीटर नही लगाने दिया। इसके बाद दिनांक 22 अप्रैल 25 को वह अपनी टीम व थाना लाडवा पुलिस के साथ मीटर लगाने के लिए गया। मीटर लग जाने के बाद पुलिस टीम वापस आ गई तथा वह केबल लगाने के लिए वह रुक गया। पुलिस टीम के जाने के बाद प्रेम व अनुराग अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर उनके साथ गाली गलौज करने लगा। जब उसने उनका विरोध किया तो उन सबने उसके ऊपर हमला कर दिया तथा बिजली का मीटर तोड़ दिया। जिसकी शिकायत पर थाना लाडवा में मामला दर्ज करके जांच की गई। दिनांक 14 जून 25 को मामले की आगामी जांच करते हुए थाना लाडवा प्रभारी निरीक्षक सुनील वत्स के मार्गनिर्देश में सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार की टीम ने बिजली का मीटर लगाने आए कर्मचारी के साथ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में प्रेम चन्द वासी निवारसी जिला कुरुक्षेत्र को मामले में शामिल तफ्तीश करके गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी की माननीय उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत मंजूर होने पर रिहा कर दिया ।

# भाकियू की बैठक में हरिद्वार किसान चिंतन शिविर को लेकर हुई रूपरेखा तैयार

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर (कुलदीप सैनी) :** भारतीय किसान यूनियन की एक अहम बैठक रविवार को गांव धौड़ग स्थित जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष दीप राणा ने की, जबकि संचालन ब्लॉक अध्यक्ष अशोक डांगी ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने आगामी 16 जून से हरिद्वार में शुरू होने वाले तीन दिवसीय किसान चिंतन शिविर को लेकर विस्तार से जानकारी दी और सदस्यों की जिम्मेदारियां तय की गईं। जिलाध्यक्ष



सुभाष गुर्जर ने बताया कि चिंतन शिविर में यमुनानगर जिले से सैकड़ों किसान भाग लेंगे। रादौर कार्यकारिणी की विशेष बैठक में निर्णय लिया गया कि जिलेभर के किसान 17 जून की सुबह 8 बजे अपने वाहनों के काफिले के साथ हरिद्वार के लिए रवाना होंगे। गुर्जर ने बताया कि यह चिंतन शिविर स्वर्गीय बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के समय से आयोजित होता आ रहा है। शिविर में पंजाब, हरियाणा, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश सहित पूरे उत्तर भारत से लाखों किसान जुटेंगे। इस दौरान किसानों के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर गहन मंथन किया जाएगा।

### निशांत देव ने फिर चमकाया देश का नाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के युवा मुक्केबाज निशांत देव ने न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन थिएटर में सुपर वेल्टरवेट वर्ग के मुकाबले में मैक्सिको के जोस्यू सिल्वा को हराकर जबरदस्त जीत हासिल की। छह राउंड के इस प्रोफेशनल मुकाबले में तीनों जजों ने निशांत के पक्ष में 60-54 अंक दिए। जीत के बाद जहां अमेरिका में निशांत की वाहवाही हो रही है, वहीं करनाल के उसके घर में भी जश्न का माहौल है। उसकी मां और दादी ने मैच के दौरान महसूस की गई घबराहट को भी साझा किया। वहीं दोस्तों ने बताया कि बचपन में निशांत को जितना बॉक्सिंग का शौक था, उतनी ही दीवानगी उसे पतंगबाजी की भी थी।

# पांच लाख लूट के प्रयास में चार आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर के एनडीआरआई रोड पर हुई 5 लाख रुपए की लूट के प्रयास के मामले में पुलिस ने पांच में से 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ में पुलिस ने खुलासा किया है कि पीड़ित फाइनेंसर के साथ लूट का प्लान आकाश ने बनाया था और फाइनेंसर से ब्याज पर पैसे लेने वाले रोहताश ने पूरी रेकी की थी। इसके बाद यूपी के तीन लडकों को आकाश ने हायर किया और लूट की वारदात को अंजाम देने की नाकाम कोशिश की।

बलड़ी गांव निवासी साहब सिंह का अनाज मंडी में फाइनेंस का



काम है। 3 जून की रात को वह अपने पडोसी जयपाल के साथ बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहा था। फाइनेंसर ने 5 लाख का कैश टिफिन के कवर में रखा हुआ था और टिफिन अलग से रखा हुआ था। सारा सामान एक झोले में था। देर रात करीब 9 बजे एक बाइक पर आए तीन युवकों ने एनडीआरआई के पास साहब सिंह की बाइक को टक्कर मारी, जिससे वह नीचे गिर गया। जयपाल भी नीचे गिर चुका था। आरोपी युवक बैग की तरफ दौड़े और उसमें से टिफिन निकाल लिया और लेकर भागने लगे। जयपाल ने उनको रोकने का प्रयास किया तो उसके सिर में किसी चीज से हमला किया और वह लहूलुहान हो गया था। आरोपी मौके से टिफिन लेकर फरार हो गए थे। साहब सिंह को लगा था कि आरोपी पैसे लेकर चले गए हैं, लेकिन बाद में पुलिस के सामने बैग चैक किया तो बैग में रखे टिफिन कवर बॉक्स में पैसे सुरक्षित थे। पुलिस ने घायल जयपाल को अस्पताल में भर्ती करवाया और साहब सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

सीआइए वन ने शनिवार की शाम को पुलिस की टीमों ने रेकी करने वाले आरोपी रोहताश को उसी के गांव गामड़ी से गिरफ्तार किया, जबकि अंकित, सागर और विकास को यूपी के जिला बागपत में पड? वाले गांव लोहारू शेरगढ़ से गिरफ्तार किया।

# सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर का 67वाँ वार्षिक उत्सव समारोह मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**बखरी।** सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर श्री सनातन धर्म महाबीर दल रजि. 67वाँ वार्षिक महोत्सव फैक्टरी से मनाया गया। इस दौरान जहां 14 जून 2025 को बाला जी की पार्टी का आयोजन किया गया, वहीं भजन गायक रोहित कपूर और मोनू शर्मा ने अपने भजनों से समां बंद कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में एनआईटी से भाजपा नेता आशुतोष फागना और सुशील भाटिया ने विद्वानों की, ज्योत प्रचंड प्रेम बंगा की प्रस्तुति दी। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व पहलवान मनोज नासवा, नीरज मिगलानी, प्रिंस वोहरा, सुंदर गेरा, नीरज भाटिया रहे। डा. भाटिया ने कहा कि सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर में पिछले 67 दिनों से राजेश सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में अपनी बढ़-चढ़कर भागेदारी निभा रहे हैं,

हर त्योहार, हर उत्सव को मंदिर में उत्सव से मनाया जाता है और सभी मंदिर समिति के सदस्यगण और शहर के सभी लोगों के सभी आयोजनों में पूरी तरह से भगदारी मनाई जाती है। इसके तहत रविवार को दो दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधान डा. भाटिया, हरकिशन गिरोटी और उनकी धर्मपत्नी वी विजय शर्मा (राजेशलाला) सहित देश के लोगों ने आहुति समाज में सुख-समृद्धि की कामना की। आश्रम यज्ञ में किन्नर समाज से मनीषा व साथियों ने भी आहुति अर्पण की, इसके बाद मंच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने ज्योत प्रचंड कर भगवान का ध्यान कराया, अध्यक्ष रेनू भाटिया ने कहा कि सिद्धपीठ हनुमान मंदिर हिंदू धर्म के हर आयोजन को पूरी तरह से समर्पित किया जा रहा है और सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार जन-जन तक किया जा रहा है, जिसके लिए उन्होंने प्रधान द. भाटिया और उनकी टीम की भूरी भूरी प्रशंसा। दोपहर को विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों मछुआरों ने प्रसाद ग्रहण किया इस मोके पर गुलशन बग्गा, ललित गोसाईं, कलाकार लिखित चपराना, क्रांतिकारी रवि भगत, सरदार शेर सिंह भाटिया, सुंदर लाल चुग, नंद राम पाहिल, आई. जैन, आनंद कांत भाटिया, सरदार जीत सिंह, रवि भाटिया, धैर्य भाटिया, श्याम मुथरेजा, मोहन लाल अरोड़ा, परसोत लाल माता, श्याम बाना, भारत अरोड़ा, इशांत कथूरिया, कमल चोपड़ा, इंदर लाल भाटिया, दर्शन लाल भाटिया, दर्शन लाल भाटिया, मामा, वेद शेट्टी, पर उपनाम सिंह। गजेंदर भाटिया, किशोर भाटिया, बल सरदारजीत सिंह, सुनील भाटिया, भगवान दास कपूर, राकेश लांगर, अशंन अरोड़ा, अजेय, वीर बहादुर, यशपाल गेरा, जीतेंद्र पुजारी, श्रवण डंग, मोनिका भाटिया, राधे श्याम भाटिया, मीनू भाटिया, सतीश भाटिया, रवि नागापाल, संजय अरोड़ा, संजय कुमार, हन्नी गिरधर, रवि डुडेजा, मुन्ना भाटिया, मंदिर के राम बंसी लाल कुकरेजा, अमर सोनी, ब्याज भाटिया, भाटिया, रेस्तरां भाटिया, गगन अरोड़ा, रिंकल भाटिया, अमित नरूला, प्रेम बब्बर, पवन मटोलिया, लक्ष्मण, पवन अरविंद शर्मा, आशिष अरोड़ा, शिवम तनेजा, पंकज अरोड़ा (पंकी), सरदार अमरजीत सिंह, सरदार एडोडियम सिंह, आर मान्यता प्राप्त गुलाटी, भारत कपूर, कमल कपूर, जतिन अख्तर, जतिन सुपरस्टार, कृष्णा आमिर, जैन कपूर, मुकुल अरोड़ा, परा अरोड़ा, जेन भाटिया, सोनिया, शीला कपूर, जान्हवी भाटिया, अचर्ना नरूला, मनीषा कपूर, रितु अरोरा, योगिता शर्मा, प्रेम लता अरोरा, शैप्पी भाटिया, केम बजाज, अजय शर्मा, अनिल अरोरा, किशोर अरोरा, पिपरिया भाटिया, प्रदीप लखानी, राजीव बजाज, अन्य शौकीन लोग मौजूद रहे

# बीजेपी सरकार की नीतियों ने बदली गांवों की तस्वीर: कृषि मंत्री राणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर (कुलदीप सैनी) :** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने रादौर के रविवार को संधाली, मॉडल टाउन करहेड़ा, बहादुरपुर, पांसरा व कलानौर गांवों का दौरा कर सेवा, सुशासन व विकास के 11 साल पूरे होने पर ग्रामीणों का आभार जताया। गांवों में पहुंचने पर उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। मंत्री राणा ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण, एनडीए में प्रवेश और तीन तलाक कानून जैसे फैसलों ने उन्हें सशक्त किया



है। किसानों को सम्मान निधि योजना के तहत आर्थिक सहायता दी जा रही है और एमएसपी लगातार बढ़ रही है। खेलों इंडिया के तहत गांवों में खेल सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता बढ़ी है, मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस दौरान ग्रामीणों ने मंत्री के समक्ष गांवों में चोरी की घटनाओं व ट्यूबवेल मोटरों की चोरी की शिकायत की। जिस पर मंत्री राणा ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि आधुनिक तकनीक से निगरानी बढ़ाकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## न्यूज फ्लैश

### अवैध खनन करने वालो के खिलाफ प्रसाशन सख्त रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी, दो लाख 15 हजार रुपए का जुर्माना ठोका




**इंद्री/(मैनपाल कश्यप )** जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि महानिदेशक के एम पांडुरंग और उपायुक्त उत्तम सिंह के निदेर्शों के तहत जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए जांच अभियान जारी है। गत दिवस खनन विभाग और हरियाणा राज्य एनफोर्समेंट ब्यूरो की संयुक्त टीम में शामिल एसआई मोहन लाल, एएसआई राजेंद्र, माइनिंग गार्ड संजीव कुमार व रोहतास द्वारा चैकिंग के दौरान इंद्री के पास 6 मीट्रिक टन रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ा गया। चालक राजेंद्र पुत्र बचना सिंह निवासी गांव चन्द्राव के पास ट्रैक्टर-ट्राली में भरे रेत का बिल नहीं पाया गया। इसी कारण वाहन को जब्त कर एनफोर्समेंट ब्यूरो के थाने में पहुंचाया गया है। खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि राजेंद्र पर 2 लाख 15 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। एक महीने के भीतर जुमार्ने की राशि अदा न करने पर वाहन को जब्त कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है। जिला में अवैध खनन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### कार्रवाई नहीं हुई तो जल्द करेंगे प्रदर्शन

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**



**खरखौदा** में जल विभाग की लापरवाही काफी समय से लीक पड़ी पाइपलाइन, लोगों को जलभराव और गंदगी की समस्या। खरखौदा के वार्ड 16 और 12 में पेयजल पाइपलाइन लीक होने से लोगों को जलभराव और गंदगी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पिछले काफी समय से यह समस्या बनी हुई है। लेकिन जल विभाग ने अभी तक इसे ठीक नहीं किया है। हाल ही में जल विभाग ने पाइपलाइन ठीक करने के लिए खुदाई की, लेकिन काम अधूरा छोड़कर गड्ढा खुला छोड़ दिया गया है। इससे राहगीरों को परेशानी हो रही है और दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने कई बार शिकायत की है, लेकिन विभाग के अधिकारियों ने अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे प्रदर्शन करेंगे। विभागीय लापरवाही से नागरिकों में रोष बढ़ता जा रहा है। अब देखना यह है कि जल विभाग कब तक इस समस्या का समाधान करता है और लोगों को राहत प्रदान करता है। क्या विभाग अपनी लापरवाही सुधारेगा।

# नारीशक्ति सम्मान एवं छात्र प्रोत्साहन समारोह आयोजित

**साथ ही सरकारी विद्यालयों के 11 मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया**

**अलंकृत**

- प्रोफेसर विवेक शर्मा ,राजेंद्र स्नेही एवं डॉ कनन शर्मा को विशेष सम्मान देकर अलंकृत किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में मानव मित्र मण्डल द्वारा नारी शक्ति सम्मान एवं छात्र प्रोत्साहन समारोह आयोजित किया गया। महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में मानव मित्र मंडल द्वारा मंडल के संस्थापक ब्रह्मलीन प्रो. राम रतन शर्मा के आशीर्वाद से नारी शक्ति सम्मान एवं छात्र प्रोत्साहन समारोह मैक्सजूनियर, समीप भद्रकाली मंदिर के पावन परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि साध्वी लक्ष्मी देवी कुरुक्षेत्र एवं कार्यक्रम अध्यक्षा ममता शर्मा, योजना प्रमुख भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान हरियाणा तथा मानव मित्र मण्डल के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा महारानी लक्ष्मी बाई के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर मानव मित्र मंडल की ओर से समाजसेवी नारीशक्ति ममता सूद, एकजौत कौर, हिमशिखा, सुदेश कुमारी, निर्मल दहिया, मोनिका शर्मा ,सिम्मी गुप्ता, दिव्या, विशाखा, राजबाला, गुरजिंदर कौर, डॉक्टर अर्चना शर्मा एवं बहन अमर जी आदि को नारीशक्ति सम्मान एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। यूपीएससी परीक्षा 2024 में 245वां रैंक प्राप्त करने वाले कुरुक्षेत्र निवासी साहिल धनखड़ , मण्डल के विशेष सहयोगी प्रोफेसर विवेक शर्मा ,राजेंद्र स्नेही एवं डॉ कनन शर्मा को विशेष सम्मान देकर अलंकृत किया गया। साथ ही सरकारी विद्यालयों के 11 मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि साध्वी लक्ष्मी देवी जी कुरुक्षेत्र ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक होना चाहिए। आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज महिलाएं अत्याचार एवं शोषण का शिकार हो रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन महिलाओं को जागरुक करते हैं और उनके अंदर आत्मविश्वास पैदा करते हैं। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई का अद्भुत शौर्य एवं पराक्रम पूरी दुनिया की मातृशक्ति के लिए गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ममता शर्मा योजना प्रमुख भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान कुरुक्षेत्र ने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सुन्दर कार्यक्रम वास्तव में ही नारी सशक्तिकरण का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जीवन मे शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है, जिसके बल पर हम जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त कर समाज के लिए हितकारी कार्य भी कर सकते हैं एवं एक अच्छे इंसान बन सकते हैं। छात्रा प्राची, प्रीति, सानवी, अनुष्का , राशि एवं आंचल ने नारी शक्तिकरण पर मनमोहक कविताएं प्रस्तुत की। मण्डल की उपाध्यक्ष डॉ अनीता गोयल ने संस्था का संक्षिप्त परिचय प्रदान किया और मंडल की वार्षिक गतिविधियों की जानकारी प्रदान की।

## श्री कबीर धाणक समाज ने भंडारा का किया आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**भंडारा**

- सैक्टर-10 चौक के पास मीठे पानी की छबील एवं चावल तथा हलवे का भंडारा लगाया

**कुरूक्षेत्र :** सतगुरु श्री कबीर साहेब जी के 628वें प्रकट दिवस के उपलक्ष में श्री कबीर धाणक समाज धर्मशाला एवं छात्रावास सभा रजि. कुरुक्षेत्र द्वारा कुरुक्षेत्र पीपली रोड़ पर सैक्टर-10 चौंक के पास मीठे पानी की छबील एवं चावल तथा हलवे का भंडारा लगाया । सतगुरु श्री कबीर साहेब जी के 628वें प्रकट दिवस के उपलक्ष में श्री कबीर धाणक समाज धर्मशाला एवं छात्रावास सभा रजि. कुरुक्षेत्र द्वारा कुरुक्षेत्र पीपली रोड़ पर सैक्टर-10 चौंक के पास मीठे पानी की छबील एवं चावल तथा हल्वे का भंडारा लगाया जायेगा। यह जानकारी सभा के प्रधान जय नारायण खटक ने दी। सभा के प्रधान ने जानकारी देते हुए बताया कि गत 10 वर्षों से हमारी संस्था कबीर साहेब के प्रकट दिवस पर लगातार छबील एवं भंडारे का आयोजन करती आ रही है जिसमें आम श्रद्धालु न केवल भंडारे में बने प्रसाद का स्वाद ग्रहण करते हैं।

## आस्ट्रेलिया का वर्क परमिट व वीजा दिलवाने के नाम पर ठगी के मामले में मां बेटा गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर/(धर्मबीर)-** आस्ट्रेलिया का वर्क परमिट व वीजा दिलवाने के नाम पर ठगी के मामले में पृथ्वीनगर कालोनी निवासी रमनदीप कौर व उसके बेटे तरनप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। तरनप्रीत को जेल भेज दिया गया। जबकि रमनदीप कौर को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। गांधीनगर थाना प्रभारी जगबीर सिंह ने बताया कि पुलिस को दी शिकायत में लवली बंसल ने बताया था कि आरोपी रमनदीप कौर ग्लोबल इंफोटेक में बतौर प्रोपराइटर कार्य करती है। उससे लवली बंसल ने आस्ट्रेलिया जाने के बारे में बात की तो आरोपी ने कहा कि उनकी कंपनी की आस्ट्रेलिया में बड़ी कंपनियों में हिस्सेदारी है। उन कंपनियों में कार्य करने वालों की जरूरत है। वर्क परमिट व वीजा पर 18 से 20 लाख रुपये का खर्च आएगा। उसकी बातों में आकर वह तैयार हो गया।इसके बाद आरोपी ने अलग-अलग कर कभी मेडिकल, कभी प्रोसेसिंग फीस तो कभी अन्य खर्च बताकर 20 लाख रुपये ले लिए। आरोपी रमनदीप कौर व तरनप्रीत सिंह अपनी कार में मेडिकल कराने के लिए भी जीरकपुर भी लेकर गए। उनके कार्यालय पर विदेश जाने वाले लोगों की भीड़ लगी रहती थी।

## महिलाओं को पॉलिथीन का प्रयोग न करने की दिलाई शपथ

**आई हेट पॉलिथीन**

- "आई हेट पॉलिथीन" मुहिम की राष्ट्रीय संयोजिका पूजा अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा अग्रवाल धर्मशाला कुरुक्षेत्र में हरित भारत, हरित धरा अभियान के अंतर्गत "पॉलिथीन हटाओ, पर्यावरण बचाओ" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम "आई हेट पॉलिथीन" मुहिम की राष्ट्रीय संयोजिका पूजा अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आज के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्रोफेसर वनिता ढींगरा व प्रो. प्रोमिला ने कहा की "प्रकृति ने हमें वे सभी संसाधन और सुविधाएं प्रदान की हैं, जो एक सुखी जीवन के लिए आवश्यक हैं। हमें बिना किसी मूल्य के प्रकृति से अनगिनत बहुमूल्य उपहार प्राप्त हुए हैं। इसलिए, यह हमारा कर्तव्य है कि हम पॉलिथीन का उपयोग बंद कर-के प्रकृति को स्वच्छ और सुरक्षित रखें। सभी को इस मुहिम में एकजुट होकर योगदान देना होगा, तभी हम पॉलिथीन के उपयोग को पूरी तरह समाप्त कर पाएंगे।" इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके भारत के ट्रस्टी विवेक शर्मा ने उपस्थित सभी महिलाओं को पॉलिथीन का उपयोग न करने को कहा की हमे अपने दैनिक जीवन मे खुद भी व पड़ोस मे रहने वाले सभी को पोलीथीन का उपयोग न करने के प्रति जागरुक करना है। सेवा ट्रस्ट के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल व वालंटियर जय कुमार ने वहा पर उपस्थित सभी को पोलीथीन का उपयोग न करने की शपथ दिलाई की "हम यह शपथ लेते हैं कि आज के बाद अपने घर में पोलीथीन का प्रयोग नहीं करेंगे। हम उम्मीद करते हैं कि अपनी दिनचर्या में पोलीथीन का प्रयोग न करके एक दिन अपने वातावरण को पॉलीथिन मुक्त कर देंगे"। सेवा ट्रस्ट कुरुक्षेत्र के मीडिया प्रभारी विजय पंघाल व संगठन सचिव नरेश शर्मा ने बताया की सेवा ट्रस्ट द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पॉलिथीन के उपयोग को कम करने के उद्देश्य से हरियाणा के दस जिलों में अभियान चलाने का संकल्प लिया।

## विमान हादसा: आर्य समाज मंदिर में हवन यज्ञ का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**



**आत्मिक शांति**

- गुजरात में हुई विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की आत्मिक शांति के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया

**यमुनानगर/(धर्मबीर)-** आर्य समाज मंदिर प्रताप नगर में गुजरात में हुई विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की आत्मिक शांति के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया । हवन यज्ञ ब्रह्मा आर्य सुरेश देवघर,आर्य वनिता इस्माइलपुर, आर्य ममता व आर्य कांता द्वारा संपन्न कराया गया। ब्रह्म आर्य सुरेश देवधर ने बताया गुजरात में हुई विमान दुर्घटना से पूरा देश शोक में डूबा हुआ है। प्रभु हमें हर दुख को भूलकर आगे बढ़ाने की प्रेरणा दे, पूरा देश मृतकों के परिवारों के साथ दुख की घड़ी में शामिल है। आर्य समाज के साथ-साथ पूरा देश दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना कर रहा है प्रताप नगर में आयोजित साप्ताहिक हवन यज्ञ में मृतक आत्माओं के शांति के लिए हवन यज्ञ किया गया। इसके अतिरिक्त साप्ताहिक हवन यज्ञ में आर्य रोहित शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर हवन में आहुतियां अंडा ली गई। सभी आर्यजनों ने आर्य रोहित शर्मा को पुष्प वर्षा करके आशीर्वाद दिया। यजमान को ओम का ध्वज और वैदिक साहित्य भेट किया गया। आर्य रमेश ताजेवाला, आर्य अशोक देवधर, आर्य रूपेश शर्मा, आर्य राजेश, आर्य राधेश्याम, आर्य काजल मेहंदी रता, आर्य बबली शर्मा, आर्य समाज के प्रधान आर्य महिपाल रोहिला ने सबका स्वागत किया। वेद की ज्योति जलती रहे, ओम का झंडा ऊंचा रहे।

## अंग्रेज सिंह सैनी चौथी बार बने सैनी सभा इंद्री के प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**



**इंद्री/(मैनपाल कश्यप )** सैनी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक इंद्री की सैनी धर्मशाला में आयोजित की गई, जिसमें सैनी समाज के गणमान्य मौजूद रहे । इस बैठक में सर्वसमति से अमर सिंह जैनपुर निरंजन सिंह बीड़ रैतखना की अध्यक्षता में सैनी सभा का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें सर्वसमति से अंग्रेज सिंह सैनी को चौथी बार सैनी सभा इंद्री का प्रधान चुना गया। चुनाव प्रक्रिया में सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से अपनी सहमति दी और अंग्रेज सिंह सैनी को प्रधान पद के लिए चयनित किया। इसके अलावा, बलबीर गुढ़ा और जगपाल बीड रैतखाना को उपप्रधान के रूप में चुना गया। सभी चुने गए पदाधिकारियों का सैनी समाज के लोगो ने उनका फूलमालाओं व पगड़ी पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। नवनियुक्त सैनी सभा इंद्री के प्रधान अंग्रेज सिंह सैनी ने समाज के लोगो का आभार व्यक्त किया और यह आश्वासन दिया कि वे समाज के उत्थान के लिए अपनी पूरी निष्ठा से काम करेंगे। समाज के लोगो ने जो मुझे जिम्मवारी दी है में उस पर खरा उतरने का काम करूँगा। इस अवसर पर उनके साथ माया सैनी ,ईशम सिंह ,रणबीर ,बलबीर सिंह ,ओमप्रकाश ,अमरनाथ, बलबीर गुढा ,जगदीश ,मोहन सैनी ,रमेश ,पवन, रामनाथ ,बलवंत ,मान सिंह, रामकरण ,संजीव कुमार ,सुमेर चंद ,समुंदर ,जयराम, अमर सिंह आदि काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

### बारिश ने दिलाई गर्मी से निजात

**जींद।** जींद में रविवार अल सुबह आई बारिश ने जहां गर्मी से निजात दिलाई वहीं मौसम में भी हल्की ठंडक ला दी है। हालांकि बारिश के बाद सड़कों पर बरसाती पानी जमा हो गया जिससे वाहन चालकों व राहगीरों को आवागमन में परेशानी हुई। बारिश के चलते तापमान में एक डिग्री की गिरावट आई। अधिकतम तापमान 41 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 29 डिग्री रहा। मौसम में आद्रता 45 प्रतिशत और हवा की गति आठ किलोमीटर रही। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार दो दिन तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा। वहीं किसान रोहताश, राजा ने बताया कि बारिश की किसान लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। बारिश न होने तथा तापमान अधिक होने के चलते धान के लिए लगाई पनीरी जल रही थी।

## बंदरों के आतंक से परेशान ग्रामीणों ने लगाया जाम

**टीम एक्शन इंडिया**



**शांत किया**

- सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाकर शांत किया

**यमुनानगर/(धर्मबीर )-** जोड़ियां गांव के ग्रामीण शनिवार को बंदरों के बढ़ते आतंक से परेशान होकर सड़क पर उतर आए। उन्होंने सहारनपुर से दिल्ली को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर आधे घंटे तक जाम लगाकर विरोध जताया। इससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाकर शांत किया। अधिकारियों ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि बंदर कभी भी किसी पर हमला कर देते हैं, जिससे अब तक कई लोग घायल हो चुके हैं। वे घरों में घुसकर अनाज की बोरियों को फाड़ देते हैं और महिलाओं व बच्चों पर हमला कर देते हैं। गांव की रहने वाली शिवानी ने बताया कि छत पर कपड़े सुखाने के दौरान बंदरों ने उन पर हमला कर दिया था। उनकी बाजू और कमर पर गहरे घाव आए हैं। वहीं एक छोटी बच्ची को बंदरों ने छत से धक्का दे दिया, जिससे उसके चेहरे और हाथ पर चोट आई है। ग्रामीण राकेश कुमार, मुकेश कुमार, नीलम रानी समेत कई लोगों ने बताया कि वे दशकों से गांव में रह रहे हैं, लेकिन पहले ऐसी समस्या कभी नहीं थी। अब बंदर झुंड में आकर पेड़ों पर उछलकूद करते हैं और घरों में घुसकर उत्पात मचाते हैं।

कई बार बच्चों और महिलाओं को काटकर घायल कर चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने पहले भी मुख्यमंत्री, जिला उपायुक्त और पुलिस प्रशासन को शिकायतें दी थीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे आने वाले सप्ताह में फिर से बड़ी संख्या में सड़क पर उतरेंगे और जब तक समाधान नहीं होगा, जाम हटाने नहीं देंगे।

## यक्ष प्रश्न बना, लोक निर्माण विभाग कब करेगा सड़कों के गड्ढों की मरम्मत

**टीम एक्शन इंडिया**
**अनिल वर्मा**



**जनसमस्या**

- मगर बार - बार इस समस्या की ओर ध्यान दिलवाने के बावजूद वो चिकने घड़े की भूमिका अदा कर रहे हैं

**थानेसर:** लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को गर्मी के दिनों में कार्यालय के वातानुकूलित कक्षों में बैठना इतना रास आ रहा है कि जनता के हितों पर उनका ध्यान ही नहीं जाता। नगर की वी आई पी सड़कों में शामिल रोटरी चौक से लेकर भद्रकाली रोड पर जानलेवा गड्ढों को भरने में अधिकारी कोई रूचि नहीं ले रहे हैं जबकि अधिकारियों तक इन खतरनाक गड्ढों के बारे में कार्यवाही करने बारे कई बार अवगत करवाया जा चुका है। उस समय अधिकारी इन गड्ढों को ठीक करने का आश्वासन दे देते हैं मगर कार्यवाही के नाम पर हर बार परिणाम शून्य ही निकलता है। रोटरी चौक से आगे रविदास धर्मशाला के सामने और इसी सड़क पर थोड़ा आगे जाकर सरस्वती स्वीट हाउस के सामने जानलेवा गड्ढे काफी लंबे समय से प्रशासन की बेरुखी की कहानी ब्यान कर रहे हैं।चूंकि यह रोड लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के प्रयोग के रास्ते में नहीं है इसलिए इसको ठीक करना भी इनको भारी काम लग रहा है। अगर इन गड्ढों के कारण किसी वाहन चालक के साथ कोई अप्रिय घटना हो जाए तो सिवाय जिम्मेवार अधिकारी के स्थानांतरण के अलावा और कोई सख्त कार्यवाही इन पर नहीं होगी। इसके अतिरिक्त प्रभावित व्यक्ति अथवा परिवार को मुआवजा सरकार को देना होगा वो भी इन अधिकारियों की तनख्वाह से नहीं दिया जाएगा बल्कि सरकारी खजाने से दिया जाएगा इसलिए ये अधिकारी बिल्कुल संवेदनहीन होकर अपनी नौकरी कर रहे हैं क्योंकि उनको अपनी तनख्वाह से मतलब है जनता की परेशानी से कुछ लेना देना नहीं है। अब कुछ ही दिनों बारिश का मौसम भी शुरू होने वाला है। बारिश के पानी से भरी सड़कों पर कोई भी गड्ढा नजर नहीं आता। ऐसे में किसी बड़ी दुर्घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। अधिकारियों को स्वविवेक से ऐसे गड्ढों को भरकर जागरूक और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी होने का परिचय देना चाहिए था मगर बार - बार इस समस्या की ओर ध्यान दिलवाने के बावजूद वो चिकने घड़े की भूमिका अदा कर रहे हैं।

## सीजेएम अंबाला ने 'कलाधारा ग्रुप' के सदस्यों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला:** कलाधारा ग्रुप के सदस्यों द्वारा किया गया सेंट्रल जेल ओर ऑब्जर्वेशन होम में नुक्कड़ नाटक (दीवारों के पीछे भी इंसान है) जिसमें कलाधारा ग्रुप ने वहां के कैदियों को सरकार द्वारा क्या-क्या सुविधा उपलब्ध करवाई जाती हैं उनके बारे में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया और समझाया जिसमें बताया कि उन्हें अपने केस लड़ने के लिए सरकार द्वारा वकील दिए जाते है जो उनके केस को लड़ते है। तथा गर्भवती महिलाओं के लिए बहुत सी सुविधाएं दी गई है उनकी जानकारियां भी बताई गई। कैदियों ने भी नाटक को बहुत ही ध्यान पूर्वक सुना और देखा और नाटक को काफी सराहना दी। सीजेएम परवीन ने कलाधारा ग्रुप के कार्य को देखते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जिसमें कलाधारा ग्रुप के संस्थापक अंकुर मिश्रा को ओर पूरी टीम को सम्मानित किया जिसमें करन बुटालिया, आयुषी,मानसी,मनीष,मनीषा,जतिन , विशाली,यश शर्मा,दिवस,अंकुश,अर्शदीप आदि मौजूद रहे।

# सोनीपत में बढ़ रही विकास कार्यों की रफ्तार

**शुभारम्भ**

**विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन ने 71 लाख रु की विकास कार्यों का किया शुभारम्भ**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत( संजीव कौशिक):** विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन रविवार को वार्ड नं 10 में पहुंचे जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन ने लगभग 71 लाख रुपए की लागत से किए जाने वाले विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि महेश लूथरा और क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिक विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने विधायक और मेयर का फूल मालाओं द्वारा गर्म जोशी से स्वागत किया और उनके वार्ड में विकास कार्य करवाने के लिए आभार जताया।

विधायक निखिल मदान ने बताया कि विकास कार्यों को गति देते हुए आज 71 लाख रु की लागत से सेक्टर 12 पार्ट 3 की ग्रीन बेल्ट के साथ की चारदीवारी, बाउंड्री वॉल (महाराणा प्रताप चौक से ट्रक यूनियन तक) बनाने के कार्य का शुभारंभ किया है। इस कार्य को आगामी दो सप्ताह में पूरा किया जाएगा। इस कार्य में लगभग 3 फुट ऊँची दीवार बनाकर उसके ऊपर लोहे की ग्रिल लगाई जाएगी। इसके साथ ही विधायक निधि कोष से भी विभिन्न विकास कार्यों को शुरू करवाया जाएगा, जिसमें शहर के सभी मुख्य मार्गों का सौंदर्यीकरण और गलियों का निर्माण करवाया जाएगा।मेयर राजीव जैन ने कहा कि नगर निगम चुनावों के पश्चात सोनीपत में ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है। उनका यही प्रयास है कि सोनीपत के हर गली मोहल्ले में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर किया जाए। हर रोज करोड़ों रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया जा रहा है। आज सेक्टर 12 में ग्रीन बेल्ट की चार दिवारी करने का कार्य किया जा रहा है। आने वाले समय में नगर निगम सोनीपत में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों को धरातल पर शुरू किया जाएगा, जिससे शहर की सूरत बदली हुई नजर आएगी। इसके साथ ही सोनीपत में स्वच्छता अभियान को भी चलाया जा रहा जिसमे सभी नालों की सफाई करवायी जा रही है। मेयर राजीव जैन ने मौके पर निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को पूरा कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूरे करने के आदेश दिए। इस मौके पर निगम पार्षद प्रतिनिधि महेश लूथरा,बिजेंद्र दहिया,ललित, जोगिंद्र ,बिजेंद्र,राजू,अशोक अरोड़ा,विनोद मेहता,धनखड़ प्रधान,कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है : बडौली



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । रविवार को गांव कामी में संकल्प से सिद्धि की और कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली मुख्यातिथि शिरकत की ,जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात के कार्यक्रम के लोकसभा संयोजक आजाद नेहरा बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। सम्बोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने कहा कि भारत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंत्योदय उत्थान और गरीब कल्याण के लिए अपने 11 साल के कार्यकाल में अनेक योजनाएं बनाकर उन्हें लागू किया, जिनका देश की जनता को लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास का सपना साकार हो रहा है। बडौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के गरीब परिवारों को अन्न कल्याण योजना में 81 करोड़ को मुफ्त राशन मिल रहा है, प्रधानमंत्री आवास योजना में 4 करोड़ से अधिक मकान बनाए गए। वरिष्ठ भाजपा नेता आजाद नेहरा ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तिकरण के लिए उठाए सराहनीय 11 साल के कार्यकाल में नारी शक्ति को संसद व विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण, मातृत्व अवकाश 12 दिन सप्ताह से बढाकर 26 सप्ताह किया। तीन तलाक कानून में मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाया।
उन्होंने कहा कि पीएम श्री योजना के तहत 14500 स्कूलों का आधुनिकरण किया गया ताकि युवा पीढी बेहतर शिविधायकक्षा ग्रहण कर रोजगार प्राप्त करे।

**न्यूज फ्लैश**

## कड़ी सुरक्षा में पंचायती राज व ब्लॉक समिति उपचुनाव शांतिपूर्ण ढंग से हुए संपन्न*




**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा..(रणबीर खटक)......**सिरसा पुलिस ने डिंग व ऐलनाबाद थाना क्षेत्र के गांव कंवरपुरा,कोटली व नीमला में पंचायती राज के 6 पोलिंग बूथों जबकि ब्लॉक समिति के 7 पोलिंग बूथों पर शांतिपूर्ण ढंग से उपचुनाव संपन्न करवाए गए । पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता ने चुनाव ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिस अधिकारियों और जवानों की उपचुनाव में बेहतरीन ड्यूटी का निर्वहन करने पर उनकी पीठ थपथपाई और उन्हें बधाई दी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव करवाना पुलिस का परम दायित्व है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधिकारी और कर्मचारी अपनी ड्यूटी के दौरान आमजन के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार करते हैं और असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटते हैं। जिला पुलिस ने निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव करवाने के उद्देश्य से सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए थे। संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया था। पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टियां संबंधित क्षेत्र में लगातार गश्त कर रही थीं और पल-पल की जानकारी ले रही थीं । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि उप चुनावों में सभी पुलिसकर्मियों ने एक बेहतर सामंजस्य स्थापित कर शांतिपूर्ण चुनाव करवाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा की और आमजन से मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी गई। पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिस अधिकारियों और जवानों को उनकी बेहतर ड्यूटी के लिए बधाई दी और कहा कि पुलिस द्वारा निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव करवाना ही पुलिस की पहली प्राथमिकता है । पुलिस जवानों ने सेवा सुरक्षा एवं सहयोग का बेहतर ढंग से अपने कर्तव्य निर्वहन कर सुरक्षा का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी की जहां भी ड्यूटी लगे वहां आमजन के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार करें तथा असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटें ताकि आमजन अपने आप को सुरक्षित महसूस करें तथा समाज में पुलिस की एक बेहतर छवि नजर आए ।

## नाबालिक वाहन चालकों की धरपकड़ के लिए लाडवा पुलिस ने चलाया अभियान

**लाडवा (विजय कौशिक) :** लाडवा में नकाबपोशों और गुंडागर्दी करने वालों पर पुलिस की तरफ से की जा रही सख्त कार्रवाई। जिला पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र के आदेश पर लाडवा थाना प्रभारी सुनील वत्स ने लाडवा में एक विशेष अभियान चलाकर लाडवा शहर में आवारागर्दी करने वाले बुलेट मोटरसाइकिल चालकों को व काले रंग की गाड़ियों वाले वाहन चालकों पर सख्ती करनी शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सुनील वत्स ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र के आदेश अनुसार लाडवा सीएम सिटी होने के कारण यहां पर पुलिस द्वारा कुछ नियमों के अंतर्गत वाहन चालकों की तलाशी की जा रही है, ताकि कोई भी अप्रिय घटना होने से रोका जा सके। उन्होंने बताया पुलिस द्वारा की जा रही जांच के दौरान बिना नंबर प्लेट, बिना कागजात और काले रंग की फिल्म चढ़ी कारों पर कार्रवाई अमल में जा रही है। साथ ही जो नाबालिक बच्चे तीन सवारी के साथ टू व्हीलर पर आवारागर्दी करते पाए जा रहे हैं, उनके ऊपर भी नकल कसी जा रही है। उन्होंने बताया की 15 से 18 साल के बच्चे बिना किसी मंजूरी के वाहनों को लापरवाही से चला रहे हैं, जोकि कानून रूप से गलत है। उनके द्वारा की जा रही इस लापरवाही से सड़क हादसों को न्योता मिलता है। सुनील वत्स ने कहा लाडवा की जनता का यह कर्तव्य बनता है कि वह पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में हमारा सहयोग करें।

# नपा प्रधान रमेश सैनी ने किया सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेन्द्रगढ़** । लगभग 3 करोड़ की लागत से मसानी चौक से 11 हट्टा बाजार होते हुए हाइप जिम तक बनाए जा रहे सड़क निर्माण कार्य का आज नगरपालिका प्रधान रमेश सैनी के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।
सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के पश्चात वे निर्माण सामग्री तैयार किए जाने वाले प्लांट पर पहुंचे और मैटीरियल गुणवत्ता की जांच की और उन्होंने संबंधित ठेकेदार को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण सामग्री को लेकर किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह शहर का सबसे व्यस्ततम और मेन बाजार है इसलिए इसके निर्माण कार्य में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
उन्होंने हाईप जिम से लेकर भाई रामसिंह की कोठी तक बनाए जा चुके सड़क मार्ग के दोनों और नाले बनाने के दिशा निर्देश भी दिए ताकि आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए लोगों को जल भराव की समस्या का सामना न करना पड़े।
उन्होंने बताया कि इस रोड़ के सौंदर्य करण के लिए भी एक अलग से टेंडर लगाकर विशेष योजना तैयार की जाएगी और जल्द ही इस रोड़ के बीच में लगे बिजली के खंभे भी हटवाए जाएंगे । उन्होंने लोगों द्वारा अपने अतिक्रमण स्वयं ही हटाए हटाने के लिए उन सभी का आभार जताया ।आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि परशुराम चौक से सरार्फा बाजार की तरफ जाने वाला सड़क मार्ग भी इतना संकरा है जिसमें दो छोटी गाड़ियां भी आपस में क्रास नहीं कर सकती । इसलिए सरार्फा बाजार में बनी हुई दुकानों के चबूतरे हटाकर चौड़ी , सुन्दर और टिकाऊ सड़क बनाए जाने की प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जाएगी ।

# घटिया निर्माण सामग्री से बन रही गलियां, पहली बारिश में खुली पोल



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**। शहर में नगरपालिका द्वारा विभिन्न वार्डों में गली निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। हालांकि नगरपालिका अधिकारी इन निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण बताते हुए विकास के बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं, लेकिन कई जगहों पर यह दावे फेल हो रहे हैं। खेड़ी रोड स्थित कौशिक गार्डन के पास हाल ही में बनाई जा रही एक गली ने नगरपालिका के विकास कार्यों की पोल खोलकर रख दी है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि गली निर्माण में ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। बताया गया कि टाइलें बिछाने से पहले जहां मजबूत आधार के लिए पत्थर व आवश्यक सामग्री डाली जानी चाहिए थी, वहां सीधी कच्ची मिट्टी को समतल कर टाइलें बिछा दी गईं। स्थानीय निवासी मोनू, विकास और संदीप ने बताया कि ठेकेदार द्वारा रेत की जगह मिट्टी का इस्तेमाल किया गया, जिससे पहली ही बारिश में गली की स्थिति बिगड़ गई। मिट्टी के बहते ही टाइलें हिलने लगीं और गली उखड़ने लगी।

# लड़सौली गांव के पूर्व सरपंच, उसके भाई अन्य पर मारपीट का आरोप

**गन्नौर**। गन्नौर जीटी रोड स्थित कनक ढाबे के पास पेट्रोल पंप पर एक ट्रक चालक व उसके साथी के साथ लड़सौली के पूर्व सरपंच, उसके भाई व अन्य ने मारपीट कर दी। आरोपित जाते हुए चालक के पैसे भी चोरी कर ले गए। घायल ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना में दी। शिकायत में गांव झुंडपुर, सोनीपत निवासी भोपाल ने बताया कि वह ट्रक चालक है और यमुनानगर से कुंडली बार्डर पर डस्ट लाने का काम करता है। वह १४ जून को अपने साथी पवन के साथ गांव झुंडपुर से १ लाख ८४ हजार रुपये लेकर यमुनानगर जाने लगे। जब वह भिगान टोल पर पहुंचे तो वहां एक कैंटर चालक प्रवीण के साथ उनकी कहासुनी हो गई। इसके बाद वह अपना ट्राला लेकर गन्नौर जीटी रोड पर कनक ढाबे के पास पेट्रोल पंप पर रुक गए। उन्होंने पंप मालिक को सारी बात बताई। कुछ देर बाद वहां कैंटर चालक प्रवीण अपने भाई लड़सौली के पूर्व सरपंच प्रदीप व ८-१० अन्य युवकों के साथ आया और उनके साथ मारपीट की। आरोप है कि हमलावर का शीशा तोड़ कर उनके पैसे चोरी कर लिए और जान से मारने की धमकी भी दे गए। पुलिस ने शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा के संकल्प से सिद्ध कार्यक्रम में जाखोली मंडल में हुआ कार्यक्रम का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई** । भारतीय जनता पार्टी के "संकल्प से सिद्ध तक" अभियान में जाखौली गांव में जाखौली मंडल के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
जिसमें राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की । जखोली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया । विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का काम करे। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा की ओर से आयोजित होने वाले संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम आयोजित हुआ हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 गौरवपूर्ण वर्ष पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियो को जनता तक पहुचाने के लिए 21 जून तक अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान विकसित भारत का अमृत काल एवं सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के 11 साल पर आधारित है। गहलावत ने केंद्र सरकार की 11 साल की उपलब्धियों को गिनाया ।

# पांची जाटान में वार्ड ४ से मुकेश बनी पंच, कविता को ६० वोटों से हराया

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
गांव पांची जाटान में वार्ड नंबर-४ के लिए हुए पंच उपचुनाव में मुकेश ने ६० वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। यह सीट सामान्य महिला के लिए आरक्षित थी। चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। वार्ड नंबर-४ में कुल २३५ मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से १६४ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिनमें ९९ पुरूष व ६५ महिला मतदाता शामिल थी। मुकेश को ११२ वोट प्राप्त हुए, जबकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी कविता को ५२ वोट मिले। मुकेश ने ६० वोटों के बड़े अंतर से विजय हासिल की।

# 'संकल्प से सिद्धी की ओर' कार्यक्रम में विकसित भारत 2047 का दिलाया संकल्प



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई। केन्द्र** सरकार के 11 वर्ष पूर्व होने पर आयोजित संकल्प से सिद्धी की और कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली व विधायक कृष्णा गहलावत ने कार्यक्रम में विकसित भारत 2047 का संकल्प दिलाते हुए केंद्र सरकार की योजनाओं से अवगत करवाया । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने कहा कि भारत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंत्योदय उत्थान और गरीब कल्याण के लिए अपने 11 साल के कार्यकाल में अनेक योजनाएं बनाकर उन्हें लागू किया, जिनका देश की जनता को लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास का सपना साकार हो रहा है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के गरीब परिवारों को अन्न कल्याण योजना में 81 करोड़ को मुफ्त राशन मिल रहा है, प्रधानमंत्री आवास योजना में 4 करोड़ से अधिक मकान बनाए गए। किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 7 करोड़ से अधिक किसानों को 10 लाख की आर्थिक सहायता, पीएम किसान सम्मान निधि से किसानों को हर साल 6 हजार रुपएं की सहायता करते हुए अब तक 3.7 लाख करोड़ रुपएं वितरित किए गए। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल में नारी शक्ति को संसद व विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण, मातृत्व अवकाश 12 दिन सप्ताह से बढाकर 26 सप्ताह किया। तीन तलाश कानून में मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाया। कोविड लाकडाऊन में 20 करोड़ से अधिक महिलाओं को नकद सहायता दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 11 साल के कार्यकाल में स्टार्टअप इंडिया के तहत 1.6 लाख स्टार्टअप में 17.6 लाख रोजगार उत्पन किए। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि पीएम श्री योजना के तहत 14500 स्कूलों का आधुनिकरण किया गया ताकि युवा पीढी बेहतर शिविधायकक्षा ग्रहण कर रोजगार प्राप्त करे।

# युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा ने बालाजी मंदिर के भंडारे में लिया हिस्सा



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत,**
[ संजीव कौशिक] झ युवा कांग्रेस, सोनीपत के जिला उपाध्यक्ष प्रिंस राजीव सरोहा ने आज सिद्धार्थ कॉलोनी में स्थित श्री बालाजी मंदिर में आयोजित भव्य भंडारे में शिरकत की। श्री नीम करौली सेवा समिति सोनीपत द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सरोहा ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भक्तों के साथ मिलकर प्रसाद ग्रहण किया।
इस मौके पर प्रिंस राजीव सरोहा ने समस्त शहरवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।
उन्होंने भंडारे के विशेष सहयोगी सरस्वती ग्रुप वाले एडवोकेट नितिन जांगड़ा की सराहना करते हुए कहा की ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम करते हैं और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाते हैं। उनकी मौजूदगी से आयोजकों और स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा गया।

# खिलाड़ी के संघर्ष से प्रेरणा लेकर युवाओं का जीवन होता है रोशन : सुरेंद्र पवांर

**प्रेरणादायक**

**खिलाड़ी का जीवन स्वयं के लिए अनमोल होने के साथ-साथ समाज के लिए भी प्रेरणादायक होता है**




**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**। सोनीपत से पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि खिलाड़ी का जीवन स्वयं के लिए अनमोल होने के साथ-साथ समाज के लिए भी प्रेरणादायक होता है। एक खिलाड़ी के संघर्ष रूपी प्ररेणादायक सफर से समाज में अनेकों युवाओं का जीवन रोशन होता है। इसलिए खिलाड़ी को हमेशा अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर रहना चाहिए। दृढ संकल्प वाला खिलाड़ी जीवन की हर ऊंचाईयों को छू लेता है। पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार मुरथल रोड़ स्थित मामचंद वाटिका में हरियाणा टेबल टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित दूसरी हरियाणा राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस चैम्पियनशिप 2025 में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने के उपरांत खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे।
पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि हरियाणा टेबल टेनिस एसोसिएशन ने सोनीपत में चैम्पियनशिप का आयोजन करके बेहद ही सरहानीय कार्य किया है। इससे खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा को निखारने के लिए सुअवसर मिला है। यह चैम्पियनशिप खिलाड़ियों के जीवन को नई दिशा मे ले जाने का काम करेगी। पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने चैम्पियनशिप में विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल में हार-जीत होती रहती है, कभी भी खिलाड़ी को निराश नहीं होना चाहिए। निरंतर मेहनत करने वाला खिलाड़ी हमेशा सफलता को प्राप्त करता है। इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान एमपी सिंह, महासचिव, कॉमनवेल्थ टेबल टेनिस महासंघ, विकास सैनी, वीरेंद्र राणा, नलिन सोमानी, गणेश आहूजा, पवन, शंकर बत्रा, सुलेख गर्ग, प्रवीन कुमार, राजेश सहित बड़ी तादाद में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।
**फोटो**
सोनीपत से पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।

# श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह यज्ञ की शुरूआत में विशाल कलश यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**। श्याम सनातन ट्रस्ट आहुलाना द्वारा १५ जून से २३ जून तक
श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह यज्ञ की शुरूआत में रविवार को गांव में विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गांव में श्याम मंदिर से शुरू होकर गांव की मुख्य गलियों से होते हुए वापस श्याम मंदिर में जाकर समाप्त हुई । कलश यात्रा के दौरान महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था । भागवत कथा सुबह ११ बजे से दोपहर २ बजे तक होगी। जिसमें कथा वाचक देवी राधे प्रिया श्रीधाम वृंदावन करेगी। कथा के समापन पर २३ जून को पूर्ण आहूति व भण्डारा समस्त ग्रामवासी व आहुलाना धाम के सहयोग से किया जाएगा । भागवत कथा में श्री मोनी जी महाराज, अरविंद गिरि जी महाराज, संत गोपाल दास जुण्डला वाले भी अपना आशीर्वाद देंगे ।

# आदर्श नगरः मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए ने लगाया हाऊस टैक्स कैंप





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली के आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र के मजलिस पार्क इलाके के गली नम्बर-7 स्थित बारात घर में मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए के द्वारा हाउस टैक्स कैंप का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 200 लोगों ने हाउस टैक्स जमा करवाया। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष सुभाष दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली नगर निगम हाउस टैक्स की टीम इस मौके पर मौजूद रही और लोगों ने जहां हाउस टैक्स जमा किये वहीं उनको उचित सलाह भी दी गई। इस मौके पर आदर्श नगर वार्ड के निगम पार्षद मुकेश गोयल, नेहा अग्रवाल निगम पार्षद, एक्शन इंडिया समूह के मुख्य संपादक रवि भारद्वाज, आरडब्ल्यूए के प्रधान सुभाष दीक्षित, महासचिव आईएस बंसल, कोषाध्यक्ष नीरज कपूर, सुरेन्द्र चौधरी, संदीप तुली, अरविन्द शर्मा, प्रेम चंद गुप्ता, नरेश टंडन, सरदार चरणजीत, नवीन जैन मौजूद रहे।



अशोक विहार के अग्रसेन भवन में आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप के दौरान वजीरपुर विधानसभा सभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज और पूर्व जोन चेयरमैन सुरेश भारद्वाज। साथ में कई अन्य गणमान्य लोग।

## फर्नीचर मार्किट में शानदार मुशायरे का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः बाहरी** दिल्ली के मंगोलपुर खुर्द, फर्नीचर मार्किट साहित्य श्री सदन दिल्ली में अखिल भारतीय उर्दू हिन्दी एकता अंजुमन की ओर से एक खूबसूरत और शानदार मुशायरा का आयोजन किया गया। जिसमें देश के जाने-माने कवि और शायरों ने हिस्सा लिया। सदारत (अध्यक्षता) मशहूर शायर जनाब सीमाब सुल्तानपुरी साहब ने की। निजामत (संचालन) रामश्याम हसीन ने अपने शानदार और अनोखे अंदाज में किया। इस मुशायरे में लगभग 28 शायरों ने अपना कलाम पेश किया। जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। इस मौके पर शायरों में इब्राहीम अल्वी, गुलबहार गुल, फरीद कादिर, अशोक साहिल, सुनीता, राजीव तनेजा, वीरेंद्र कौशिक आदि रहे।

## नरेलाः गरीबों व असहायों की मदद करना पुण्य का कार्यः हेमराज बंसल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः नरेला** के प्रसिद्ध समाजसेवी और नरेला विकास संगठन के प्रधान हेमराज बंसल ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए और गरीब व जरूरतमंद लोगों की सहायता करनी चाहिए, जिससे की किसी भी गरीब व्यक्ति को परेशान न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि सेवा हमेशा ही निःस्वार्थ भाव से करनी चाहिए। सेवा के अन्दर स्वार्थ की भावना बिल्कुल भी नहीं होनी चाहिए। एक अन्य सवाल के जवाब में



समाजसेवी हेमराज बंसल ने कहा कि हम सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए और उन पौधों की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए, जिससे की अधिक से अधिक पेड़-पौधे लग सके।

उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण करना केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सब की भी जिम्मेवारी है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाये और उन पौधों की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करें, जिस प्रकार से हम अपने परिवार की रक्षा करते है।

उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधों से जहां एक ओर हमें फल, फूल और छाया मिलती है, वहीं इनसे हमें कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है। इसलिए मेरी सभी से अपील है कि सभी अधिक से अधिक पौधे लगाये और उनकी देख-रेख भी करें।

# बुराड़ी विधानसभा क्षेत्रः संत नगर मंडल में 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम का हुआ आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः मोदी सरकार** के कार्यकाल के 11 साल पूरे हो चुके है जिसके उपलक्ष्य में दिल्ली की लगभग सभी विधानसभाओं व मंडलों में 11 साल बेमिसाल कार्यक्रमों का आयोजन आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संत नगर मंडल में 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 41 फूटा रोड़ उत्तराखंड इंकलेव में किया गया। मोदी सरकार के इन 11 सालों के कार्यकाल को भाजपा ने विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन का काल बताया है।

**कई पदाधिकारी रहे मौजूदः** कार्यक्रम में संत नगर मंडल अध्यक्ष संगीता बिष्ट, सिविल लाइन जोन से मनोनित निगम पार्षद सागर त्यागी, पूर्व निगम पार्षद कस्तूबानंद बलोदी, निगम प्रत्याशी रेखा रावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह, राजन तिवारी, मंडल प्रतिनिधि मोतिलाल, अनिल नायक सहित भाजपा के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**भाजपा की योजनाओं से करोड़ों लोगों को मिला लाभः** कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए सागर त्यागी ने कहा कि मोदी सरकार के इन11 साल के शासन में भाजपा ने केवल देश की गरीबों और मध्यम वर्गीय लोगों को ध्यान में रखते हुए कार्य किए है। इसके साथ ही त्यागी ने कहा कि भाजपा ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी कई काम किया है।

**मोदी सरकार में सभी वर्गों का रखा गया है ध्यानः** संगीता बिष्ट ने कहा कि मोदी के इन 11 साल के कार्यकाल में 11 तो ऐसी बडी योजनाएं है जिसके तहत देश के गरीबों, व्यापारी वर्ग, कामकाजी महिलाएं, युवा वर्ग, सभी का विशेष ध्यान रखा गया है। जैसे कि हर घर जल योजना, जहां झुग्गी वहीं मकान, अन्न योजना, पीएम आवास योजना, पीएम आयुष्मान योजना ऐसी कई योजनाएं है जिससे देश के करोड़ों लोगों को सीधे तौर पर लाभ मिला है। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

## आंधी तूफान में बुराड़ी में जगह-जगह गिरे पेड़, जाम का करना पड़ा सामना

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली में** रविवार को हुई बारिश से कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली है। शहर के कई हिस्सों में आंधी और तेज हवाएं चलीं। वहीं कुछ इलाकों में हल्की बारिश भी हुई। इसी कड़ी में तेज बारिश और आंधी-तूफान के तांडव में बुराड़ी के कई इलाकों में जगह-जगह पेड़ टूटकर गिरने से इलाके में जाम जैसी परिस्थिति पैदा हुई। जहां एक ओर तो हवाओं और जगह-जगह हुई बरसात से बुराड़ी के लोगों को गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली तो वहीं 80-



100 किलोमीटर की रफ्तार से चली तेज हवाओं ने लोगों की आफत भी बढ़ा दी।

**कोई हताहत तो नहीं हुआ, लेकिन जाम से परेशान हुए लोगः** बुराडी क्षेत्र स्थित कौशिक इंकलेव में सालों पुराना बरगद का विशाल पेड़ धराशाही हो गया जिससे कोई हतातत नहीं हुआ है, लेकिन पेड़ गिरने से इलाके में जाम के हालात बने रहे, तो वहीं, बुराड़ी स्थित भाजपा कार्यलय के प्रांगण में भी विशाल सफेदे का पेड गिरा है, तो वहीं कौशिक इंकलेव के बी ब्लॉक गली नंबर 16 में नीम का पेड, कौशिक इंकलेव बी ब्लॉक पीपल का पेड, कोशिक इंकलेव बी ब्लॉक की गली नंबर-14 में भी बरगद का पेड गिरा, तो वहीं अमृत विहार पुलिया पर सफेदे का विशाल पेड गिरने से जाम लगा रहा, जिसके चलते आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी।

## बारिश में करंट लगने से दर्दनाक हादसा, दो की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम** जिले के आरके पुरम इलाके में रविवार सुबह बारिश के बाद एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। जिसमें दो लोगों की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, यह हादसा आज सुबह करीब 4:30 बजे आरके. पुरम सेक्टर-1 के विवेकानंद मार्ग स्थित फायर स्टेशन के पास हुआ। पुलिस को पीसीआर कॉल मिली कि एक पेड़ गिर गया है और दो लोगों को करंट लग गया है। सूचना मिलते ही थाना आरके. पुरम के एसएचओ रविन्द्र त्यागी स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर मौजूद कॉलर सुनील (45) ने पुलिस को बताया कि उसके दो कर्मचारी रविंद्र (30) और भरत (25) की मौत हो गई है। दोनों मधुबनी बिहार के रहने वाले थे। यह दोनों रोज की तरह ढाबे के बाहर रात को सो रहे थे। नजफगढ़ निवासी सुनील का विवेकानंद मार्ग पर एक एमसीडी के खोखे में ढाबा है। पुलिस के अनुसार रात की तेज बारिश और तूफान के कारण एक पेड़ ढाबे पर गिर गया। जिससे बिजली की तार टूट गई और ढाबे के पास करंट फैल गया। दोनों कर्मचारी और एक आवारा कुत्ता करंट की चपेट में आ गए और बेहोश हो गए। घटना की सूचना पर दमकल की टीम और बीएसईएस की टीम मौके पर पहुंची।

## गांवों को लाल डोरा से मुक्त करें, पीएम स्वामित्व योजना के तहत मालिकाना हक दें: थान सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली पंचायत** संघ ने प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत दिल्ली के सभी गांवों को लाल डोरा, विस्तारित लाल डोरा से मुक्त कर मालिकाना हक व अन्य मांगों का ज्ञापन देने को लेकर दिल्ली के सभी सांसदों व मुख्यमंत्री दिल्ली से मिलने के लिए समय मांगा है। पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव ने बताया कि इस संबंध में सभी सांसदों व मुख्यमंत्री दिल्ली को मांग पत्र भेजा गया है ताकि दिल्ली के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग जल्द पूरी हो सके। यादव ने कहा दिल्ली के गांवों ने राजधानी के विकास में सबसे बड़ा योगदान




दिया है। अपनी जमीनें देकर दिल्ली को बसाने वालों को ही आज तक अपने घर और जमीन पर मालिकाना हक नहीं मिला है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य हरियाणा के सभी गांव लाल डोरा से मुक्त होकर स्वामित्व योजना का लाभ ले चुके हैं और वहां के ग्रामीण अपने मकानों और जमीनों के वैध मालिक बन चुके हैं, लेकिन दिल्ली के गांव आज भी उपेक्षित हैं।

**गांवों को मिले मालिकाना हकः** थान सिंह ने कहा कि दिल्ली की सत्ता में दो दशकों से रही पार्टियों ने ग्रामीणों को हमेशा हाशिये पर रखा, उनकी समस्याओं की अनदेखी की और दिल्ली देहात व गांवों को मास्टर प्लान की नजर से बाहर रखा गया। दिल्ली पंचायत संघ मांग करता है कि सबसे पहले गांवों को मालिकाना हक दिया जाए। ताकि बिजली, पानी कनेक्शन जैसी अन्य समस्याओ से मुक्ति मिले।

# दिल्ली नगर निगम समस्त यूनियन कोर कमेटी का चुनाव सम्पन्न, नरेश पिव्हाल बने अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली के** आजादपुर स्थित एमसीडी कॉलोनी में ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के तत्वाधान में दिल्ली नगर निगम समस्त यूनियन कोर कमेटी का चुनाव सम्पन्न हुआ। इस बैठक में चुनाव प्रभारी व ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया व अन्य चुनाव समिति के सदस्य मौजूद रहे। जिनकी देख-रेख में चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। इस दौरान चुनाव समिति के सदस्यों में जय भगवान चारण, मुकेश वेद, राम कुमार बिडलान, रेखा टॉक, त्रिलोक चंद टॉक, समुन्द्र कंडेरा, कमल कांगड़ा मौजूद रहे। इस मौके पर जानकारी देते हुए चुनाव प्रभारी व ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने बताया कि इसमें


दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत भी मौजूद रहे। इसमें 32 संगठनों में से 21 संगठन मौजूद रहे और अपना वोट डालकर दिल्ली नगर निगम समस्त यूनियन कोर कमेटी का नया अध्यक्ष नरेश पिव्हाल को चुना। इसमें अध्यक्ष की घोषणा दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत ने की और विजयी नरेश पिव्हाल को बधाई दी। इसके अलावा सभी ने विजयी नरेश पिव्हाल का फूल और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व चेयरमैन संत लाल चावरिया, तेजपाल सूद, मोहन पहलवान, सुरेश चौहान, दीपक जिंगाला, दिनेश हितैषी, कप्तान ढिका, सूरज प्रकाश चावरिया, राधे खेर, जगदीश खैरवाल, अशोक राणा, रामराज, राजेश गाबा, संजीव जावा, कमल सारासर, राजबीर टॉक, मुकेश वेद, पवन टॉक, सुदेशपाल सूद, कृष्ण कुमार सारसर, दीपक बग्गा, आशीष सूद, ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के प्रदेश अध्यक्ष पवन महरौलिया, शिव कुमार टॉक, विकास कांगड़ा, अनिल, विक्रांत सिरवाल, पप्पू तंवर, रविन्द छजलाना, नरेन्द्र बागड़ी, किशोर कुमार, सिकन्दर डबगौर, वीर सिंह, राजू, मुकेश टॉक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने बताया कि यह कमेटी का चौथा चुनाव है, जो ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के तत्वाधान में सम्पन्न हुआ है। मैं नरेश पिव्हाल को बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि वह अध्यक्ष पद का कर्तव्य निष्ठा के साथ पालन करते हुए समाज को आगे लेकर जाने का कार्य करेगें। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

# इंग्लैंड सीरीज से पहले गिल बोले- मुझ पर गंभीर-अगरकर का दबाव नहीं




**नई दिल्ली :** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल का कहना है कि कप्तान के तौर पर उनके पहले दौरे को लेकर उन पर मुख्य कोच गौतम गंभीर या मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर का कोई दबाव नहीं है। गिल को रोहित शर्मा की जगह लाल गेंद प्रारूप का कप्तान नियुक्त किया गया था। रोहित ने इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट प्रारूप को अलविदा कह दिया था। गिल इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से भारतीय टीम की कप्तानी का जिम्मा संभालेंगे।

**गिल होने- कप्तानी संभालना बड़ी जिम्मेदारी**

दिनेश कार्तिक के साथ विशेष बातचीत में गिल ने कहा कि कप्तानी संभालना बड़ी जिम्मेदारी है और उन्हें गंभीर तथा अगरकर की ओर से पूरी आजादी दी गई है जिससे वह लीडर के तौर पर उभर सकें। भारतीय टेस्ट कप्तान

**जिम्मेदारी**

**शुभमन गिल को रोहित शर्मा की जगह लाल गेंद प्रारूप का कप्तान नियुक्त किया गया था**

ने कहा कि उन्हें खुद से उम्मीदें हैं, लेकिन मुख्य कोच या अगरकर की ओर से उन पर किसी तरह का कोई दबाव नहीं है। गिल ने कहा, उम्मीदों के बारे में मैंने गंभीर भाई और अजीत भाई से कई बार बात की है। वे बस यही चाहते हैं कि मैं एक लीडर के तौर पर खुद को अभिव्यक्त कर सकूं। यही उन्होंने मुझसे कहा है कि 'कोई उम्मीद नहीं है'। वे मुझसे ऐसा कुछ करने की उम्मीद नहीं कर रहे हैं जिसके लिए मैं सक्षम नहीं हूं। उस संदर्भ में, मुझे नहीं लगता कि उनसे कोई उम्मीद या दबाव है, लेकिन एक लीडर और एक खिलाड़ी के तौर पर आपको खुद से कुछ उम्मीदें जरूर होती हैं। इसलिए ये वो उम्मीदें हैं जो मुझे खुद से हैं, लेकिन इन दोनों का कोई दबाव नहीं है।

**टेस्ट कप्तान के तौर पर क्या है गिल का लक्ष्य?**

गिल ने कहा कि भारतीय टीम के साथ खिताब जीतने के अलावा वह एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करना चाहते हैं जहां खिलाड़ी काफी सुरक्षित और खुश महसूस करें। उन्होंने कहा, सभी ट्रॉफियों के अलावा, मैं आदर्श रूप से एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करना चाहूंगा जहां हर कोई बहुत सुरक्षित और खुश हो। मुझे पता है कि यह बहुत मुश्किल माहौल हो सकता है, खासकर सभी प्रतियोगिता या जितने मैच हम खेलते हैं और अलग-अलग टीमें आती हैं, लेकिन अगर मैं ऐसा करने में सक्षम हूं, तो यही मेरा लक्ष्य होगा।

## डिविलियर्स से नाराज हो गए थे विराट कोहली? किया खुलासा



**नई दिल्ली :** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने इस बात का खुलासा किया है कि विराट कोहली ने महीनों तक उनसे बात नहीं की थी। भारतीय बल्लेबाज डिविलियर्स के अनुष्का शर्मा की प्रेगनेंसी का खुलासा करने को लेकर नाराज थे। दरअसल, पिछले साल पूर्व भारतीय कप्तान की पत्नी अनुष्का शर्मा ने दूसरे बच्चे को जन्म दिया था। हालांकि, बच्चे के जन्म से पहले ही विराट के खास दोस्त डिविलियर्स ने इस बात का एलान कर दिया था कि कोहली दूसरी बार पिता बनने वाले हैं। क्रिकेट डॉट कॉम से बात करते हुए डिविलियर्स ने कहा- 'वह पिछले छह महीनों से मेरे संपर्क में है। भगवान का शुक्र है! क्योंकि कुछ समय पहले जब वे अपने दूसरे बच्चे की उम्मीद कर रहे थे, तब मैं उनके पास थोड़ा बहुत आता था। इसलिए जब उन्होंने मुझसे फिर से बात करना शुरू किया, तो मुझे बहुत राहत मिली।' दअरसल, विराट कोहली पिछले साल निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में नहीं खेले थे। उनके इस निर्णय की काफी आलोचना हुई थी। हालांकि, डिविलियर्स ने उनका बचाव करते हुए अपने यूट्यूब चैनल पर कहा था कि कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का अपने दूसरे बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं। उनका यह बयान आग की तरह फैल गया था।

**विराट के टेस्ट से संन्यास पर भी की बात**

इस दौरान डिविलियर्स ने विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के फैसले पर भी बात की। उन्होंने कहा- आपको अपने दिल की सुननी चाहिए। उन्होंने अपनी गट फीलिंग को फॉलो किया। मुझे लगता है कि उन्होंने क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया। सौभाग्य की बात है कि हम अभी उन्हें क्रिकेट फील्ड पर देखेंगे।

**आईपीएल की खिताबी जीत के बाद साथ दिखे थे दोनों**

हाल ही में विराट कोहली और एबी डिविलियर्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की खिताबी जीत के बाद साथ देखा गया था।

## मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका टीम की स्लेजिंग कर रहे थे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी

**लंदन :** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा का कहना है कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के कुछ खिलाड़ियों को 'चोक' शब्द का इस्तेमाल करते हुए सुना था। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के चौथे दिन दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर पहली बार ये खिताब अपने नाम किया था। क्रिकेट प्रशंसक लंबे वक्त से दक्षिण अफ्रीका को 'चोकर्स' कहकर चिढ़ाते थे क्योंकि ये टीम बड़े टूनार्मेंट में नॉकआउट मैच में चूक जाती थी।

**चोकर्स का दाग हटाया**

दक्षिण अफ्रीका ने 27 साल बाद कोई आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम की और चोकर्स के दाग को मिटा दिया। इस खिताबी जीत के बाद बावुमा ने बड़ा खुलासा किया है



और उनका कहना है कि चौथे दिन जब दक्षिण अफ्रीका को 69 रन चाहिए और उसके आठ विकेट शेष थे, तब भी मैच के दौरान एक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने कहा कि टीम के पास अभी भी दक्षिण अफ्रीका को ऑलआउट करने का मौका है। बावुमा ने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल से बात करते हुए कहा, जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे, तो हमने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को उस खतरनाक शब्द, 'चोक' का इस्तेमाल करते हुए सुना। सुबह ही हम पर चोकर्स का ठप्पा लग गया। ऑस्ट्रेलिया के एक खिलाड़ी ने कहा कि हम (दक्षिण अफ्रीका) अभी भी आउट हो सकते हैं। मैंने निश्चित रूप से यह सुना है।

## स्टीव स्मिथ ने उंगली में लगी चोट से कुछ हफ्तों में उबरने की

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को उम्मीद है कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के दौरान उंगली में लगी चोट से कुछ हफ्तों में उबर जाएंगे। स्मिथ को फाइनल मैच के तीसरे दिन फिल्डिंग के दौरान कैच पकड़ते समय यह चोट लगी थी। आईसीसी ने स्मिथ के हवाले से लिखा कि मैं अब आठ सप्ताह तक स्प्लिंट में रहूंगा और शायद कुछ सप्ताह में खेल सकूंगा। उन्होंने कहा कि यह मेरी कार्यक्षमता और मेरी क्षमता पर निर्भर करेगा।

## गिल को इंग्लैंड में क्या करने होंगे सुधार? गांगुली ने बताया, किस तरह शुभमन को रहना होगा सतर्क



**नई दिल्ली :** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने बताया है कि शुभमन गिल को इंग्लैंड दौरे के दौरान अपनी बल्लेबाजी में किस तरह सुधार करना होगा। गिल को रोहित शर्मा की जगह कप्तानी सौंपी गई है। गिल इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे। गांगुली ने कहा कि गिल को अपने टेस्ट बल्लेबाजी पर काम करना होगा क्योंकि वह शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैं। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि इंग्लैंड में परिस्थितियां ऐसी नहीं होती कि आप सिर्फ लाइन के पार जाकर बल्लेबाजी करें। गांगुली को लगता है कि गिल को तब बल्लेबाजी के लिए आना पड़ सकता है जब उनकी टीम मुश्किल में हो और फिर उन्हें अलग तरीके से खेलना पड़ सकता है। गांगुली ने कहा, गिल को ढेर सारी शुभकामनाएं। मुझे यकीन है कि वह अपनी टेस्ट मैच की बल्लेबाजी पर काम कर सकते हैं। वह शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैं। ये ऐसी परिस्थितियां नहीं हैं जहां आप सिर्फ लाइन के पार हिट करें। गेंद सीम करेगी, स्विंग करेगी, नई गेंद अलग होगी। ऐसा समय भी आ सकता है जब भारत 10 रन पर दो विकेट खो चुका हो और गिल को आकर नई गेंद खेलनी पड़े, तो उसका काम अलग होगा।

**गांगुली ने डिफेंस सही करने पर दिया जोर**

गांगुली का मानना है कि अगर गिल को इंग्लैंड में सफलता हासिल करनी है तो उन्हें अपना डिफेंस सही करना होगा और ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों को छोड़ना सीखना होगा। गांगुली ने कहा, शुभमन को इन परिस्थितियों में कुछ और रन बनाने की जरूरत है, जब गेंद सीम और स्विंग कर रही हो। नई गेंद के साथ आगे खेलना थोड़ा मुश्किल होगा। 100 रन पर दो विकेट और 20 रन पर चार विकेट खोकर बल्लेबाजी करना दो अलग-अलग चीजें हैं, इसलिए उन्हें डिफेंस को सही रखना होगा।

# सरफराज ने इंट्रा स्क्वाड मैच में जड़ा शतक, दूसरे दिन बुमराह को नहीं मिल सका विकेट

**कैंट :** भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान ने इंट्रा स्क्वाड मैच के दूसरे दिन सीनियर भारतीय टीम के खिलाफ भारत ए के लिए खेलते हुए शतक लगाया। सरफराज ने 76 गेंदों पर 101 रन बनाए, जबकि स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सात ओवर तक गेंदबाजी की, लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिल सका। ये इंट्रा स्क्वाड मैच कैंट में खेला जा रहा है जो इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की तैयारियों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इस मैच को दर्शकों की अनुपस्थिति में खेला जा रहा है और इसका लाइव प्रसारण भी नहीं हो रहा है।

**सरफराज हुए रिटायर आउट**

सीनियर भारतीय टीम ने 459 रन बनाए थे, जवाब में भारत ए ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक छह विकेट पर 299 रन बनाए। ईशान किशन 45 और शार्दुल ठाकुर 19 रन बनाकर खेल रहे थे। हालांकि, सरफराज ने अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया और अपनी पारी में 15 चौके और दो छक्के लगाए। वह बाद में दूसरे बल्लेबाजों को मौका देने के लिए रिटायर आउट हो गए।

**गायकवाड़ शून्य पर आउट, ईश्वरन-सुदर्शन ने संभाला**

इंग्लिश परिस्थितियों में सरफराज का शतक काफी महत्वपूर्ण है। इससे पहले उन्होंने इंग्लैंड लायंस




के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट मैच में 92 रनों की पारी खेली थी। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच 20 जून से शुरू होगा। इससे पहले, भारत ए ने ऋतुराज गायकवाड़ का विकेट जल्द गंवाया जिन्हें मोहम्मद सिराज ने ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। गायकवाड़ दो गेंद खेल खाता खोले बिना आउट हुए। इसके बाद

**सेंचुरी**

**सरफराज ने इंट्रा स्क्वाड मैच के दूसरे दिन सीनियर भारतीय टीम के खिलाफ भारत ए के लिए खेलते हुए शतक लगाया**


अभिमन्यु ईश्वरन (39) और साई सुदर्शन (38) ने टीम को संभाला।

**सिराज-प्रसिद्ध की शानदार गेंदबाजी**

भारतीय गेंदबाजों में सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने अच्छी गेंदबाजी की। सिराज ने 86 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि प्रसिद्ध को 41 रन देकर दो विकेट मिले। वहीं, नीतीश कुमार रेड्डी को एक विकेट मिला। हालांकि, भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह प्रभाव छोड़ने में असफल रहे। उन्होंने सात ओवर के अपने स्पैल में 36 रन दिए, लेकिन खाली हाथ रहे। दूसरी तरफ, एक अन्य तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने भी 12 ओवर तक गेंदबाजी की और 52 रन देकर खाली हाथ लौटे। मैच के पहले दिन कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल ने बल्ले से दम दिखाया था और दोनों बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाए थे। राहुल ने इससे पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच में शतक लगाया था।

## भारतीय मुक्केबाज निशांत देव का पेशेवर सर्किट में शानदार अभियान जारी

**नई दिल्ली :** भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने पेशेवर सर्किट पर शानदार अभियान जारी रखा है। निशांत ने न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित मैडिसन स्क्वायर गार्डन थिएटर में सुपर वेल्टरवेट वर्ग में मैक्सिको के जोस्यू सिल्वा पर सर्वसम्मत फैसले में हराया। 24 वर्षीय निशांत देव ने छह दौर की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें तीनों जज ने उनके पक्ष में 60-54 अंक दिए। भारतीय मुक्केबाज का यह दूसरा पेशेवर मुकाबला था जिसमें उन्होंने दबदबे वाली जीत दर्ज की। यह मुकाबला रिचर्डसन हिचिन्स और जॉर्ज कंबोसोस जूनियर के




बीच हुए हाई प्रोफाइल मुकाबले के अंडरकार्ड (मुख्य मुकाबले के साथ होने वाला मुकाबला) के रूप में खेल गया। निशांत नॉकआउट करने में असमर्थ रहे लेकिन उन्होंने मुक्कों के अपने बेहतरीन चयन से प्रभावित किया। जीत के बाद निशांत ने कहा, मैं सिर्फ नॉकआउट के लिए नहीं जाता अपने कौशल को बेहतर बनाने की कोशिश करता हूं। मैंने सीखा है कि मुझे रिंग में अच्छा प्रदर्शन करना है।

## 100 मीटर रिले स्पर्धा एशिया खेलों के लिए अहम खेलों में शामिल

**नई दिल्ली :** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए जापान में 2026 एशियाई खेलों के लिए पुरुषों और महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले को प्राथमिकता वाली स्पधाओं में शामिल किया है। एएफआई के शीर्ष अधिकारियों को 19 सितंबर से चार अक्तूबर 2026 तक ऐची-नागोया में आयोजित होने वाले एशियाई खेलों में इन दोनों स्पधाओं में पदक की उम्मीद है। भारत ने 2018 और 2022 एशियाई खेलों में चार गुणा 100 मीटर के रिले स्पर्धा के लिए टीमों नहीं भेजी थी। एएफआई के पूर्व अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने कहा, एएफआई ने 2026 एशियाई खेलों के लिए पुरुष और महिला चार गुणा 100 मीटर रिले टीमों को प्राथमिकता वाली स्पर्धा में शामिल किया है। रिले टीमों द्वारा लगातार शानदार प्रदर्शन भविष्य के लिए शुभ संकेत है। इस वर्ष अप्रैल में गुरिंदरवीर सिंह, अनिमेष कुजूर, मणिकांत होबलीधर और अमलान बोरगोहेन की चार गुणा 100 मीटर रिले टीम ने 38.69 सेकेंड का समय लेकर 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में बनाए गए 38.89 सेकेंड के एक दशक पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया था।

## तैराकी में एक सिल्वर सहित सात पदक जीत कर बेटियों ने दिखाया दम

**पदक**

**प्रतियोगिता में शनिवार को तीन गोल्ड सहित आठ पदक पाकर विंध्याचल प्रथम स्थान पर रहा**

**वाराणसी।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला तैराकी प्रतियोगिता में शनिवार को तीन गोल्ड सहित आठ पदक पाकर विंध्याचल प्रथम स्थान पर रहा। पांच गोल्ड व दो सिल्वर लाकर लखनऊ को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। जबकि गोरखपुर मंडल को भी दो सिल्वर सहित कुल पांच पदक प्राप्त हुए हैं। 400 मीटर फ्री स्टाइल में वाराणसी की गायत्री ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर फ्री स्टाइल में वाराणसी की इजया सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में वाराणसी की श्वेता साहनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में श्वेता साहनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर बैक स्ट्रोक में वाराणसी की सौम्या चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर बटर फ्लाई में वाराणसी की गायत्री ने दूसरा स्थान हासिल किया। 400 मिडले रिले फाइनल में वाराणसी की श्वेता, गायत्री व इजया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**टेबल टेनिस में तीन खिलाड़ियों को छह पदक**

प्रादेशिक महिला टेबिल टेनिस सिद्धार्थ नगर में खेली गई। इसमें



वाराणसी मंडल की तीन खिलाड़ियों ने एकल और युगल मुकाबले में चार स्वर्ण, दो रजत कुल छह पदक जीता। टीम मैनेजर गौरव प्रभाकर ने बताया कि प्रतियोगिता के टीम इवेंट में सौम्या सिंह, श्वेता सिंह और वैशाली गौतम ने स्वर्ण पदक जबकि युगल मुकाबले में श्वेता और सौम्या की जोड़ी ने रजत जीता। एकल मुकाबले में सौम्या ने स्वर्ण और श्वेता ने रजत पदक जीता। वैशाली गौतम क्वार्टर में हारकर बाहर हो गई। वाराणसी टेबल टेनिस एसोसिएशन की सचिव सरिता गोकर्ण, सौम्या सिंह, अनुराग पांडेय, सौरभ सिंह ने बधाई दी है।

**सिगरा में 16,17 को तैराकी का ट्रायल**

39वीं सब जूनियर और 54वीं जूनियर बालक-बालिका प्रादेशिक तैराकी प्रतियोगिता लखनऊ में होगी। खिलाड़ियों का चयन ट्रायल सिगरा के डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा।

**बनारस डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल स्वीमिंग** एसोसिएशन के सचिव शंभु प्रसाद ने बताया कि जिलास्तरीय चयन ट्रायल 16 जून और मंडलीय का 17 जून को सुबह सात बजे से कनाई चंद्र की देखरेख में होगा।

**प्रादेशिक कुश्ती के सेमीफाइनल में पहुंचे तीन खिलाड़ी**

प्रादेशिक कुश्ती गोंडा के नंदनी नगर में शनिवार देर शाम शुरू हुई। पहले दिन तीन खिलाड़ियों ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। बालिका वर्ग में कोमल और अंदरी पटेल जबकि बालक वर्ग में पीयूष यादव ने सफलता हासिल की। प्रादेशिक कुश्ती में वाराणसी मंडल के 26 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। गोरखनाथ यादव ने बताया कि फ्री स्टाइल बालक वर्ग में 10 खिलाड़ी, ग्रीको रोमन में 8 जबकि बालिका फ्री स्टाइल में 8 खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं।

# टेस्ट टीम के शीर्ष क्रम में बदलाव करेगा ऑस्ट्रेलियाः कमिंस

**लंदन :** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने संकेत दिए हैं कि टेस्ट टीम के बल्लेबाजी शीर्ष क्रम में बदलाव किए जा सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया को शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के खिताबी मुकाबले में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। यह ऑस्ट्रेलिया की पिछले 15 वर्षों में आईसीसी टूनार्मेंट के फाइनल में पहली हार है।

**खिताब का बचाव नहीं कर सकी ऑस्ट्रेलिया**

इस हार के बाद कमिंस ने इस बात के संकेत दिए हैं कि नए डब्ल्यूटीसी चक्र में शीर्ष क्रम में बदलाव किए जा सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को लंदन के




लॉर्ड्स मैदान पर खेले गए फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर पहली बार डब्ल्यूटीसी का खिताब अपने नाम किया। इस तरह दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी ट्रॉफी जीतने का अपना 27 साल का सूखा समाप्त कर लिया। टीम ने आखिरी बार 1998 में नॉकआउट ट्रॉफी (अब चैंपियंस) का खिताब अपने नाम किया था। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 282 रनों का लक्ष्य दिया था, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने पांच विकेट पर 285 रन बनाकर जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका का टेस्ट में यह तीसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज है।

**प्रबल दावेदार के तौर पर उतरी थी टीम**

ऑस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी फाइनल में प्रबल दावेदार के रूप में उतरी थी। आईसीसी टूनार्मेंट में कंगारू टीम का रिकॉर्ड शानदार रहा है और उसने छह वनडे विश्व कप, दो चैंपियंस ट्रॉफी और एक-एक टी20 विश्व कप तथा डब्ल्यूटीसी सहित कुल 10 खिताब जीते हैं। हालांकि, तेम्बा बावुमा की अगुआई वाली दक्षिण अफ्रीका टीम ने लॉर्ड्स पर यादगार जीत दर्ज की। कमिंस ने माना कि टीम अपनी अगली सीरीज से पहले टेस्ट टीम के प्लेइंग-11 के मेकअप के बारे में थोड़ा सोचेगी। उन्होंने कहा, यह एक नई शुरूआत की तरह लगता है। एक नए डब्ल्यूटीसी चक्र के साथ, टीम पुनर्मूल्यांकन और रीसेट करने के अवसर का उपयोग कर सकती है। पहले दिन टॉस हारना और बल्लेबाजी के लिए न्योता दिया जाना शीर्ष क्रम के लिए कभी भी आसान नहीं होता। लेकिन हां, मुझे लगता है कि लाइन-अप में शायद कुछ लोग ऐसे होंगे जो चाहते होंगे कि वे थोड़ा और बेहतर कर सकते थे। कमिंस ने कहा, 'ये थोड़ा नई शुरूआत की तरह होगा। क्या हमें लगता है कि अब बदलाव का सही समय है या आप उस टीम के साथ हैं जिसने हमें फाइनल तक पहुंचाया? मुझे लगता है कि विंडीज के साथ पहले टेस्ट से पहले हमारे पास कुछ हफ्ते हैं, इसलिए मुझे लगता है कि हम इस मैच के बाद बैठकर थोड़ा सोचेंगे।'

**फास्ट न्यूज**

## राप्ती नदी में नाव पलटने से 14 लोग डूबे, एक की मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जनपद देवरिया में रविवार दोपहर को नदी में नाव पलटने से 14 लोग डूब गये। 13 लोगों ने किसी तरह अपनी जान बचा ली, जबकि एक बुजुर्ग की पानी में डूबकर मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दिया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि गोरखपुर जिले के नेतवार पट्टी निवासी पवारु,अर्जुन यादव, सत्यदेव यादव प्रधान,जगन्नाथ यादव, शेष नाथ यादव, रविन्द्र यादव,राजेंद्र यादव, जय प्रकाश यादव, नवनाथ यादव, मुकेश यादव, मदन गोपाल, हर देव यादव, धर्मेन्द्र यादव और महात्म यादव जमीन पैमाइश के लिए देवरिया के मदनपुर घनया गांव जा रहे थे। सभी नाव में थे, तभी अचानक नाव पलट गई और उसमें सवार लोग डूबने लगे। 13 लोग तो अपनी जान बचाकर नदी से बाहर आ गए। वहीं,बुजुर्ग पवारु की पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानेदार ने बताया कि नाव में पानी भरने के कारण ये हादसा हुआ है। जिसमें एक की मौत हुई है और 13 लोग सकुशल बच गए।

## एसटीएफ ने 85 लाख के गांजा के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार

**प्रयागराज।** एसटीएफ की प्रयागराज फील्ड इकाई की टीम ने रविवार को दो गांजा तस्करों को झांसी जनपद के मोठ थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। टीम ने तस्करों के कब्जे से लगभग 85 लाख का गांजा और एक डीसीएम एवं एक मोबाइल फोन,बरामद किया है। यह जानकारी एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्करों में बिहार के दरभंगा जिले के कुसेसर थाना क्षेत्र के पचरा खुर्द निवासी जय प्रकाश पासवान पुत्र स्वर्गीय रामसागर और उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के धामपुर थाना क्षेत्र के फूलबाग कॉलोनी निवासी राहुल कुमार पुत्र राकेश कुमार है। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसटीएफ प्रयागराज फील्ड इकाई के पर्यवेक्षक व प्रभारी जय प्रकाश राय के नेतृत्व में पूरी टीम को सक्रिय किया गया था। सूचनाएँ मिल रही थी कि एक गिरोह बीते काई वर्ष से गांजा की तस्करी कर रहा है। अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर रविवार को झांसी जनपद के मोठ थाना क्षेत्र से दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। टीम ने तस्करों के कब्जे से 2.31 कुन्तल गांजा एक डीसीएम से बरामद

# परिवर्तनकारी युग लेकर आया योगी का शासनकाल

### 60,244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह

**व्यवस्था**

**अगले पांच साल में बन जाएगी ऐसी व्यवस्था, मात्र तीन साल में एफआईआर से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक से मिल सकेगा न्याय: शाह**





**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में रविवार को लखनऊ के वृंदावन योजना, सेक्टर 18 स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में आयोजित एक भव्य समारोह में 60,244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरित किये गये। इस ऐतिहासिक आयोजन में अपने संबोधन में अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पारदर्शी और समावेशी भर्ती प्रक्रिया के लिए जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस ने न केवल भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और योग्यता आधारित बनाया, बल्कि हर जाति, जिले और तहसील के युवाओं को अवसर प्रदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। शाह ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि इन नियुक्तियों में न खर्च, न पर्ची, न सिफारिश और न ही जाति के आधार पर कोई भेदभाव हुआ, बल्कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और योग्यता के आधार पर संपन्न हुई।

**यूपी पुलिस देश का सबसे बड़ा पुलिसबल**: अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस देश का सबसे बड़ा पुलिसबल है और आज 60,244 युवा इसके अभिन्न अंग बन रहे हैं। उन्होंने इस दिन को नवनियुक्त कार्मिकों के जीवन का सबसे शुभ दिन करार देते हुए कहा कि यह गौरव का क्षण है। शाह ने बताया कि इनमें 12 हजार से अधिक बेटियां भी शामिल हैं, जिनके चेहरों पर खुशी देखकर उन्हें अपार सुकून मिला।

### गृहमंत्री ने वितरित किया नियुक्ति पत्र

*सत्यम नायक, प्रेम सागर, शालिनी शाक्य, उपेन्द्र कुमार यादव, शिल्पा सिंह, दीनू बाबू, योगेन्द्र सिंह, शिवांश दीक्षित, मनीष त्रिपाठी, रोशन जहां, आजाद कुशवाहा, मिथिलेश भट्ट, सोनी रावत, नेहा गोंड, सचिन सैनी को गृहमंत्री अमित शाह ने नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, डीजीपी, पुलिस अधिकारीगण सहित सभी 75 जनपदों के 826 विकासखंडों और 762 नगर निकायों से संबंधित यूपी पुलिस का हिस्सा बन रहे।*

## नक्सलवाद और आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस

**शाह** ने नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ सरकार की सख्त नीति की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि 11 राज्यों में फैला नक्सलवाद अब केवल तीन जिलों तक सीमित रह गया है, और 31 मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा। आतंकवाद के खिलाफ भी मोदी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। शाह ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा तीन बार आतंकी हमलों का प्रयास किया गया, लेकिन भारत ने हर बार मुंहतोड़ जवाब दिया और आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना ने आतंकियों के मुख्यालयों को चूर-चूर कर दिया।

**अमृत काल में यूपी पुलिस की भूमिका की चर्चा**: अमित शाह ने नवनियुक्त कार्मिकों से कहा कि वे अमृत काल में यूपी पुलिस का हिस्सा बन रहे हैं और 2047 तक जब भारत विश्व में सर्वप्रथम स्थान पर होगा, तब यूपी का योगदान सबसे बड़ा होगा। उन्होंने युवाओं से सुरक्षा, सेवा और संवेदनशीलता के मंत्र के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। शाह ने कहा कि यूपी पुलिस का डर गुंडों और माफियाओं पर सख्त होना चाहिए, लेकिन गरीब, पिछड़े, और आदिवासी समुदायों के लिए पुलिस को मसीहा के रूप में दिखना चाहिए। शाह ने अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा, काशी में विश्वनाथ धाम के पुनरुद्धार, ट्रिपल तलाक की समाप्ति और नए वक्फ कानून जैसे सांस्कृतिक और सामाजिक सुधारों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचकर इतिहास रचा और उस स्थान को शिव शक्ति नाम दिया गया।

**यूपी पुलिस के लिए गृहमंत्री का संदेश**: अंत में, अमित शाह ने यूपी पुलिस के नवनियुक्त कार्मिकों से पूरे मन से सेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि करीब चार लाख सदस्यों वाले इस पुलिसबल का हिस्सा बनना गर्व की बात है।

### पारदर्शी भर्ती और तकनीक के योगदान की सराहना

*केंद्रीय गृह मंत्री ने भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि तकनीक के उपयोग, जैसे कि कैमरे, कंट्रोल रूम, कमांड सेंटर, पीसीआर वैन और 150 से अधिक ऑन-व्हील फॉरेंसिक साइंस लैब वैन ने इस प्रक्रिया को और निष्पक्ष बनाया है। शाह ने दावा किया कि 60,244 युवाओं में से किसी को भी एक पाई की रिश्वत नहीं देनी पड़ी, जो किसी भी शासन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह भर्ती प्रक्रिया न केवल पारदर्शी थी, बल्कि इसमें हर वर्ग और क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया। शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पुलिसबल के आधुनिकीकरण की दिशा में किए गए प्रयासों की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य संहिता जैसे नए कानूनों के लागू होने से अगले पांच वर्षों में देश में ऐसी व्यवस्था बनेगी, जिसमें किसी भी एफआईआर से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक का न्याय तीन साल के भीतर मिल सकेगा। इसके अलावा, सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स), आईसीजेएस (इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम) और फॉरेंसिक साइंस जैसी तकनीकों ने पुलिस व्यवस्था को और मजबूत किया है।*

## मोदी सरकार के 11 साल विकास, विश्वास के रहे हैं : पंडित मोहन लाल

### कार्यकाल आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का स्वर्णिम काल: बड़ौली



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** मोदी सरकार के 11 वर्ष संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम के तहत रविवार को सोनीपत की राई और गन्नौर विधानसभा में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पिछले 11 साल विकास, विश्वास और सकारात्मक बदलाव को समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी ने यह संकल्प लिया है कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं घर-घर तक पहुंचें और हर पात्र लाभार्थी तक इनका लाभ सुनिश्चित हो। इस अवसर पर विधायक कृष्णा गहलावत, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज एवं अन्य पदाधिकारीगण और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार यह कार्यकाल ब्विकसित भारतह और ह्नआत्मनिर्भर भारतह के ह्नसंकल्प की सिद्धिह का स्वर्णिम काल बन रहा है। मोदी सरकार का यह कालखंड भारत के भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखने का कार्यकाल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत की सोच में जहां तकनीक है वहीं तरक्की। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत को विकसित बनाने का अमृतकाल की शुरूआत की गई। श्री बड़ौली ने कहा कि 11 साल विकास, विश्वास और बदलाव के रहे हैं, आज देश का हर नागरिक बदलते भारत को देख रहा है और अनुभव कर रहा है। गरीब लोगों का निशुल्क इलाज हो रहा है। हर घर नल से जल पहुंच रहा है।

## शराब के नशे में बदमाशों ने कारों के कांच फोड़े

**टीम एक्शन इंडिया**

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर जिले के आसपुर थाना क्षेत्र के कतिसौर गांव में शनिवार देर रात कुछ बदमाशों ने शराब के नशे में जमकर उत्पात मचाया। हनुमान चौक पर खड़ी तीन कारों के कांच फोड़ने के बाद उन्होंने विरोध करने पर एक बुजुर्ग दंपति पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़ित बुजुर्ग को गंभीर हालत में डूंगरपुर के सामान्य चिकित्सालय के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात करीब 10 बजे एक कार में सवार चार से पांच युवक कतिसौर के हनुमान चौक पहुंचे। बताया जा रहा है कि इनमें एक शिक्षक का बेटा भी शामिल था। बदमाशों ने लाठियों से हमला कर वहां खड़ी देवीलाल जैन, ईश्वरलाल पंचाल और प्रवीण भाटिया की कारों के शीशे तोड़ दिए।




## उत्साह और उमंग के साथ राजस्थान मनाएगा योग दिवस- मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग को अन्तराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान और सम्मान दिलाया है। प्रत्येक नागरिक योग को अपनाकर स्वस्थ राजस्थान के निर्माण में योगदान दें। शर्मा ने कहा कि अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) पर प्रदेश के सवा करोड़ लोगों द्वारा योग करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि विकास भी और विरासत भी के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए इस बार योग दिवस के आयोजन को प्रदेश की संस्कृति एवं धरोहर से जोड़े। प्रत्येक संभाग व जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर योगाभ्यास का आयोजन सुनिश्चित किया जाए।

## रेलवे पुलिया के गड्ढे में डूबने से दो मासूमों की मौत

**अजमेर।** अजमेर के दोराई क्षेत्र में रविवार को एक हादसे में दो मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। गर्मियों की छुट्टियों में ननिहाल आए दोनों मौसेरे भाई रेलवे स्टेशन के पास बने गहरे गड्ढे में नहाने गए थे, जहां पानी की गहराई का अंदाजा न होने से वे उसमें डूब गए। रामगंज थाना पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान भगवानगंज निवासी प्रिंस (13) पुत्र प्रकाश और घूघरा निवासी रुद्र (8) पुत्र हंसराज के रूप में हुई है।

**निरीक्षण** *साथ ही यहां तैयार किये जा रहे विभिन्न किस्म के शर्ट्स के निर्माण कार्यों को देखा*

## मुख्यमंत्री ने विभिन्न औद्योगिक इकाईयों का किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज बिहटा के सिकंदरपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित विभिन्न औद्योगिक इकाईयों का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सबसे पहले आरके शर्ट्स यूनिट के निर्माण केन्द्र का निरीक्षण किया। साथ ही यहां तैयार किये जा रहे विभिन्न किस्म के शर्ट्स के निर्माण कार्यों को देखा और कार्यरत महिलाओं से बातचीत कर पूरी व्यवस्था की जानकारी ली। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने डीवी रंजन बैग कलस्टर द्वारा तैयार की जा रही बैग की निर्माण इकाई को देखा। इस दौरान वहां कार्यरत लोगों ने मुख्यमंत्री को बैग के निर्माण की पूरी प्रक्रिया तथा निर्मित बैग को दिखाया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड इरेडिएशन सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान पैकेज हाउस, कोल्ड स्टोरेज का जायजा लिया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि इस इंडस्ट्रीयल एरिया में कई औद्योगिक इकाइयां उत्पादों का निर्माण कर रही हैं। राज्य के युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा उनमें उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री उद्यमी योजना की शुरूआत की गई है जिसके तहत यहां सभी वर्गों के लोग उद्यम की ओर आकर्षित हो रहे हैं और अपना रोजगार शुरू कर रहे हैं। राज्य में उद्योग के लिए अनुकूल माहौल है और राज्य सरकार उद्यमियों को हर प्रकार की सुविधा मुहैया करा रही है हम युवाओं को रोजगार के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।